CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 23° C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 21 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 219 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 26 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


देश को पुलिस स्टेट बनाने की साजिश :ओवैसी पेज 2


वनडे बैटर्स रैंकिंग से रोहित-कोहली गायब खेल टाइम्स


जननायक राहुल गांधी का एक और दांव सम्पादकीय


हमारे कच्चे तेल का कोई विकल्प नहीं: रूस पेज 12

# अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण, रेंज 5000 किमी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत ने अपनी पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण कर लिया है। ओडिशा के चांदीपुर में इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में बुधवार को इसकी टेस्टिंग हुई।

यह मल्टिपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) टेक्नोलॉजी से लैस है। यानी इसे एक साथ कई टारगेट्स पर लॉन्च किया जा सकता है। इसका पहला परीक्षण अप्रैल 2012 में हुआ था। अग्नि-5 की रेंज 5000 किमी है। ऐसे में यह मिसाइल पाकिस्तान, चीन, तुर्की जैसे कई देशों तक मार करने की क्षमता रखती है। मिसाइल 7500 किलोग्राम के बंकर बस्टर वारहेड ले जाने और जमीन में 100 मीटर की गहराई तक जाकर दुश्मनों के न्यूक्लियर सिस्टम, रडार सिस्टम, कंट्रोल सेंटर, हथियार स्टोरेज को तबाह कर सकेगी। डिफेंस मिनिस्ट्री ने बुधवार को अग्नि-5 के सफल परीक्षण की जानकारी दी। अग्नि-5 भारत की पहली और एकमात्र इंटर कान्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है। ये भारत के पास मौजूद लंबी दूरी की मिसाइलों में से एक है।



**चीन और पाकिस्तान तक मार करने की क्षमता, भारत की पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल**

## भारतीय वायुसेना को मिलेंगे 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के लिए 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट खरीदने के लिए 62 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि एक हाई लेवल मीटिंग में फाइटर जेट की खरीद को अंतिम मंजूरी दे दी गई।

# दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता पर हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह सीएम आवास में जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ।

दिल्ली सीएम ऑफिस ने बयान में कहा कि बुधवार को जनसुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री पर हमला किया। उसे दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ की जा रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आरोपी ने सीएम का हाथ पकड़कर खींचा। वे मेज के कोने से टकराईं। सिर पर चोट आई है। मीडिया में चल रही थप्पड़ वाली बात गलत है। दिल्ली पुलिस ने आरोपी पर अटेम्प्ट टू मर्डर (हत्या की कोशिश) का केस दर्ज किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी को बुधवार को ही कोर्ट में पेश भी किया गया। आरोपी का नाम राजेशभाई खीमजीभाई सकरिया (41) है। वह गुजरात के राजकोट का रहने वाला है।



## NCERT ने ऑपरेशन सिंदूर पर स्पेशल मॉड्यूल किया जारी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर एनसीईआरटी (नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग) ने दो स्पेशल मॉड्यूल जारी किए हैं। इन्हें क्लास 3 से 12 तक के छात्रों के लिए सप्लीमेंट्री मटेरियल के तौर पर शामिल किया गया है। मॉड्यूल में बताया गया है कि पाकिस्तान भले ही पहलगाम आतंकी हमले में किसी भी तरह से शामिल होने से इन्कार करता है, लेकिन यह हमला पाकिस्तान की सैन्य और राजनीतिक लीडरशिप के सीधे आदेश पर हुआ था। ये मॉड्यूल स्कूली बच्चों के बीच भारत की सैन्य शक्ति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के मकसद से बनाए गए हैं। क्लास 3 से 8 के लिए मॉड्यूल का टाइटल ऑपरेशन सिंदूर-वीरता की गाथा और 9 से 12 तक के लिए मॉड्यूल का टाइटल ऑपरेशन सिंदूर- सम्मान और बहादुरी का मिशन है। एनसीईआरटी के स्पेशल मॉड्यूल रेगुलर कोर्स का हिस्सा नहीं होते। इसे कोई खास टापिक बच्चों को समझाने के लिए सप्लीमेंट्री मटेरियल के तौर पर तैयार किया जाता है।

# नया विधेयक: 30 दिन हिरासत में रहे, तो माननीय खो देंगे पद

## सरकार लाई बिल, मंजूरी के लिए जेपीसी को भेजा गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या किसी भी मंत्री की गंभीर अपराध में गिरफ्तारी और 30 दिन तक न्यायिक हिरासत में रखे जाने पर उन्हें पद से हटाने के प्रावधान वाले संविधान संशोधन विधेयक तथा दो अन्य विधेयकों को विपक्ष के भारी विरोध और हंगामे के बीच संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया।

क्षुब्ध विपक्षी सदस्यों ने सदन में गृह मंत्री के ऊपर कागज के गोले भी फेंके। गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के भारी विरोध के बीच संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक, 2025 तथा जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 संसद में पेश किया। विपक्षी दलों ने इन विधेयकों को विपक्षी दलों की सरकारों को लक्ष्य कर बनाया गया विधेयक करार देते हुए इसे वापस लेने की मांग की। विधेयक में प्रावधान है कि पांच वर्ष या उससे अधिक की सजा वाले गंभीर अपराधों में अगर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या किसी अन्य मंत्री को 30 दिन की हिरासत में रखा जाता है, तो इसके अगले दिन ही उसे पदमुक्त समझा जाएगा। हिरासत से छूटने के बाद ऐसे व्यक्ति को फिर से पद दिया जा सकता है। श्री शाह ने विधेयक को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव किया जिसे ध्वनिमत से स्वीकार कर लिया गया।



**■ विपक्ष ने तीनों बिलों को वापस लेने की मांग की, सदन में गृह मंत्री के ऊपर कागज के गोले फेंके**

## टीम इंडिया की स्पॉन्सर ड्रीम-11 हो सकती है बैन

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच ऑनलाइन खेल संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 ध्वनिमत से पारित किया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विधेयक को लेकर कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी हाल के कुछ वर्षों में तेजी से फैल रही है। इससे शिक्षा और खेलों के क्षेत्र में सीखने के अनेक आसान उपाय एवं साधन उपलब्ध हुए हैं और लोगों के सीखने की गति तेज हुई है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक ई-स्पोर्ट और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करता है।

# अब्बास अंसारी की विधायकी होगी बहाल

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में बुधवार को मुख्तार अंसारी के बेटे पूर्व विधायक अब्बास अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है।

हाईकोर्ट ने अब्बास अंसारी की याचिका को मंजूर कर लिया और उनको एमपी- एमएलए स्पेशल कोर्ट मऊ से मिली दो साल की सजा रद्द कर दी है। बता दें कि अब्बास अंसारी ने सजा रद्द करने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस समीर जैन ने अब्बास अंसारी की 2 साल की सजा को रद्द कर दिया है। अब अब्बास अंसारी की विधायकी बहाल हो जाएगी।



**■ हाईकोर्ट ने दो साल की सजा पर रोक लगाई**

## मोदी की स्नातक डिग्री विवाद मामले में फैसला टला

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पीएम मोदी की स्नातक डिग्री विवाद से संबंधित मामले में बुधवार को अपना फैसला टाल दिया। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की एकल पीठ ने इस मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद 27 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रखा लिया था। उन्होंने यह भी कहा कि डीयू को अदालत को रिकॉर्ड दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है। हाईकोर्ट ने डीयू की याचिका पर सुनवाई के बाद 23 जनवरी, 2017 को सीआईसी के आदेश पर रोक लगा दी थी। सीआईसी ने 21 दिसम्बर, 2016 को आवेदक नीरज को उन सभी विद्यार्थियों के अभिलेखों के निरीक्षण की अनुमति दी थी, जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से 1978 में स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

# राज्यपाल-सरकार रिश्ते पर सुप्रीम नजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या आजादी के बाद से देश संविधान निर्माताओं की उस उम्मीद पर खरा उतरा है, जिसमें राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच सामंजस्य और आपसी परामर्श की व्यवस्था की कल्पना की गई थी।

यह टिप्पणी पांच जजों की संविधान पीठ ने की, जिसकी अध्यक्षता चीफ जस्टिस बीआर गवई कर रहे हैं। इस पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस नरसिम्हा और एएस चंद्रचूड़कर भी शामिल हैं। वहीं सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार की ओर से पेश होकर कहा कि संविधान सभा में राज्यपाल की नियुक्ति और उनकी शक्तियों को लेकर गहन बहस हुई थी। अक्सर आलोचना होती है कि राज्यपाल का पद राजनीतिक शरण लेने वालों का ठिकाना है, लेकिन असल में यह पद संवैधानिक जिम्मेदारियों और कुछ निश्चित शक्तियों से जुड़ा हुआ है। पीठ राष्ट्रपति के उस राष्ट्रपति संदर्भ पर सुनवाई कर रही है, जिसमें सवाल उठाया गया है कि क्या सुप्रीम कोर्ट राज्यपाल और राष्ट्रपति को यह निर्देश दे सकता है कि वे राज्य विधानसभाओं से पास हुए बिलों पर तय समय सीमा के भीतर फैसला लें। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अटॉर्नी जनरल से यह पूछा था कि आखिर क्यों कई राज्यों के विधानसभा से पास हुए बिल साल 2020 से ही राज्यपालों के पास लंबित पड़े हुए हैं। यह चिंता का विषय है, लेकिन अदालत संवैधानिक दायरे में रहकर ही अपनी राय देगी।



**■ अदालत ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा- संविधान निर्माताओं का सपना, हकीकत से कितना दूर**

IFTM UNIVERSITY
(Established under Section 2 (f) of UGC Act 1956 by UP Govt. Act No. 24 of 2010)
Lodhipur Rajput, Delhi Road, Moradabad - 244102 (U.P.)
NAAC A
29 Years of Excellence in Quality Education
REGISTRATIONS / ADMISSIONS OPEN FOR THE SESSION 2025-26

MANAGEMENT 9458032396, 9837350198, 8791090789
• BBA -3 yrs. • MBA
• BBA (Hons. with Research) - 4yrs.
• B.Com -3 yrs. • M.Com
• B.Com (Hons. with Research) - 4yrs.
• Diploma in Hotel Mgmt. (DHM)
• Bachelor of Hotel Mgmt. & Catering Technology (BHMCT)
• Master of Hotel Management (MHM)

PHARMACY 9451751810, 7906044144, 9927111259
• D. Pharm
• B. Pharm
• B. Pharm (2nd Year Lateral Entry)
• M.Pharm
- Pharmaceutics
- Pharmacology
- Pharmaceutical Chemistry
- Pharmacognosy

COMPUTER 9319160550, 9410013261, 9927048126
• BCA/BCA (Data Sci.) - 3 yrs. • MCA
• BCA (Hons. with Research) - 4yrs.
• B.Tech • M.Tech
Computer Science & Engineering
Artificial Intelligence & Machine Learning
• B.Tech (2nd Year Lateral Entry) • PGDCA

ENGINEERING 9997998354, 9458526285, 9997474743
• B.Tech
- Electronics & Comm. Engineering
- Electrical Engineering
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
• B.Tech (2nd Year Lateral Entry)
• M.Tech
- Electronics & Comm. Engineering
- Electrical Engineering (Power Sys. Engg.)
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering (Structural Engg.)

BIOTECHNOLOGY 9837612666, 7017344483, 9760353953
• B.Tech • M.Tech
- Biotechnology
• B.Sc. - 3 yrs. • M.Sc.
- Biotechnology
- Food Technology
- Microbiology
• B.Sc. (Hons. with Research) - 4yrs.
- Biotechnology
- Microbiology

AGRICULTURE 8477061540, 9456981453, 9758531198
• B.Tech
- Agricultural Engineering
• M.Tech
- Farm Machinery & Power Engineering
- Soil & Water Conservation Engineering
- Process & Food Engineering
• B.Sc. (Hons.) - Agriculture
• M.Sc. (Ag.)
- Agronomy
- Horticulture (Veg. Sci., Floriculture & Landscaping)

POLYTECHNIC 7310703861, 9457636158, 8923771133
• Diploma in Engineering
- Electronics Engineering
- Electrical Engineering
- Computer Engineering
- Computer Engg (Artificial Intelligence)
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
- Production Engineering
- Refrigeration & Airconditioning
• Diploma in Engineering (2nd Year Lateral Entry)

nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK

SCIENCES 9412391675, 9259410042, 8077580771
• B.Sc. - 3 yrs.
• B.Sc. (Hons. with Research) - 4yrs.
- Physics - Zoology
- Chemistry - Botany
- Mathematics
• M.Sc.
- Physics - Zoology
- Chemistry - Botany
- Mathematics
• B.Sc.
- Home Science
• M.Sc.
- Home Science

HUMANITIES 9997473840, 7505488018, 7906392179
• BA -3 Yrs.
• BA (Hons. with Research) - 4yrs
- English - Hindi - Economics
- Sociology - Geography - Education
- Political Science - Home Science
- History - Sanskrit
• MA
- English - Hindi - Economics
- Sociology - Geography - Education
- Political Science
• Master of Social Work (MSW)
• B.Lib. M.Lib.
• BA (Journalism)
• MA (Journalism)

EDUCATION 8126543884, 7906512226, 8445230387
• BA-B.Ed. • B.Ed.
• B.Sc.-B.Ed. • M.Ed.

LAW 8791491123, 9837589666, 9412565607
• B.A.-LL.B. • B.B.A.-LL.B.
• LL.B. • LL.M.

SPECIAL FACILITIES
• Free Uniform to the students
• Fee waiver to meritorious students
• Separate Hostels for Girls and Boys
• Career- Oriented and Skill Development Courses
• Convenience of lift in most of buildings of the University
• Banking facility with ATM
• Post Office facility on Campus
• Wi-Fi / Internet facility
• Canteen / Cafeteria facility for students
• Medical facility (Dispensary and Ambulance)
• Sports facility (In-door & Out-door games)
छात्राओं के लिए ट्यूशन फीस में 10% की छूट
SUNDAY OPEN
Free Bus Service for Pick and Drop from the City and places nearby, namely, Hasanpur, Gajraula, Dhanaura, Nauganva Sadaat, Amroha, Bilari, Chandausi, Kanth, Seohara, Sherkot, Dhampur, Nagina, Noorpur, Ganva, Chandpur, Singhpur Sahni, Asmoli, Sambhal, Rampur, Thakurdwara, Milak, Behjoi, Bisauli, Saidnagli, Dilari, Shahbad, Tanda, Bhawalpur, Agwanpur, MDAColony and Lajpatnagar.
Telephone- 9639004077, 9837504666, (0591)- 2360817/18
E-mail : admissions@iftmuniversity.ac.in Website : www.iftmuniversity.ac.in

ADMISSION OPEN 2025
JMS GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years EXCELLENCE
B.TECH | POLYTECHNIC | LLB | BA LLB
BBA | BCA | B.Com | B.SC (BIO) | B.SC (CS)
B.SC (BIOTECH) | 'O' LEVEL | BPES | BA
B.PHARMA | D.PHARMA | MBA | MCA
+91 7302252600 NH-9, Hapur Bypass Hapur 245101

## संक्षिप्त समाचार

### राजीव गांधी की 81वीं जयंती, संसद में श्रद्धांजलि दी गई

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बुधवार को 81वीं जयंती थी। इस मौके पर संसद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई सांसद शामिल हुए। इधर, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दिल्ली के वीर भूमि पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस पूर्व पीएम के जन्मदिवस को दिवस के रूप में मना रही है। राहुल गांधी ने एक्स पर पापा राजीव गांधी की फोटो शेयर कर लिखा कि एक ऐसा भारत जहां हर नागरिक को सम्मान मिले, जहां सद्भावना हो, लोकतंत्र और संविधान से देश मजबूती से खड़ा हो। पापा, आपके देखे इस सपने को पूरा करना ही मेरा जीवन लक्ष्य है। पीएम मोदी ने कहा कि आज उनकी जयंती पर, पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी को मेरी श्रद्धांजलि।

### मुंबई में लगातार तीसरे दिन स्कूल-कॉलेज दफ्तर बंद

**नई दिल्ली।** मुंबई में तेज बारिश का बुधवार को तीसरा दिन था। 24 घंटे में यहां 300 एमएम बारिश हुई। मुंबई में लगातार तीसरे दिन स्कूल-कॉलेज, गवर्नमेंट और सेमी-गवर्नमेंट ऑफिस बंद रहे। मुंबई लोकल की 34 ट्रेनें (17 जोड़ी) कैंसिल हैं। 250 से ज्यादा फ्लाइट्स पर भी असर पड़ा है। मंगलवार शाम मुंबई में एक मोनोरेल से करीब 800 लोगों को रेस्क्यू किया गया। मैसूर कॉलोनी रेलवे स्टेशन के पास शाम 6 बजे एक मोनोरेल एलिवेटेड ट्रैक पर अटक गई थी। इसमें मौजूद 582 यात्रियों को विंडो तोड़कर क्रेन की मदद से करीब 40-50 फीट की ऊंचाई से रेस्क्यू किया गया।

# अधर्म के खिलाफ जारी रहेगा युद्धः अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा-भाजपा वोट चोर है, चुनाव आयोग-जिलाधिकारी इनके साथी

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने वोटी चोरी के मामले में भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि यूपी में 2022 के विधानसभा चुनाव में नाम काटने को लेकर हमने जो 18000 शपथपत्र दिए थे, भाजपा सरकार उनमें से एक का भी जवाब सही तरीके से देना नहीं चाहती है। यहां तक की चुनाव आयोग ने भी कह दिया कि उन्हें कोई शपथपत्र नहीं मिला।

अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग की बात को यूपी के 3 जिलाधिकारियों ने झूठा करार दे दिया है। उन्होंने 18000 शपथपत्र मिलने की बात स्वीकारी है। जिस तरह कासगंज, बाराबंकी, जौनपुर के डीएम हमारे 18000 शपथपत्रों के बारे में अचानक अति सक्रिय हो गए हैं, उसने एक बात तो साबित कर दी है कि जो चुनाव आयोग कह रहा था कि एफिडेविट की बात गलत है' एफिडेविट नहीं मिले, उनकी वो बात झूठी निकली। अब सतही जवाब देकर खानापूर्ति करने वाले इन जिला. धिकारियों की संलिप्तता की भी जांच होनी चाहिएख कोर्ट संज्ञान ले, चुनाव आयोग या डीएम में से कोई एक तो गलत है ही न? जो सीसीटीवी पर पकड़े गए हों उनके द्वारा अपने घपलों पर दी गई सफाई पर किसी को भी रत्ती भर विश्वास नहीं है। ऐसे भ्रष्ट लोग न तो अपने ईमान के सगे होते हैं, न परिवार, न समाज के, तो फिर भला अपने साझेदारों के कैसे होंगे।

ये बेईमान लोग देश और देशवासियों से ताउम्र दगा करते हैं और अंततः पकड़े जाने पर अपमान से भरी जिंदगी जीने की सजा काटते हैं। भाजपा सरकार, चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत वो 'चुनावी तीन तिगाड़ा' है, जिसने सारा काम बिगाड़ा है, देश के लो. कतंत्र पर डाका डाला है। अब जनता इस 'त्रिगुट' की अदालत लगाएगी। जिलाधिकारी को आगे करके चुनाव आयोग बच नहीं सकता। इस मामले की गहन जांच-पड़ताल हो। डीएम साहब दिखाएं कि नाम काटते समय जो 'मृतक प्रमाणपत्र' लगाए गए थे वो कहां हैं, अगर ये झूठ नहीं है तो ये सफाई देने में इतने साल क्यों लग गए? अखिलेश ने कहा कि किसानों की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। सरकार किसानों को खाद तक नहीं दे पा रही है। अयोध्या में किसान खाद के लिए घंटों लाइनों में खड़े हैं, ये लोग किसानों की आय दोगुनी करने की बात करते थे, लेकिन आज किसान लागत भी नहीं निकाल पा रहे। आलू किसान बुरी तरह से परेशान हैं।

राहुल गांधी के साथ यूपी चुनाव लड़ने के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि यह धर्मयुद्ध है और इसमें साथ आना पड़ेगा। चुनाव आयोग पर बोलते हुए उन्होंने भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाया कि भाजपा वोट चोर है। ये लोग वोटों को त्रिकोण बनाकर चोरी करते हैं, जिसमें चुनाव आयोग और अधिकारी तक शामिल हो जाते हैं, लेकिन, 2027 का चुनाव हम कार्यकर्ताओं के सहयोग से लड़ेंगे और वोट चोरी नहीं करने देंगे।

# देश को पुलिस स्टेट बनाने की साजिश

## पीएम-सीएम व मंत्रियों को हटाने वाले विधेयक पर बोले ओवैसी

नई दिल्ली, वार्ता



■ इससे कार्यकारी एजेंसियों को खुली छूट मिल जाएगी कि वे मामूली आरोपों और शक के आधार पर ही जज व जल्लाद दोनों बन जाएं

लोकसभा में बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन अहम विधेयक पेश किए, जिन पर संसद के अंदर तीखी बहस और हंगामा देखने को मिला।

एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इन तीनों विधेयकों का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह बिल संविधान में निहित शक्ति-विभाजन के सिद्धांत का उल्लंघन है और जनता के जरिए चुनी हुई सरकारों के अधिकार को कमजोर करता है। ओवैसी ने कहा कि इससे कार्यकारी एजेंसियों को खुली छूट मिल जाएगी कि वे मामूली आरोपों और शक के आधार पर ही जज और जल्लाद दोनों बन जाएं। ओवैसी ने संसद में कहा कि यह सरकार किसी भी कीमत पर देश को 'पुलिस स्टेट' में बदलने पर तुली हुई है। उनके अनुसार यह कदम चुनी हुई सरकारों पर सीधा हमला है और लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने वाला है।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इन विधेयकों को लागू किया गया, तो यह भारत के लोकतंत्र पर 'डेथ नेल' (अंतिम वॉर) साबित होगा। ओवैसी ने इसे संविधान के साथ छेड़छाड़ कर जनता की आवाज दबाने की को. शिश बताया। ओवैसी के बयान के बाद विपक्षी दलों ने भी सरकार पर निशाना साधा। उनका आरोप है कि भाजपा सत्ता के केंद्रीकरण और कार्यपालिका को असीमित ताकत देने का काम कर रही है। विपक्ष का कहना है कि इससे न्यायपालिका की भूमिका कमजोर होगी और लोकतंत्र केवल नाम का रह जाएगा। इन विधेयकों को लेकर संसद के बाहर भी राजनीतिक टकराव तेज हो गया है और आने वाले दिनों में यह मुद्दा बड़ी बहस का कारण बनेगा।

# राधाकृष्णन ने उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन किया

नई दिल्ली, वार्ता

■ राजग के 160 सदस्य नामांकन के समय उपस्थित रहे

उप राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस ऐतिहासिक मौके पर प्रधानमंत्री उप राष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के प्रस्तावक बने।

इस अवसर पर उनके साथ मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और राजग सहयोगी दलों के वरिष्ठ नेता तथा जनता दल यूनाइटेड से ललन सिंह और संजय झा, लोजपा (रामविलास) से चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के अलावा और भी कई केन्द्रीय मंत्री मौजूद थे। श्री राधाकृष्णन का नामांकन चार सेटों में दाखिल हुआ है। जिनमें से प्रत्येक पर 20 प्रस्तावकों और 20 अनुमोदकों के हस्ताक्षर हैं। पहले सेट में मुख्य प्रस्तावक के रूप में प्रधानमंत्री मोदी के हस्ताक्षर हैं, जबकि बाकी सेटों में केंद्रीय मंत्रियों और वरिष्ठ राजग नेताओं के हस्ताक्षर हैं, जो गठबंधन में व्यापक सहमति को दर्शाता है। उप राष्ट्रपति उम्मीदवार राधाकृष्णन के इस ऐतिहासिक मौके पर संसद भवन में नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान मंत्रियों और सांसदों सहित राजग के लगभग 160 सदस्य उपस्थित रहे।

## दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के आरोप में 10 अन्य को भी नोटिस

# यूपी के तीन जिलों के कृषि अधिकारी सस्पेंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ खाद की कमी पर सवाल उठाए जाने पर मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा अखिलेश को बोलने का कोई हक नहीं



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि पदीय दायित्वों का निर्वहन में लाप. रवाही बरतने के आरोप में तीन जिलों के जिला कृषि अधिका. रियों को निलंबित करने के साथ ही दस अन्य लोगों को नोटिस जारी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि नोटिस उन लोगों को जारी की जा रही है, जिनके पास खेत कम है और उन्होंने खाद ज्यादा उठा ली है। यहां कृषि भवन में बुधवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि जिन जिला कृषि अधिकारियों को निलंबित किया गया है। उनमें मंजीत कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी बलरामपुर प्रकाश चंद्र विश्वकर्मा और अशोक प्रसाद मिश्र जिला कृषि अधिकारी श्रावस्ती शामिल है। प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में खाद की कालाबाजारी को लेकर रिपोर्ट मंगाई जा रही है। जांच के बाद उन पर कार्रवाई की जाएगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा खाद की कमी पर सवाल उठाए जाने को लेकर कृषि मंत्री ने कहा कि अखिलेश को बोलने का कोई हक नही है। उनके समय मे खरीफ सीजन में केवल 91.45 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में खरीफ फसलों की बुवाई हुई थी, जबकि किसानों को समय से उन्नत बीज खाद पानी सिंचाई संसाधनों में निरंतर वृद्धि के परिणाम स्वरुप वर्ष 2023 24 में खरीफ के फसलों का आच्छादन बढ़कर 101-आई 8 हेक्टेयर हो गया है। 2024 में यह क्षेत्रफल 105.93 लाख हेक्टेयर हो गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार बनते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 36000 किसानों की ऋण माफी की थी। कृषि मंत्री ने बताया कि महाराजगंज में जून माह के दौरान 186 लोग ऐसे पाए गए हैं। जिन्होंने एक मीट्रिक टन से लेकर 2.375 मीट्रिक टन तक यूरिया का क्रय किया गया है। इन लोगों के द्वारा चार बार से लेकर 13 बार तक खाद का क्रय किया गया है। जांच के दौरान यदि कालाबाजारी पाई जाती है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### राज्य कर विभाग ने बीमा कंपनियों को जारी किया नोटिस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह विभाग के राजस्व वृद्धि को बढ़ाने की कवायद के तहत रियल एस्टेट और खनन जैसे क्षेत्रों की तर्ज पर बीमा कंपनियों पर अपना ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है। राज्य कर विभाग ने उत्तर प्रदेश में राज्य जीएसटी के तहत पंजीकृत सभी बीमा कंपनियों को नोटिस जारी कर लगभग 40 प्रश्नों के उत्तर मांगे हैं, ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि क्या वे प्रीमियम पर ग्राहकों से वसूला गया पूरा जीएसटी जमा कर रही हैं अथवा नहीं। पहली बार, विभाग ने अपने मुख्यालय में एक संयुक्त आयुक्त के अधीन सेंटर भी स्थापित किया है ताकि यह जांच की जा सके कि क्या बीमा कंपनियां कर-संबंधी शिकायतों में लिप्त हैं या किसी प्रकार की अनियमितता में लिप्त हैं जिससे राज्य के खजाने को राजस्व का नुकसान हो रहा है।



सेंसेक्स 81857.84
निफ्टी 25000



सोना रु. 98803
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 111225
प्रति किलो



# आईटी, एफएमसीजी में लिवाली से गुलजार हुआ शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



आईटी, एफएमसीजी और रियलिटी क्षेत्रों की कंपनियों में लिवाली से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (सूचकांक) का निफ्टी-50 सूचकांक करीब चार सप्ताह बाद 25,000 अंक के पार बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 213.45 अंक (0.26) प्रतिशत की तेजी के साथ 81,857.84 अंक पर पहुंच गया। आईटी सेक्टर में लिवाली से इंफोसिस और टीसीएस के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। नेशलन स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक कारोबार की समाप्ति पर 69.90 अंक यानी 0.28 फीसदी की बढ़त में 25,050.55 अंक पर रहा। यह गत 24 जुलाई के बाद पहली बार 25 हजार अंक के पार बंद हुआ है। दोनों प्रमुख सूचकांकों में सुबह मामूली उतार-चढ़ाव था, लेकिन बाद में उनका ग्राफ लगातार ऊपर की ओर बढ़ता गया। मजबूत निवेश धारणा के कारण सेंसेक्स और निफ्टी-50 लगातार पांचवें दिन मजबूती के साथ बंद हुए हैं। आईटी कंपनियों में निवेशकों ने जमकर लिवाली की और निफ्टी आईटी 2. 69 प्रतिशत चढ़ गया। निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी रियलिटी में भी एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। बैंकिंग, वित्तीय सेवा, फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स 27.08 अंक की तेजी के साथ 81,671.47 अंक पर खुला। खुलने के तुरंत बाद यह 81,494.50 अंक तक उतर गया। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 81,985.62 अंक रहा। निफ्टी-50 सूचकांक 14.85 अंक की गिरावट में 24,965.80 अंक पर खुला। यह नीचे 24,929.70 अंक और ऊपर 25,088.70 अंक तक गया। ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक भी 0.30 अंक की बढ़त में रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली से निफ्टी मिडकैप-50 में 0.57 फीसदी और स्मॉलकैप-100 में 0.46 फीसदी की तेजी रही।

# सोने और चांदी के भाव में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में बुधवार को भारी गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 365 रुपए गिरकर 98,803 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। चांदी की कीमत भी 2,400 रुपए कम होकर 1,11,225 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,625 रुपए पर थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,003,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,950 रुपये रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,200 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,850 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,641 रुपए बढ़कर 98,803 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 25,208 रुपए बढ़कर 1,11,225 रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# गेहूं महंगा, चावल हुआ सस्ता, दालों व खाद्य तेलों में रही तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव टूट गए, जबकि गेहूं में तेजी देखी गयी। चीनी के भाव में लगभग टिकाव रहा, जबकि दालें और खाद्य तेल महंगे हो गए। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 24 रिंगिट फिसलकर 4,497 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51.51 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 14 रुपए फिसलकर 3,819.41 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं चार रुपए प्रति क्विंटल बढ़कर 2,841.09 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। वहीं, आटा 3,293.57 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। सरसों तेल औसतन



करीब 72 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। मूंगफली तेल 54 रुपए फिसल गया, जबकि वनस्पति में 65 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। पाम ऑयल आठ रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल में 44 रुपए की तेजी रही। सोया तेल भी 57 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन दो रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गयी। तुअर दाल और मूंग दाल के दाम लगभग स्थिर रहे। चना दाल तीन रुपए और उड़द दाल 12 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब चार रुपए बढ़ गयी। चीनी की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा।

# भारतीय प्रबंधन संस्थान विधेयक राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने असम के गुवाहाटी में भारतीय प्रबंधन संस्थान खोलने से संबंधित भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2025 बुधवार को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ ही विधेयक पर संसद की मुहर लग गई है। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है।

विपक्षी सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा कराए जाने की मांग नहीं माने जाने पर जोरदार हंगामा किया और सदन से बहिर्गमन किया। विपक्ष के हंगामे के कारण दो बार के स्थगन के बाद पीठासीन उप सभापति भुवनेश्वर कलिता ने अपराह्न दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से भारतीय प्रबंधन संस्थान संशोधन विधेयक चर्चा और पारित करने के लिए कहा। प्रधान के बोलने के लिए खड़े होते ही विपक्षी सदस्यों ने मतदाता सूची के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग शुरू कर दी। विपक्षी सदस्य आसन के निकट आकर नारेबाजी करने लगे। इस पर कलिता ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को अपनी बात रखने की अनुमति दी। खड़गे ने मतदाता सूची के मुद्दे को उठाने की कोशिश की, लेकिन आसन ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। आसन ने कहा कि आप इस विधेयक के अलावा और किसी विषय पर बात नहीं रख सकते। विपक्ष के सदस्य इसके विरोध में नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए। इसके बाद सदन ने संक्षिप्त चर्चा और शिक्षा मंत्री द्वारा उसका जवाब दिए जाने के बाद विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। विपक्ष के सदस्यों ने विधेयक के कुछ प्रावधानों पर संशोधन के प्रस्ताव दिए थे, लेकिन सदस्यों के सदन से अनुपस्थित रहने के कारण इन्हें सदन में नहीं रखा जा सका। विधेयक में गुवाहाटी में भारतीय प्रबंधन संस्थान की स्थापना का प्रावधान है। संस्थान के पहले निदेशक मंडल के गठन तक इसका कामकाज केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त व्यक्ति संभालेंगे। इस संस्थान पर 5500 करोड़ रूपए की लागत आएगी। विधेयक में भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम 2017 में संशोधन के साथ-साथ भारतीय प्रबंधन संस्थानों को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान घोषित करने और उनके कामकाज को विनियमित करने के प्रावधान किए गए हैं।













वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# ग्रामीणों ने शाहपुर मुख्य मार्ग पर लगाया जाम, थाने पर हंगामा

## आक्रोशित भीड़ को नियंत्रण करने को किया हल्के बल का प्रयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम कमालपुर की किशोरी के साथ हुई रेप की घटना के बाद मुकदमे में एक ओर आरोपी को नामजद करने की मांग को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों ने किशोरी के परिजनों के साथ मिलकर कई घंटे थाने पर धरना प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया। इतना ही नहीं चौकी इंचार्ज पर गंभीर आरोप लगाते हुए भीड़ ने मुख्य मार्ग पर ट्रेक्टर-ट्रॉलियां खडी कर जाम लगा दिया जिससे कई-कई किलोमीटर तक भारी जाम की स्थिति बन गई। थाना प्रभारी के समझाने पर जब भीड नहीं मानी तो क्षेत्राधिकारी पीएसी लेकर मौके पर पहुंचे और उन्होने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया, लेकिन इस पर भी भीड़ शांत नहीं हुई तो भीड़ पर बल प्रयोग करना पड़ा जिसके बाद तीतर-बीतर हुई और पुलिस ने जाम खुलवाते हुए महिला सहित कई लोगों को हिरासत में लिया।

बताय जाता है कि विगत दिवस शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर में किशोरी के साथ दुराचार की घटना घटी थी, लडकी के पिता की ओर से दी गई तहरीर पर शाहपुर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। अब किशोरी के परिजन व ग्रामीणों की मांग थी कि जिसके घर में दुराचार की घटना घटी है उसको भी मुकदमें में आरोपी बनाया जाए पुलिस ने इस मामले में नामजद एक आरोपी को जेल भेज दिया था और जिस मकान मालिक को जेल भेजने की मांग की जा रही थी इस पर पुलिस का कहना था कि पीड़ित किशोरी के 164 के बयान कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए तीसरे आरोपी पर भी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस पर ग्रामीण व किशोरी के परिजन संतुष्ट नहीं हुए और उन्होने बुधवार की सवेरे करीब दस बजे थाने पर धरना प्रदर्शन करते हुए हंगामा शुरू कर दिया इतना ही नहीं तीन बजे के बाद भीड़ ने मुख्य मार्ग पर ट्रेक्टर-ट्रालियां खडी कर जाम लगा दिया कई घंटे जाम की स्थिति होने के कारण दोनो ओर कई-कई किलोमीटर तक वाहनो की लम्बी कतारे लग गई। आने-जाने वाले यात्रियों को इस दौरान कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। शहर से घटना स्थल पर पहुंचे शाहपुर थाना प्रभारी ने कार्यवाही का आश्वासन दिया तो भीड ने जिस घर में घटना हुई उसके खिलाफ भी कार्यवाही की मांग करने लगी।

पुलिस अधिकारियों का कहना था किशोरी के 164 के बयान के बाद जो भी आरोपी पाया गया उसके खिलाफ पुलिस तुरंत कार्यवाही करेगी, लेकिन भीड़ मकान मालिक के खिलाफ दुष्कर्म की धारा लगाने व तुरंत गिरफ्तारी की मांग पर अड़ी रही। इस दौरान भीड और पुलिस के बीच



गहमा-गहमी भी हुई जब भीड़ आपा खोने लगी तो क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना पीएसी को लेकर मौके पर पहुंचे और उन्होने भी भीड़ को दोषियो के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया, लेकिन इस पर भी लोग शांत नहीं हुए और वह चौकी प्रभारी पर मिलीभगत का आरोप लगाने लगे। हंगामा बढ़ता देख पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा।

जिसके बाद भीड़ तितर-बितर हुई पुलिस ने महिला सहित कई लोगों को हिरासत में भी लिया है इसके बाद भी क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना व शाहपुर बुढ़ाना प्रभारी निरीक्षक ने पीड़ित परिवार व ग्रामीणों को आरोपियों के विरूद्ध कड़ की कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# किसान दिवस में उठा नकली खाद का मुद्दा

■ **डीएम ने दिया कार्यवाही का पूरा भरोसा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** किसान दिवस में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के सामने किसान नेताओं ने जिले के किसानों से जुड़े गंभीर मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि 12 जुलाई 2025 को सिलाजुड़ी स्थित श्रीराम एग्रो केमिकल पर जिला प्रशासन ने छापेमारी की थी, जहां नकली खाद व दवाइयाँ पकड़ी गईं। लेकिन उस पर अब तक सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। नकली खाद व दवाइयों का कारोबार किसानों की जमीन को बंजर बना रहा है। ऐसे गिरोहों पर सामान्य धाराओं के बजाय गैंगस्टर एक्ट जैसी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि अपराधियों के हौसले पस्त हों। सुमित मलिक ने जिले में बढ़ते प्रदूषण पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जल व वायु प्रदूषण के कारण आम नागरिक कैंसर, अस्थमा, त्वचा संबंधी बीमारियों से जूझ रहे हैं। इस संबंध में प्रदूषण विभाग को शिकायत की गई है, जिस पर क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि जनपद के अलग-अलग ब्लॉकों में बिना लाइसेंस की नकली फर्टिलाइजर दुकानों का जाल फैला है, जो किसानों की फसलें बर्बाद कर रहे हैं। इन पर भी तत्काल कार्रवाई आवश्यक है। कार्यक्रम में पशुओं में तेजी से फैल रही खुरपका-मुंहपका बीमारी का मुद्दा भी उठाया गया। जिलाधिकारी ने इस पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रभावित गांवों में तत्काल टीम भेजकर टीकाकरण अभियान चलाया जाए, ताकि पशुओं को बीमारी से बचाया जा सके।

# हाईकोर्ट पहुंची ईओ और टीएओ की तकरार

## ईओ बोली-अभी इसकी कोई जानकारी नहीं जवाब लेकर कोर्ट में पेश होंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अब हाईकोर्ट के एक दूसरे आदेश ने नगर पालिका में नई हलचल पैदा कर दी है। इस प्रकरण में पालिका के कर निर्धारण अधिकारी ने शासन स्तर से उनके खिलाफ की गई कार्यवाही को नियमों के विपरीत बताते हुए रिट दायर की, जिसमें हाईकोर्ट ने शासन के अधिकारियों के साथ ही पालिका की अधिशासी अधिकारी से भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

दरअसल नगरपालिका के कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार यादव और अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह के बीच विभागीय कामकाज को लेकर लंबी खींचतान चलती रही। इसी बीच ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने टीएओ दिनेश यादव पर उनके आदेशों की अवहेलना करने सहित अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए शासन को शिकायत की थी, जिसके बाद शासन द्वारा कार्यवाही करते हुए टीएओ दिनेश यादव को पालिका से हटा दिया गया।

शासन द्वारा 14 मई को आदेश पारित करते हुए स्थानीय निकाय निदेशालय लखनऊ में उनको शासन ने अटैच कर दिया और उन्होंने निदेशालय में ज्वाइन कर लिया था। इस आदेश के खिलाफ टीएओ ने जुलाई माह में इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचे और रिट दायर की। उन्होंने शासन के अटैचमेंट के आदेश को चुनौती देते हुए तर्क दिया है कि सेवा नियमावली में किसी अधिकारी को अटैच करने का कोई नियम नहीं है, या तो तबादला किया जाये या फिर निलंबन किया जा सकता है। इसमें उनकी ओर से अधिवक्ता संदीप कुमार ओझा, हरी प्रसाद गुप्ता, दिलीप वर्मा और मनीषा सिंह ने बहस की। शासन की ओर से समय मांगा गया, लेकिन समयावधि के बाद भी शासन से जवाब हाईकोर्ट में दाखिल नहीं हुआ तो अब हाईकोर्ट ने मामले में प्रतिवादी संख्या 3 और 4 को नोटिस जारी करते हुए जवाब के साथ कोर्ट में एक सितम्बर से शुरू हो रहे सप्ताह में यानि एक से पांच सितम्बर के बीच पेश होने के लिए आदेशित किया है। प्रकरण में पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह का कहना है कि उनको हाईकोर्ट में याचिका दायर होने या कोर्ट द्वारा उनको जवाब दाखिल करने के लिए समन करने की कोई जानकारी बुधवार तक प्राप्त नहीं हुई है।

कोई भी कोर्ट का आदेश नहीं मिला है उन्होंने शासन से जो शिकायत की थी, उसके आधार पर ही शासन स्तर से टीएओ दिनेश यादव को उनके गलत व्यवहार, नकारात्मक कार्यप्रणाली और आचरण के कारण ही दोषी मानकर यहां से हटाया गया है। अगर उनको कोर्ट से कोई ऐसा नोटिस मिलता है तो वो इस सम्बंध में अपना जवाब लेकर कोर्ट में पेश जरूर होंगी।

# तीन अपंजीकृत लैब पर स्वास्थ्य विभाग ने सील लगाई

**मुजफ्फरनगर।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर में चलाये गये छापामार अभियान के दौरान तीन अपंजीकृत लैब को बंद कर उन पर सील लगाने की कार्रवाई की है।

जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को झोलाछाप और अपंजीकृत पैथोलॉजी लैबों के खिलाफ विशेष छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान कई लैबों की जांच की गई, जिनमें तीन पैथोलॉजी लैब अपंजीकृत पाई गईं। डिप्टी सीएमओ डॉ. विपिन कुमार के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में एम.के. लैब मोहल्ला गांधीनगर, डायमंड पैथोलॉजी लैब कलेक्शन सेंटर कमल नगर तथा एडवांस पैथोलॉजी लैब अलमासपुर रोड, कमल नगर को सील कर दिया गया। टीम को मौके पर यह जानकारी मिली कि स्वास्थ्य विभाग में बिना पंजीकरण के यह तीनों लैब संचालित की जा रही थीं और लोगों की जांच रिपोर्ट तैयार कर दी जाती थी। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि अपंजीकृत एवं मानकों के विपरीत कार्य करने वाली लैबों और झोलाछाप डॉक्टरों पर अब लगातार कार्रवाई होगी। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि जनहित से जुड़ी इस कार्रवाई का उद्देश्य लोगों को फर्जी जांच और गलत इलाज से बचाना है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई बिना पंजीकरण मेडिकल गतिविधियां करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




किसान दिवस में समस्याएं सुनते डीएम व एसपी सिटी।

# मांगों के समर्थन में शिक्षक संघ ने भरी हुंकार

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आहवान पर शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना दिया। जिलाध्यक्ष डॉक्टर अमित कुमार जैन के नेतृत्व में धरना रत शिक्षकों ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षकों की सुरक्षा की सेवा की धारा 21, 18 व 12 नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा सहित लम्बित मांगों के लिए संघर्ष चल रहा है। जिला कोषाध्यक्ष संजय कुमार मोघा, जिला मंत्री अरूण कुमार, के संचालन में आयोजित धरने में संजीव त्यागी, अजय कुमार, राहुल कुमार, गौरव चौधरी, संजीव ठाकुर मौजूद रहे।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलाते दो लोग गिरफ्तार

■ **बरवाला गांव के मकान से मिले तमंचे व बन्दूक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर पुलिस ने बरवाला गांव स्थित एक स्थान पर छापा मारकर मौत का सामान बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से डेढ़ दर्जन से अधिक तमंचे और उपकरण बरामद करने का दावा किया है।

बुधवार को पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में हुई प्रेसवार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि शाहपुर पुलिस ने सूचना के आधार पर बरवाला स्थित एक मकान में छापा मारा। पुलिस ने यहां से आशीष निवासी ग्राम शेरपुर और मदनपाल निवासी बरवाला को हिरासत में लिया। उन्होने बताया कि दोनो लोग अवैध शस्त्र फैक्ट्री चला रहे थे और पुलिस ने यहां से डेढ़ दर्जन से अधिक तमंचे, बंदूक व अधबने शस्त्र तथा उपकरण बरामद किये है। उन्होने यह भी जानकारी दी कि यह लोग तमचे बनाकर मोटी रकम में बेचते थे और आशीष के खिलाफ कई अपराधिक मामले दर्ज है। एसएसपी ने बताया कि यह टीम 70 से अधिक हथियार बेच चुके है एसएसपी ने टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की।

# उत्तराखंड में जनपद के 28 उर्वरक व्यापारी पकड़े

## उर्वरक कम्पनी के मैनेजर ने टारगेट पूरा न होने पर दी थी पार्टी

■ **आपदा और विनाशकारी बरसात में बंद होटल में चल रही थी पार्टी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तराखंड राज्य के जनपद पोडी गढ़वाल थाना लक्ष्मणझुला पुलिस ने जनपद मुजफ्फरनगर के 28 उर्वरक व्यापारियों को एक होटल से हिरासत में लिया है। उत्तराखंड पुलिस का कहना है कि यह होटल आपदा और विनाशकारी बरसात के बीच बंद करने के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन उक्त व्यापारी एक कम्पनी के अधिकारी के साथ उक्त होटल में मौज मस्ती कर रहे थे फिलहाल पुलिस ने सभी को थाने से जमानत देकर छोड दिया है। सूत्रों के अनुसार लक्ष्मणझुला थाना प्रभारी संतोष बैंकवाल ने एक सूचना के आधार पर क्षेत्र के एक होटल में छापा मारा। बताया जाता है कि उत्तराखंड के धराली आपदा और विनाशकारी बरसात के चलते प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद होटलों को बंद करने के आदेश दिए गए थे। और क्षेत्रीय अधिकारी के आदेश पर होटल और अन्य स्थानों पर लगातार चैकिंग भी की जा रही थी, लेकिन विगत दिवस सूचना के आधार पर एक होटल पर जब छापा मारा गया तो यहां पर डीजे की तेज आवाज में कुछ लोग हुड़दंग मचा रहे थे। आरोप तो यहां तक है कि यहां पर व्यापारी के साथ कुछ लड़कियां भी डांस कर रही थी। यहां पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में प्रोग्राम के संबंध में अनुमति पत्र या लाईसेंस मांगा गया, लेकिन होटल स्वामी व कोई भी दस्तावेज नहीं दिखाए पाए। क्षेत्र की थाने की पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही करते हुए होटल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, जबकि यहां से हिरासत में लिए गए 28 लोगों को धारा 172 में कार्यवाही करते हुए छोडा गया। इन व्यापारियों के साथ दो वृद्ध भी शामिल थे। उत्तराखंड पुलिस का कहना है कि पुछताछ में पार्टी के आयोजनकर्ता मनोज कुमार ने बताया कि वह एक एग्रीकल्चर कम्पनी में एरिया मैनेजर है। मैनेजर ने पुलिस पूछताछ में एक चौकाना वाला खुलासा करते हुए बताया कि कम्पनी ने मानसून सीजन में उसे अपने रीजन में कई करोड का टर्नओवर पूरा करना था, लेकिन वह कम्पनी के टारगेट को पूरा नहीं कर सका इसी लिए उसने कम्पनी के उर्वरकों के डिस्ट्रीब्यूटर और दुकानदारो को पैकेज का ऑफर दिया और पार्टी में आने के लिए नौता दिया गया था। मैनेजर ने यह भी खुलासा कि उसने कई जनपदो के व्यापारियो को बुलाना था लेकिन उसने सबसे पहले मुजफ्फरनगर जिले को चुना और यहां के उर्वरक व्यापारियों को पार्टी में शामिल किया। फिलहाल सम्बन्धित थाने की पुलिस ने सभी को धारा 172 के तहत कार्यवाही करते हुए छोड दिया है, यह मामला जनपद में चर्चा का विषय बन गया है।

# दो युवकों से छह लाख का मादक पदार्थ बरामद

■ **हाईवे स्थित ढाबों पर ट्रक चालकों को बेचते थे नशीला पदार्थ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ऑपरेशन सवेरा के अन्तर्गत शहर कोतवाली पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मादक पदार्थ बरामद करने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि बरामद हुई चरस व गांजा की कीमत करीबन छह लाख है।

शहर कोतवाली प्रभारी उमेश रोरिया ने बताया कि जनपद में ऑपरेशन सवेरा के तहत मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही चल रही है और पुलिस ने बढ़कली कट के पास से आई-20 कार में सवार अमन अनमन राल उर्फ दादा पुत्र दिनेश मनराल निवासी भवन पंपापुरी नैनीताल हाल देहरादून और उसके साथ परिक्षित उर्फ बाबा पुत्र राजकुमार चौहान निवासी गुरूग्राम हरियाणा को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चरस व गांजा बरामद करने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि इनके पास से बिना नम्बर की आई-20 कार बरामद की है।

पुलिस का कहना है कि पकडे गए आरोपी चरस व गांजा हाईवे पर ढाबे पर ठहरने वाले ट्रक चालकों को बेचते है। पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# यशवीर महाराज ने दी चेतावनी

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर क्षेत्र के गांव बेगराजपुर निवासी किशोरी के लापता व उसकी बरामदगी न होने के कारण यशवीर महाराज गांव पहुंचे और उन्होने पुलिस को शीघ्र बरामदगी न होने पर पंचायत करने की चेतावनी भी दी।

बता दे कि बेगराजपुर निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के लापता होने की तहरीर शाहपुर थाने में दी थी। जिस पर कुछ युवकों पर गंभीर आरोप लगाए गए थे कि स्कूल से आते वक्त किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाया गया है, लेकिन अभी तक किशोरी का पता नहीं चला है इसी को लेकर यशवीर महाराज बेगराजपुर पहुंचे और जल्द बरामदगी न होने पर पंचायत की चेतावनी दी।



मुजफ्फरनगर: शाहपुर में पकड़ी गई तमंचा फैक्ट्री की जानकारी देते एसएसपी।

# आर्मी जवान से मारपीट पर 'आप' का प्रदर्शन

■ **जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन देकर रखी कई मांगे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आम आदमी पार्टी की ईकाई ने मेरठ जिले में भूनी टोल नाके पर टोल कर्मचारियों ने सेना के जवान के साथ की गई मारपीट की घटना को आम लोगों की सुरक्षा को लेकर बेहद गंभीर मानते हुए जिला अध्यक्ष अरविन्द बालियान के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारीके नाम एक ज्ञापन सौंपा है।

जिला अध्यक्ष अरविंद बालियान ने भूनी टोल नाके पर मारपीट की घटना का हवाला देते हुए बताया कि




टोल नाकों पर जब सेना का जवान ही सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी सुरक्षित कैसे होगा? उन्होने कहा कि ऐसी पहले भी कई बार घटना हो चुकी है जिससे लगातार शासन प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन टोल पर होने वाली घटनाएं नहीं रूक रही। आऐ दिन देश भर के टोल नाकों पर टोल कर्मी इस तरह की हिंसक घटनाएं को अंजाम देते रहते हैं। जो मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आती है। जिला महासचिव अजय चौधरी, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप तोमर व चरथावल विधानसभा अध्यक्ष अनुज बरवाला ने भी घटना पर रोष प्रकट किया। जिला मीडिया प्रभारी संजीव मान, जिला उपाध्यक्ष अनुराग अहलावत व जिला कोषाध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि इस ज्ञापन के माध्यम से आम आदमी पार्टी की ईकाई ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि जिले के अंतर्गत आने वाले सभी टोल नाकों पर अपराधिक घटना करने वाले व अपराधि प्रर्वती के कर्मचारी को न रखा जाए। आज के कार्यक्रम में अरविन्द बालियान, अजय चौधरी, कुलदीप तोमर, संजीव मान, अनुज बरवाला अनुराग अहलावत, केसर अली, मनोज कुमार, वाजिद अली, लुकमान अली आदि रहे।



मुजफ्फरनगर: नगर पालिका प्रशासन नगर को स्वच्छ बनाने का दावा करती है, लेकिन नवीन मण्डी कूकडा रोड पर लगे गंदगी के अंबार शहर की सफाई व्यवस्था की पोल खोलने के लिए काफी है।

# मुज़फ्फरनगर बनेगा स्मार्ट सिटी:मंत्री कपिल

## योगी से मिलकर कई मुद्दों पर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सदर विधायक व उत्तर प्रदेश सरकार में कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने आज लखनऊ में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर तीन अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

**मुज़फ्फरनगर को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित करने हेतु इंटीग्रेटेड प्लान की मांग:** मंत्री कपिल देव ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि मुज़फ्फरनगर नगर पालिका क्षेत्र के लिए एक समग्र इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट प्लान तैयार कराया जाए, जिससे शहर को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सुव्यवस्थित और जनसुविधा केंद्रित बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया।

**मोनू खटीक हत्याकांड पीड़ित परिवार को न्याय व सहायता की मांग :** बुढ़ाना में हाल ही में हुए मोनू खटीक हत्याकांड पर मंत्री ने मुख्यमंत्री को पूरी वस्तुस्थिति से अवगत कराया और पीड़ित परिवार को



न्याय व आर्थिक सहायता की मांग रखी। मुख्यमंत्री योगी ने घटना पर संवेदना प्रकट करते हुए कठोर कार्रवाई व हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

**गंगा बैराज पुल, आमजन की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग:** पिछले कुछ दिनों से बंद पड़े गंगा बैराज पुल के कारण हो रही आमजन की असुविधा पर भी मंत्री ने मुख्यमंत्री से चर्चा की और जल्द समाधान की मांग की। मुख्यमंत्री ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश देने का भरोसा दिलाया। **मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा:** जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना हमारा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध और संवेदनशील है।

# चेहलुम शोहदा-ए-करबलों 24 अगस्त को हरसौली में होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरसौली ( मुजफ्फरनगर )।** आगामी 24 अगस्त को ग्राम हरसौली में चेहलुम शोहदा-ए-करबला कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मोमिनीन हरसौली के लोगों की ओर से आयोजित कार्यक्रम 24 अगस्त को इमामबारगाह बाबुलमुराद मौजा हरसौली में दोपहर 12:30 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रोग्राम की शुरुआत मौलाना मौ अदनान हरसौलवी की तिलावते कुरआन से होगी। प्रोग्राम की निजामत मौ साजिद करबलाई हरसौलवी व सोजख्वानी हसीन अब्बास हरसौलवी करेंगे। मरसियाख्वानी मिर्ज़ा गालिब अली मुरादपुरा व पेशख्वानी मजहर अब्बास जरेलवी करेंगे। जबकि नकाबत मौ रजा मजहरी मुजफ्फरनगरी करेंगे। मजलिस को खिताब आली जनाब मौलाना सैयद सज्जाद हुसैन रिजवी (बिहार) करेंगे। इस मौके पर अंजुमन हाय मातमी व अंजुमन यादगारे हसन हरसौलवी व अंजुमन अतफाले हुसैनी ढिंढावली व अंजुमन आरफी बघरा तथा अंजुमन पैगामे हुसैनी बुढ़ाना दिल्ली ब्रांच करेंगी।

# सम्मोहित करके महिला से सोने के कुंडल लूटे

**बुढ़ाना।** एक महिला को सम्मोहित कर एक अज्ञात युवक ने उसके दोनों कानों के सोने के कुंडल लूट लिए।

घटना सुबह के समय हुई तो पुलिस में हड़कंप मच गया। बुढ़ाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के दुकानदारों और पीड़ित महिला से घटना की जानकारी कर आरोपी की तलाश में आसपास में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे खंगालकर कार्यवाही शुरु कर दी थी। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कस्बे के बडौत रोड पर आज बुधवार की सुबह के समय हुई इस घटना में एक महिला से किसी एक अज्ञात युवक ने किसी आश्रम का रास्ता पूछा तो उसने इसी बहाने उसको सम्मोहित कर उसके दोनों कानों के दोनों सोने के कुंडल उतरवा लिए और फरार हो गया। युवक के फरार होने के कुछ ही देर बाद महिला का सम्मोहन समाप्त हुआ तो महिला ने दोनों कानों में सोने के कुंडल ना देख शोर मचा दिया।

महिला का शोर शराबा सुनकर आते जाते राहगीर ठिठक गये और कुछ स्थानीय दुकानदार भी मौके पर आ गये। महिला ने सभी को घटना की जानकारी दी तो मौके पर भीड़ जमा हो गयी।

घटना की सूचना पर बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे और महिला से घटना की जानकारी की। तब बुढ़ाना पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और अज्ञात लुटेरे की तलाश शुरु कर दी। इस घटना से अन्य राह चलती महिलाओं में भय बन गया है।

# गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के करीब, खादर के गांव बाढ़ से प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही वर्षा के कारण नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

गंगा बैराज पर प्रतिदिन पानी का स्तर खतरे के निशान के पास बह रहा है, जिससे खादर क्षेत्र के गांवों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। हरिद्वार स्थित भीमगोडा बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार 20 अगस्त को सांय 4 बजे भीमगोडा बैराज से 1,42,577 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसके बाद गंगा का जलस्तर बढ़कर 219.20 पर पहुंच गया, जबकि खतरे का निशान 220 मीटर पर निर्धारित है। लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण ग्रामीणों की चिंताएं और बढ़ गई हैं। शिवालिक पर्वतों पर हो रही लगातार वर्षा से गंगा का प्रवाह और तेज हो रहा है। बाढ़ का असर ग्राम जीवनपुरी, रामपुर ठकरा, हंसावाला, फरीदपुर उर्फ चुहापुर, लालपुर रहडवा और खेड़ा मुजाहिदपुर जैसे गांवों पर गहराता जा रहा है। यहां खेतों में खड़ी गन्ने और अन्य फसलें पूरी तरह जलमग्न होकर नष्ट हो चुकी हैं। गांवों में रहने वाले लोग बाढ़ की मार झेलते हुए अपने दैनिक जीवन को संभालने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं।



कई परिवार सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं। खेत-खलिहान बर्बाद होने से किसानों की आर्थिक स्थिति पर भी गहरा संकट मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्यों की सख्त आवश्यकता है, ताकि बढ़ते जलस्तर से प्रभावित लोगों को समय पर सहायता मिल सके।

## भोपा में मौत का तांडव, सप्ताह में सात की मौत

**भोपा।** भोपा मे लगातार मौत का सिलसिला जारी है। बीते एक सप्ताह मे सात व्यक्तियों की मौत से कस्बे मे शोक की लहर दौड़ गयी है।

भोपा निवासी किशनचंद 70 वर्ष, किसान मिंटू उर्फ परमवीर राठी 62 वर्ष, पीरु पान वाले 55 वर्ष, रोशनी देवी 70 वर्ष, संत कुमार प्रजापति 54 वर्ष, आकांक्षा पुत्री सुबोध शर्मा 25 वर्ष, केला देवी 80 वर्ष की मौत हो चुकी है। कुछ व्यक्ति बुखार व सामान्य बीमारी आदि से पीड़ित थे तो कुछ की अचानक मौत से परिवार गहरे सदमे मे हैं। कस्बे मे लगातार जारी मौत के सिलसिले से नागरिकों मे चिंता व्याप्त हो गयी है। कस्बा वासी धार्मिक अनुष्ठान कराने की तैयारी मे जुट गये हैं।

## लोई में हुआ जमीयत की यूनिट का चुनाव

**बुढ़ाना।** गांव लोई में जमियत उलेमा हिंद के ज़िलाध्यक्ष मौलाना मुफ्ती बिन यामीन व क़ारी ज़ाकिर हुसैन सचिव वेस्टर्न यूपी के निर्देश पर जमीअत उलेमा की स्थानीय यूनिट का गठन हुआ। कार्यक्रम छोटी मस्जिद क़ुरैशियान में हुआ। जिसकी अध्यक्षता मस्जिद के इमाम व ख़तीब मौलाना अब्दुल हक़ ने की। बुढ़ाना शहर अध्यक्ष मुफ़्ती आस मोहम्मद क़ासमी व डाक्टर इनाम मेहर क़ुरैशी मौजूद थे। मुफ़्ती आस मोहम्मद क़ासमी ने कहा कि जमीअत मुस्लिमों की एक सच्ची ईमानदार जमात है जो बीते 106 वर्षों से मुल्क की आवाम की बेमिसाल खदिमत कर रही है। जमीअत मज़लूम व बेसहारा लोगों की देखरेख करती है व मुल्क व मिल्लत के लिए इसकी अनगिनत सेवाए हैं। गाँव अध्यक्ष मुफ़्ती शुऐब आलम क़ासमी, जनरल सचिव क़ारी अमानतुल्लाह, उपाध्यक्ष क़ारी कलीम व सुहैल, सचिव इरफ़ान, महफ़ूज़, ख़ज़ांची हाजी सरफ़राज़ व सहायक सदस्यों में मूसा, शुऐब, उस्मान, हाफ़िज़ साजिद, शाहिद, ज़रीफ़, फ़रदीन व मुस्तक़ीम आदि हैं।

# शांति कुंज परिवार ने हवन-यज्ञ के बाद निकाली कलश यात्रा

**जानसठ।** कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा और भक्ति के अद्भुत संगम के बीच शांतिकुंज परिवार ने भव्य कलश यात्रा एवं दीप यज्ञ के आयोजन का समापन हुआ। इस अवसर पर नगर ही नहीं बल्कि आस-पास के गाँवों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं ने कलश धारण कर मंगलगीत गाए और कलश यात्रा में पूरे उत्साह से भाग लिया। यात्रा के दौरान पुरुषों और युवाओं ने भजन-कीर्तन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के पश्चात् आयोजित दीप यज्ञ में हजारों दीप प्रज्वलित कर विश्व शांति, समाज कल्याण और परिवार में सुख-समृद्धि के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। यज्ञ स्थल का दृश्य दिव्य और अद्भुत रहा। दीपों की रोशनी से वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ और उपस्थित जनमानस भाव विभोर हो उठा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उदय सिंह चौहान, अशोक वर्मा, रमेश चौधरी तथा हरिद्वार से पधारे विद्वान आचार्यों ने भाग लिया। आचार्यों ने अपने प्रवचन में कहा कि दीपक अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर और असत्य से सत्य की ओर बढ़ने का प्रतीक है। उन्होंने श्रद्धालुओं को अपने जीवन में सत्य, सेवा और सदाचार को अपनाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। आयोजन में नगर और क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिकों सहित बड़ी संख्या में महिलाएँ, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। समापन अवसर पर सामूहिक भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें ष्प्रगति की ओर बढ़ते कदमष और ष्सदैव शांति, सद्भाव और सेवाष जैसे गीतों की गूंज ने पूरे वातावरण को आलोकित कर दिया। आयोजन समिति की ओर से आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया गया। अंत में सामूहिक संकल्प और दीप प्रज्वलन के साथ यह आयोजन सम्पन्न हुआ।



इस दौरान मुख्य रूप से मास्टर शिवनंदन,राजू गोयल, कलीराम विभा सिंह माया देवी प्रवेश भड़ाना, चौधरी हरवीर सिंह, कश्मीरी देव, कुंतादेवी, विमला देवी, राजेशदेवी, दयावती, अंगूरी राजेश, मिथिलेश प्रीत, मंजू शर्मा, आदि मौजूद रहे।

# ज्योति कलश रथयात्रा का ज्ञानस्थली स्कूल में भव्य स्वागत

**मीरांपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शान्ति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित ज्योति कलश रथयात्रा का ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ यात्रा का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर शान्ति कुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि एवं यात्रा संयोजक उदयसिंह चौहान ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें संस्कारों का समावेश आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संस्कारवान नागरिक ही राष्ट्र की सच्ची धरोहर हैं और वही समाज एवं देश के उत्थान में अमूल्य योगदान दे सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान प्रीत ने एक सुंदर गीत प्रस्तुत कर बच्चों को संस्कारवान बनने एवं राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित किया। साथ ही, शान्ति कुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा शिक्षा में संस्कारों को महत्व देने के लिए शान्तिकुंज प्रतिनिधियों उदयसिंह चौहान एवं अशोक वर्मा आदि ने प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान को पटका पहनाकर एवं युग निर्माण संकल्प पत्र भेंट कर सम्मानित किया।



अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश कुमार, रुक्मणी भारद्वाज (जिला संयोजक, भारतीय संस्कृत ज्ञान परीक्षा), अशोक वर्मा, शिवनंदन, राजू गोयल, डॉ. रामदिवस, डॉ. सुभाष, सुरेंद्र धीमान, प्रमिला, माया धीमान, राजकुमार एवं विभा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने सभी आगंतुकों का हार्दिक अभिनंदन किया तथा बच्चों एवं समाज को संस्कारवान बनाने के इस महत्वपूर्ण प्रयास के लिए शान्ति कुंज परिवार को साधुवाद दिया।

# पूर्व गर्वनर के सम्मान में 26 अगस्त को सभा

**बुढाना।** अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के सम्मान में एक विशाल श्रद्धांजलि सभा के आयोजन की घोषणा की है।

समिति के राष्ट्रीय संयोजक यशपाल मलिक ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह सभा आगामी 26 अगस्त को फुगाना में आयोजित की जाएगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य किसान वर्ग के लिए सत्यपाल मलिक के अमूल्य योगदान और जाट आरक्षण के प्रति उनके दृढ़ समर्थन को याद करना है। समिति के उत्तर प्रदेश महासचिव बीरपाल राणा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्यक्रम फुगाना थाने के सामने मेरठ वाया शामली रोड पर स्थित वी रन फार्म में मंगलवार को दोपहर 01 बजे से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि सत्यपाल मलिक ने अपना पूरा जीवन किसानों के हितों के लिए समर्पित किया और जाट आरक्षण की आवाज को भी पुरजोर समर्थन दिया था। इस सभा में सहारनपुर और मेरठ मंडल से बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। समिति ने उन सब समर्थकों को भी आमंत्रित किया है जो अन्य कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो सके ताकि वे यहां आकर पूर्व राज्यपाल को श्रद्धांजलि अर्पित कर सकें। यहां पर प्रवीण राणा, गजेंद्र नीलकंठ, राज बहादुर मलिक, जोगिंद्र और बृजलाल आदि मौजूद थे।



## कांग्रेसियों ने मनाया राजीव गांधी का जन्मदिन

**मोरना।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव का जन्मदिन कांग्रेस नेताओं ने असहाय व्यक्तियों की सेवा कर मनाया। साथ ही पार्टी के प्रति निष्ठा की शपथ ली। मोरना मे कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी के जन्मदिन अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें जिलाध्यक्ष सतपाल कटारिया, जिला उपाध्यक्ष विनोद उर्फ़ विनोद गुर्जर, मौ. कामिल तेवडा, मुरतजा सलमानी आदि ने अपने सम्बोधन मे कहा की कांग्रेस पार्टी एक उन्नत विचारधारा का केन्द्र है। देश की अखंडता, सामाजिक समानता, प्रत्येक के सम्मान और मौलिक अधिकारों के लिए पार्टी संगठन कार्य कर रहा है। स्वर्गीय राजीव गाँधी ने आधुनिक भारत की नींव रखी,राजनीती मे सरलता को उन्होंने बढ़ावा देने काम किया। इसके उपरांत बिहारगढ़ स्थित अपना घर आश्रम मे असहाय व्यक्तियों की सेवा की गयी।

# स्वास्थ्य शिविर में चेकअप को उमड़ी भीड़

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भारत धारा नेचुरल फार्मिंग प्रोडड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के तत्वावधान में मंगलवार को खतौली क्षेत्र में निरूशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूरी बॉडी चेकअप और आयुर्वेदिक परामर्श की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवकता चौधरी मनोज चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने शिविर का अवलोकन करते हुए व्यवस्थाओं की सराहना की। शिविर की अध्यक्षता ओमपाल सिंह धामा (डायरेक्टर, भारत धारा) ने की, जबकि संचालन अंजलि ममगई ने किया। शिविर में आयुर्वेदाचार्य डॉ. प्रशान्त चतुर्वेदी द्धजयपुरत्र ने सैकड़ों मरीजों को नि:शुल्क आयुर्वेदिक परामर्श और विभिन्न उपचार पद्धतियों से चिकित्सा प्रदान की। सुबह से ही शि. विर स्थल पर लोगों की भीड़ लगी रही। सभा को सम्बोधित करते हुए चौधरी मनोज चौधरी ने कहा कि प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद में ऐसी अनेक जड़ी-बूटियों और नुस्खों का उल्लेख है, जिनकी प्रभावशीलता हज़ारों वर्षों से प्रमाणित है। उन्होंने कहा किंआज के समय में आयुर्वेद की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। यदि हम भारतीय उत्पादों और संसाधनों का उपयोग बढ़ाएँ तो भारत को पुन: विश्वगुरु बनाने का सपना पूरा होगा। उन्होंने शिविर के आयोजन पर भारत धारा नेचुरल फार्मिंग कम्पनी को बधाई दी और कहा कि इस प्रकार के आयोजन से खतौली क्षेत्र में योग और आयुर्वेद के प्रति नई जागरूकता का संचार होगा। शिविर के सफल आयोजन में अजय जनमेजय, धीरज बबलू अहलावत भैंसी, देवेश शर्मा, बंटी शर्मा (नगर अध्यक्ष, युवा रालोद), अंकित प्रधान पलड़ी, मिंटू सैनी, ठाकुर सुरेन्द्र सिकंदरपुर, शान जैदी, गुढी अहलावत सहित अन्य गणमान्य लोगों का सहयोग रहा।स्थानीय लोगों ने इस शिविर की मुकत कंठ से प्रशंसा की और कहा कि इस तरह की पहल से आमजन को बड़ी राहत मिलती है।



# अतिरिक्त दहेज में कार न देने पर महिला को घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अतिरिकत दहेज में कार नही मिलने पर एक महिला को दहेज लोभी ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया।

इस मामले में महिला थानाध्यक्ष सुमन शर्मा से भाकियूअ कार्यकर्ता मिले और रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की। बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला मंडी निवासी एक महिला ने भाकियूअ नेताओं को बताया कि उसकी शादी करीब 6 वर्ष पूर्व आस मौहम्मद पुत्र हनीफ निवासी बाजार वाली गली खेडा जिला बागपत के साथ हुई थी। उसका पति, सास वरिशा, ससुर हनीफ, देवर गुफरान व देवरानी नाजमा जो लालची किस्म के हैं तथा शादी के बाद से ही उससे दहेज में कार की मांग करते चले आ रहे हैं।

मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट व गाली गलोच करते हैं। उसका पति उसके साथ अप्राकृतिक कार्य करता है। देवर गुफरान उस पर बुरी नजर रखता है। कई बार उसने उसके साथ छेडछाड की और रेप करने की नियत से गंदी हरकतें की। उसने शोर मचाया तो उसके ससुराल के सब लोग आ गये और उसके साथ मारपीट करके कार की मांग दोहराई और घर से निकाल दिया।

आरोपियों ने उसकी पसली और बायां हाथ छोड़ दिया। पीड़िता भाकियूअ के तहसील अध्यक्ष अमित सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण पंवार, ब्लॉक सचिव नावेज राणा और तहसील उपाध्यक्ष रणवीर बालियान के साथ थानाध्यक्ष से मिली और उन्हें अपना दुखड़ा सुनाया। थानाध्यक्ष ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध जांच शुरु कर दी है।

# बीईओ ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण की गुणवत्ता का किया परीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बीईओ किरण यादव की अध्यक्षता में बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान व एनसीईआरटी पाठ्ड पुस्तकों पर आधारित शिक्षण प्रशिक्षण आयोजित हुआ। जिसमें एआरपी नरेश कुमार, संजीव कुमार, विजय शंकर, अमीर अहमद व एआरपी क्षमा जांगिड़ द्वारा प्रशिक्षण की शुरुआत कर प्रार्थना सभा की गई।

दिवस 1 के सत्र प्रारंभ हुए। जिनमें सब प्रशिक्षणार्थियों का पंजीकरण कराया गया। ज्ञान समीक्षा एप पर उपस्थिति प्री टेस्ट कराकर प्रथम सत्र का आयोजन हुआ। जिसमें एनसीईआरटी द्वारा विकसित पाठ्य पुस्तक वीणा 1 की विषय वस्तु के प्रति समग्र समझ तथा प्रति स्थानित किए गए 4 पाठों के औचित्य पर परिचर्चा की गई। पाठों से संबंधित अभ्यास, उनकी विशेषताएं व उनसे विकसित होने वाली दक्षताओं के प्रति समझ को विकसित करना विस्तार से समझाया गया। गणित मेले का परिचय व जिज्ञासा बिना एवं गणित मेले पर प्रतिभागियों की जिज्ञासा को जन व उसका समुचित समाधान प्रस्तुत किया गया। सब एआरपी द्वारा प्रशिक्षण को बड़ी मेहनत के साथ दिया गया। बीईओ द्वारा प्रशिक्षण कक्षाओं का निरीक्षण किया गया व प्रतिभागियों से प्रश्न उत्तर के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। प्रतिभागियों द्वारा जवाब देने की स्थिति में उन्होने सबकी प्रशंसा की। यहां पर ओमपाल, राजकुमार, आबाद, सलीम, वसीम, दीपक, सत्येंद्र, पंकज, विनोद, अनुज, श्याम, सचिन, रुबी व हेमलता ने भाग लिया।



# रालोद नेता को पितृ शोक, अंतिम संस्कार में पहुंचे गणमान्य

**मोरना।** रालोद के मीरांपुर विधानसभा डॉ. अमित ठाकरान के पिता व प्रसिद्ध समाज सेवी चौधरी भंवर सिंह के निधन से क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ गयी है। उनके अंतिम संस्कार मे गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। मोरना स्थित आशाकिरण हॉस्पिटल के संचालक व रालोद नेता डॉ. अमित ठाकरान के पिता 68 वर्षीय चौधरी भंवर सिंह ठाकरान का बुधवार को हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। वह पिछले कुछ बीते कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे।शाम के समय शुकतीर्थ स्थित शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्व. भंवर सिंह को स्पष्टवादी व मुखर समाज सेवी के रूप मे जाना जाता है।स्व. भंवर सिंह के परिवार मे पत्नी प्रभा पुत्र अमित व यूनीत हैं। उनके अंतिम संस्कार मे रालोद मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, जिलाध्यक्ष संदीप मलिक,जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, भाजपा नेता अमित राठी, सर्वेन्द्र राठी, शहज़ाद प्रधान, राजेश सहरावत, पंकज माहेश्वरी,विनोद शर्मा,नरेन्द्र राठी, वरुण सहरावत, संजय रवि,अर्जुन तनेजा, असजद एड,सहित, सपा, कांगेस, भाजपा नेता मौजूद रहे।



### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा भाई वसीम झगडालू किस्म का व्यक्ति है जो आये दिन किसी न किसी के साथ लडाई झगडा रखता है तथा अन्य परिवार वाले वसीम का साथ देते हैं। जिस कारण मुझे व मेरे परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मैं करीब 4 वर्ष पूर्व से अपने भाई वसीम व परिवार वालों से अलग रह रहा हूं। मैने अपने भाई वसीम व अन्य परिवार के लोगो से अपना मतलब वास्ता समाप्त कर लिया है। अब भविष्य मे मेरा व मेरे परिवार का वसीम व अन्य परिवार वालों से कोई सम्बन्ध वास्ता किसी प्रकार का नही रहा है। वसीम व अन्य परिवार वालों के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिये वे स्वयं जिम्मेदार होगे। मेरी व मेरे परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**मौ. सुहैल पुत्र रफीक**
**निवासी-मकान न. 79 सरवट,**
**थाना सिविल लाईन,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# सीएम से की पुरा महादेव नावला, कोठी मार्ग चौड़ीकरण की मांग

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सावन के महीने में विश्व के सबसे बड़े धार्मिक कांवड़ मेले में करोड़ों शिवभकत पुरामहादेव पहुंचते हैं।

इनमें से करीब 25 से 50 लाख कांवड़िये खतौली से पुरामहादेव सिद्धपीठ तक जाने वाले माइनर पटरी मार्ग से गुजरते हैं। संकरे और जर्जर इस मार्ग पर हर साल श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान की मांग को लेकर बुधवार को पुरामहादेव कांवड़ पटरी मार्ग संघर्ष समिति के पदाधिकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मिले और मार्ग के चौड़ीकरण व विकास कार्यों को लेकर ज्ञापन सौंपा। समिति ने न केवल सड़क चौड़ीकरण बल्कि मार्ग पर पथप्रकाश, सुरक्षा एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की भी मांग रखी।

समिति के पदाधिकारियो ने बताया कि यह मार्ग खतौली से निकलकर दर्जनों गांवों बड़सू सिकंदरपुर, मुजाहिदपुर, भूपखेड़ी, पाली, कालंद, सरूरपुर, करनावल आदि से होकर सिद्धपीठ पुरामहादेव मंदिर तक पहुंचता है। सावन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच यह मार्ग बार-बार हादसों और जाम का कारण बनता है। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में गोरवानंद महात्मा राजदरबार आश्रम भूपखेड़ी, पूर्व विधायक जितेंद्र पाल सतवाई, हंस सोम पाली, नीरज कुमार, अनिल तोमर और सुधीर प्रधान सहित कई पदा. धिकारी मौजूद रहे। संघर्ष समिति ने उम्मीद जताई कि सरकार शीघ्र ही इस ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के मार्ग को चौड़ा कर सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।



# एसडी कॉलेज में फिटनेस टेस्ट में 150 छात्रों ने लिया हिस्सा

**मुजफ्फरनगर।** भोपा रोड स्थित सनातन धर्म महाविद्यालय में सहारनपुर यूनिवर्सिटी के द्वारा मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के बीएस-सी (शारीरिक शिक्षा) एवं बीपीईएस पाठ्यक्रम का फिटनेस् टेस्ट की आदि जांच की गई।

सनातन धर्म महाविद्यालय में आयोजित हुई विश्वविद्यालय अंतर्गत बीएससी (शारीरिक शिक्षा) एवं बीपीईएस में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का फिटनेस् टेस्ट हुआ जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शारीरिक दक्षता परीक्षण कराया गया तथा उनके सर्टिफिकेट आदि की जांच की गई।इसमें कुल 150 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इस चयन प्रक्रिया में के माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर एवं प्रबन्धक डॉ संदीप गुप्ता, डॉ हरबीर चौधरी, फिजिकल फिटनेस टेस्ट के कोर्डिनेटर, डॉक्टर अंशुल शर्मा सह-समन्वयक प्रवेश तथा आंतरिक विषय विशेषज्ञ के रूप में रीता बोरा, डॉ परवीन कादियां तथा एसडी कॉलेज के बीपीएड विभाग के डॉक्टर अंशुल शर्मा, डॉक्टर संदीप कुमार, डॉ नितिन सिंह, डॉक्टर कर्मजीत कौर ,डॉक्टर चंद्रमणि आदि इंटरनल सिलेक्टर के रूप में उपस्थित रहे। सनातन धर्म महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार पुंडीर ने सभी छात्रों को आशीर्वाद दिया।



### सम्बन्ध विच्छेद

मैं मौ. मुजम्मिल पुत्र माशूक अली ग्राम रसूलपुर दभेडी तहसील थाना बुढ़ाना जिला मु.नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र जिसान आवारा किस्म का गलत संगत में उठता बैठता है। जिसे मैंने व परिवार के लोगों ने काफी समझाया किंतु वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। वह मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से अभद्र व्यवहार करता है। जिससे में और मेरा परिवार काफी परेशान हैं। इसलिए में अपने पुत्र जिसान को अपनी कुल चल और अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का जिसान से कोई मतलब नहीं है। वह अपने किसी भी गलत कृत्य या किसी भी मुकदमे का खुद जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगी।

## छड़ियान मेले को हरी झंडी

# आठवीं बोली में टूटा गतिरोध, 39 लाख एक हजार में छूटी बोली

### सभासदों के अल्टीमेटम के बाद पालिका प्रशासन हरकत में

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** लंबे खींचतान और पालिका की लापरवाही के बाद आखिरकार खतौली का प्रसिद्ध छाड़ियान धार्मिक मेला लगने जा रहा है। बुधवार को लगातार आठवीं नीलामी भी जब बेनतीजा रही तो गुस्साए सभासदों ने पालिका प्रशासन को घेरते हुए 12 घंटे का अल्टीमेटम थमा दिया। दबाव बढ़ने पर दोबारा नीलामी कराई गई, जिसमें ठेकेदार राकेश ने 39 लाख एक हजार रुपये की अंतिम बोली लगाकर मेले के आयोजन पर मुहर लगा दी। पालिका ईओ राजीव कुमार की मौजूदगी में नीलामी की प्रक्रिया हुई। इस बार तीन फर्मों ने हिस्सा लिया। बोली की शुरुआत 25 लाख से हुई, लेकिन ईओ ने 39 लाख से शुरू करने के निर्देश दिए थे। आखिरकार राकेश की 39 लाख की बोली पर सौदा तय हुआ। पिछले साल मेला ठेका 46.500 लाख रुपये तक गया था। इस बार मात्र 39 लाख एक हजार पर रुक जाने से पालिका को करीब सात लाख रुपये का नुकसान झेलना पड़ा। जानकारों का मानना है कि बार-बार नीलामी टलने और समय की कमी के चलते ठेकेदारों ने ऊंची बोली लगाने से परहेज किया।

**गैरमौजूद अध्यक्ष पर भड़के सभासद**

गौरतलब है कि अब तक हुई नीलामी बैठकों में पालिका अध्यक्ष लालू लगातार नदारद रहे। उनकी गैरमौजूदगी से सभासदों का गुस्सा और भड़क उठा। बैठक के दौरान सभासद कपिल मोतला ने चेतावनी दी थी कि यदि 12 घंटे में ठोस कदम नहीं उठाया गया तो व्यापारी और सभासद मिलकर खुद मेला लगवाना शुरू कर देंगे।

**एकता का प्रतीक है मेला**

सभासदों ने कहा कि सावन माह का यह धार्मिक मेला हिंदू-मुस्लिम एकता की पहचान है। इसके आयोजन में देरी श्रद्धालुओं और व्यापारियों के साथ अन्याय है। नीलामी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभासदों ने अपनी चेतावनी वापस



ले ली। अब सबकी निगाहें पालिका अध्यक्ष लालू पर टिकी हैं की वे फाइल पर साइन करते है या कोई दूसरा कदम उठाएंगे।

## किसान के ट्यूबवैल से सामान चोरी

**छपार।** गांव ताजपुर के जंगल से रात्रि में अज्ञात चोरों ने चार बिजली की टयूब्वैलों से एक बिजली का मोटर, स्टार्टर, घड़ी,आपरेटर ,कैबिल व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। सुबह जब किसान खेतों पर गये तो उक्त सामान चोरी देखकर दंग रह गये। पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। मंगलवार को गांव ताजपुर के किसान धर्मेंद्र, रविन्द्र व बरला निवासी चंद्रबोस ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि जब वे सुबह अपने खेतों पर गये तो टड्वेलों के कमरों के ताले तोड़कर एक बिजली का मोटर, स्टार्टर, कैबिल, घड़ी व आपरेटर सहित कीमती सामान गायब मिला। खेतों में तलाश करने पर भी सामान नहीं मिला। उक्त चोरी से किसानों में दहशत का माहोल बना हुआ है। पुलिस जांच में जुटी है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन से गिरकर किशोर की दर्दनाक मौत

**बुढ़ाना।** अपनी बुआ को उसकी ससुराल छोड़कर अपने घर आ रहा किशोर ट्रेन से गिरकर मौत के मुंह में समा गया। घटना को लेकर परिजनों में जबरदस्त कोहराम मचा है। शव के कई टुकड़े हो गये। कस्बे के मौहल्ला दक्षिणी भटवाडा निवासी लगभग 16 साल का राशिद मलिक पुत्र शोकीन की बुआ अपने पीहर बुढाना आई हुई थी। तब वह अपनी बुआ छोटी पत्नि हारुण निवासी जलालाबाद शामली को छोड़ने के लिए उनकी ससुराल गया और बार सहारनपुर में अपने नाना के यहां पर चला गया। जब वह वहां से ट्रेन के द्वारा बुढ़ाना के लिए वापस आ रहा था तो सहारनपुर जनपद से आते हुये टपरी जंकशन पर अचानक से वह ट्रेन से उतरने के दौरान बीच में अनियंत्रित होकर फंस गया और ट्रेन चल पड़ी। जिसमें भिंचकर राशिद की तड़प तड़पकर मौत हो गयी और शरीर के कई हिस्से हो गये। तब रेलवे पुलिस ने शव को पटरी से उठाकर मृतक राशिद की जेब से मिले फोन के आधार पर घटना की सूचना परिजनों को देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सहारनपुर मोर्चरी पहुंचे परिजनों को शव का पोस्टमार्टम होने के बाद राशिद के शव को परिजनो को सौंप दिया। आज बुधवार की देर रात राशिद के शव को बुढ़ाना लाकर सुपुर्द खाक कर दिया गया। घटना को लेकर मौहल्ले में भी भारी शोक व्याप्त है और परिजनों का भी रो रोकर बुरा हाल है।

### खेत पर काम करने गया नौकर लापता

**छपार।** जंगल में ईंख की बंधाई करने गया नौकर रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। काफी तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं लग सका तो उसके मालिक ने थाने में तहरीर दी है। गांव तेजलहेडा निवासी आशू गांव में ही सुधीर चौहान एडवोकेट के यहां नौकरी करता है। सूचना पर थाना पुलिस व सीओ सदर रवि शंकर मिश्रा गांव में में पहुंचे ओर मौका मुआयना किया।बुधवार को सुबह साढ़े सात बजे खेत में ईंख की बंधाई करने गया था। दोपहर तक जब वापस नहीं लौटा तो खेत में उसे तलाश करने गये तो ईख के खेत में संदिग्ध अवस्था उसके जूते व साइकिल पड़ी मिली। किसान ने पीआरवी को सूचना दी। पुलिस ने भी जंगल में तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। सूचना पर थाना पुलिस व सीओ सदर भी गांव में पहुंचे ओर जानकारी की। उक्त किसान ने गुमशुदगी दर्ज कराने को थाने में तहरीर दी है । पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीओ के नेतृत्व में आरएएफ ने की फुट पैट्रोलिंग

**बुढ़ाना।** मोनू खटीक की मौत के ठीक 2 दिन बाद आज बुधवार के दिन बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में रेपिड एक्शन फोर्स के सैंकड़ों जवानों ने कस्बे में शांति व्यवस्था बनाए रखने को फुट पेट्रोलिंग की। मोनू की मौत के बाद से ही स्थानीय पुलिस प्रशासन एलर्ट मोड़ पर है। संवेदन और अति संवेदनशील क्षेत्रों में में भी पैदल गस्त किया गया। बताया जाता है कि अपराधों की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीओ गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में आरएएफ के जवानों ने पैदल पेट्रोलिंग की। इस दौरान भीड़भाड़ वाले स्थान और सार्वजनिक स्थान में असामाजिक तत्वों द्वारा जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालों, गुटबाजी करने वालों, संदिग्ध व्यक्तियों सहित धारदार हथियार रखकर घूमने वालों का पता लगाया जा रहा है साथ ही कस्बे के आउटर क्षेत्रों में संदिग्ध स्थानों की लगातार चेकिंग की जा रहीं है। चेकिंग के दौरान जो भी संदिग्ध पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। ये सीओ गजेंद्र पाल सिंह का कहना है। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने एवं शराब पीने के लिए स्थान उपलब्ध कराने वालों का पता लगाया जा रहा है। साथ ही सार्वजनिक मैदान, पार्क, चौक चौराहों एवं सार्वजनिक स्थान पर 4 पहिया वाहन के अंदर बैठकर शराब पीने वालों के विरुद्ध अभियान के तहत कार्रवाई करने की बात कही गयी है। यहां कोतवाल आनंद देव मिश्र भी मौजूद रहे।

### विद्युत एसडीओ ने ग्रामीण पर लगाया गाली-गलौज करने का आरोप

**जानसठ।** जानसठ बिजली घर पर तैनात एस डीओ ने एक ग्रामीण पर गाली गलौज करने एवं हाथापाई करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल करने में लगी हुई है। विद्युत विभाग जानसठ के एस डीओ चंदन चौबे ने कोतवाली में तहरीर के माध्यम से बताया,कि बीती रात लगभग 8:00 बजे महेलकी के फीडर की लाइन पर अचानक से पेड़ गिर जाने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। जिसके चलते रात्रि में ही लाइनमैन विनोद कुमार ने शटडाउन लेकर पेड़ को हटवाया। आरोप है की नरसिंहपुर चुड़ियाला के ग्रामीण अमिर पुत्र मांगता ने फोन पर अवर अभियंता के साथ अभद्र व्यवहार एवं गाली गलौज की उसके उपरांत लाइनमैन विनोद कुमार ने पुन: ग्रामीण को फोन किया तो आरोप है कि उक्त ग्रामीण ने दोबारा से लाइनमैन के फोन पर भी गाली-गलौज की जिसको लाइनमैन ने रिकर्ब्ड कर लिया इतना ही नहीं रात्रि में ही ग्रामीण दो अन्य अज्ञात लोगों के साथ बाइक पर सवार होकर बिजली घर पर पहुंचा और डडूटी पर तैनात एस एस ओ मोहित कुमार को जबरन फीडर चालू करने के लिए कहने लगा,चालू नहीं करने पर फिर से गाली गलौज और हाथापाई करने लगा। इससे छुब्द होकर विभाग के एसडीओ, एस एसओ एवं लाइनमैंन ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया राजीव गांधी का जन्मदिन

**बुढ़ाना।** बुधवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला काजीवाडा में हकीम मुबीन अहमद की बैठक में कंप्यूटर क्रांति के जनक, भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी का जन्म दिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया और उनकी जन्म दिवस के उपलक्ष्य में एक सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अनिल दत्त शर्मा और कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर जावेद उस्मानी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे हिस्सा लिया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा



कि उनके कार्यकाल में देश में सुख, चौन, अमन और शांति थी और हर वर्ग के लोगों को पूरा सम्मान मिलता था। कार्यक्रम में स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्म दिवस पर केक और लड्डू भी बांटे गए और खुशी मनाई गयी। यहां इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस बुढ़ाना ब्लॉक के अध्यक्ष आमिर राणा, युवा कांग्रेस के जिला महासचिव आमिर उस्मानी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वकील राणा, मुखिया सलीम राणा मंदवाडा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शकील अहमद, इकबाल मलिक, अफजाल अहमद और सलीम अहमद आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति देखने को मिली।

## ड्रोन ने फिर फलाई दहशत, मौके पर पहुंची पुलिस

**जानसठ।** कस्बे के एक मोहल्ले में एक युवक ने रात्रि के समय ड्रोन उड़ा दिया जिसके चलते आसपास के मौहल्ले में वहां के नागरिकों में दहशत फैल गई नागरिकों के द्वारा स्थानीय पुलिस को फोन कर सूचना दी गयी।

गौरतलब रहे कि क्षेत्र मे पिछले लगभग एक माह से ड्रोन व चोरों के भय से जानता रात्रि मे जाग कर बिता रही हैं। ऐसे भय के माहौल में और भय पैदा करने के लिए मोहल्ला गंज निवासी कुछ युवकों ने रात्रि लगभग 9 बजे के आसपास ड्रोन उड़ा कर दहशत फैलाने का प्रयास किया। सूचना पाकर पुलिस मोके पर पहुँची और नवनीत कुमार पुत्र नरेश निवासी मोहल्ला गंज को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव शर्मा ने बताया कि नवनीत पुत्र नरेश मोहल्ला गंज निवासी को बिना परमिशन ड्रोन उड़ाने को लेकर हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर मान्य न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## 54.86 करोड की लागत से होगा ओवरब्रिज का निर्माण

**खतौली।** खतौली बुआड़ा मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। ओवरब्रिज का निर्माण 54.86 करोड़ रुपये की लागत से होगा। सेतु निगम की ओर से पुल का निर्माण हो रहा है। पुल निर्माण होने से इस मार्ग के आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के लोगों को लाभ मिलेगा।

डीएफसी रेल लाइन तथा डबल रेल लाइन बनाए जाने से बुआड़ा फाटक को बंद कर दिया गया था। फाटक से कुछ ही दूरी पर अंडरपास का निर्माण कराया गया था। अंडरपास में जलभराव होने से इस मार्ग पर आवागमन करने वाले ग्रामीणों व अन्य लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डा. संजीव बालियान के प्रयास से ओव. रब्रिज निर्माण को हरी झंडी मिल गई थी। काफी समय से निर्माण कार्य बंद पड़ा था। सेतु निगम अधिकारियों ने विगत दिनों तहसील पहुंच कर जमीन का अधिग्रहण करने के लिए भू स्वामियों से बात की थी।जमीन अधिग्रहण के साथ ही पुल निर्माण का कार्य शुरू कराया गया। निर्माण से बुआड़ा कलां, खानजहांपुर, बुआड़ा खुर्द, ,पलड़ा, जंधेडी के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। यह मार्ग मुजफ्फरनगर-जानसठ हाईवे तथा गंगनहर कांवड पटरी मार्ग को जोड़ता है। सेतू निगम के एक्सईएन रित्विक श्रीवास्तव, सहायक अभियंता ओमप्रकाश, जेई मोहम्मद हुसैन ने बताया कि ओवरब्रिज निर्माण में 54.86 करोड़ रुपये की लागत आएगी। पुल की लंबाई 708.67 मीटर और चौडाई 7.50 मीटर होगी। रेलवे विभाग की ओर से 76.04 मीटर पुल का निर्माण कराया जाएगा। पुल की कुल लागत में रेल विभाग 16 करोड़ 72 लाख 88 हजार रुपये पुल निर्माण में खर्च करेगा। इस कार्य को दो वर्ष में पूर्ण करा लिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री पर हमले की निंदा, महिला सुरक्षा पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवास पर उस समय हमला हो गया जब वह साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान लोगों की शिकायतें सुन रही थीं। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने आरोपी को तुरंत दबोच लिया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान राजेश खिमजी (41 वर्ष), निवासी राजकोट, गुजरात के रूप में हुई है। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है।घटना के बाद पूरे राजनीतिक गलियारे में आक्रोश फैल गया है। अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन खतौली नगर अध्यक्ष अभिषेक गोयल एडवोकेट ने हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतभेद और विरोध हो सकते हैं, लेकिन हिंसा की कोई जगह नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल दुखद और निंदनीय है, बल्कि महिला सुरक्षा की पोल भी खोलती है। गोयल ने सवाल उठाया कि अगर दिल्ली की मुख्यमंत्री ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम महिला या आम आदमी कैसे सुरक्षित रह सकते हैं? उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी और मुख्यमंत्री जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ होंगी। इस हमले को लेकर दिल्ली पुलिस और सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

## भाकियू तोमर कार्यकर्ताओं ने एआरटीओ कार्यालय घेरा

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन द्धतोमरत्र्ह ने ।त्ज्ञ ओफिस मे आज जबरदस्त नारी बाजी करते हुए किसानो और आम जन कि समस्याओं को उठाया संगठन के युवा जिला अध्यक्ष सोनू चौधरी ने 2 दर्जन से अधिक पद अधिकारी और कार्यकर्ताओं ने एआरटीओ ओफिस का घेराव कर जबरदस्त प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन 11 सूत्रीय मागौ का ।त्ज्ञ सुशील मिश्रा को सौंपा जिसमे मुख्य मागे रही है कि अगर कोई भी किसान और आमजन अपनी गाडी का रजिस्ट्रेशन या ट्रेक्टर का रजिस्ट्रेशन हो या फिर गाडी का रजिस्ट्रेशन या फिर क्स का मामला हो या फिर गाडी फिटनेस का मामला हो सभी चीजो कै 5 गुना पैसा वसूला जाता है और एआरटीओ ने दलालो से साठ गाठ कर ओफिस पर छोडकर रखा है और उनसे मोटी रकम ली जा रही यहा तक जो गाडिया कचरे कि है रद्दी कि है और जो गाडी कच्चा माल कि मारकिट मे चलती है उनसे भी 5000 से 6000 रु कि ऐन्टरी ली जाती है यहा तक जब कोई रोडी रेत कि गाडी पकडी जाती है तो उसे मोटे चालान का डर दिखाकर मोटी रकम वसूली जाती है संगठन के जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी ने कहा है कि हमारी मांग है इन चीजौ पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाये जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी ने एक बडा खुलासा करते हुए कहा है कि मुज" फरनगर ।त्ज्ञ मिश्रा कि गाडी राहुल नाम का ड्राइवर चलाता है जौ पिछले 10 सालो है गाडी चला रहा है जो प्राइवेट है जो खुद कि गाडी प्राइवेट गाडी चला रहा है निखिल चौधरी ने कहा है कि क्या



भाजपा सरकार इतनी कमजोर है ।एआरटीओ मुजफ्फरनगर मे एक सरकारी गाडी भी दी नही जा रही है और सरकारी ड्राइवर भी नही दीया जा रहा और निखिल चौधरी ने कहा कि अगर जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान नही होता है तो संगठन 29 अगस्त एआरटीओ ओफिस पर धरना प्रदर्शन होगा जिसकी जिम्मेदारी खुद एआरटीओ ओफिस कि होगी इस मोके पर कार्यकारिणी प्रदेश प्रभारी अजय त्यागी मोनू धीमान हारूण साजिद सादिक आदि मौजूद रहे।

## एमडीएस के छात्र-छात्राओं ने किया कुरुक्षेत्र का शैक्षिक भ्रमण

**मुजफ्फरनगर।** बी.आई.एस. शाखा देहरादून के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में एम.डी.एस. विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र तथा श्रीकृष्ण संग्रहालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास, संस्कृति तथा वैज्ञानिक उपलब्धियों से रूबरू कराना तथा उनके व्यकितत्व विकास में सहायक अनुभव प्रदान करना था।

इस भ्रमण की शुरुआत कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र से हुई, जहाँ विद्यार्थियों ने महाभारत के युद्ध के जीवंत एवं विशाल ख्रश्यों का अवलोकन किया। इस पैनोरमा में प्राचीन भारतीय सभ्यता, संस्कृति




और धर्म के विभिन्न आयामों को अत्यंत आकर्षक एवं सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया है। विद्यार्थियों ने न केवल ख्रश्यावलोकन किया बल्कि यह भी अनुभव किया कि तकनीकी साधनों और वैज्ञानिक पद्धतियों की सहायता से कैसे इतिहास को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया जा सकता है। विज्ञान केंद्र में विद्यार्थियों ने विज्ञान के अनेक प्रयोगों, भौतिकी एवं रसायन के रोचक मॉडलों तथा अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित जानका. रियों को देखा। यहाँ पर प्रदर्शित वैज्ञानिक यंत्रों ने उनकी जिज्ञासा को और प्रबल किया। इस दौरान बच्चों ने विज्ञान के महत्व को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महसूस किया। तकनीकी सत्र में बच्चों के विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों के द्वारा जागरूक किया गया। इस अवसवर पर बच्चों को महाभारत पर आधारित 3डी फिल्म एवं तारामंडल भी दिखाया गया। इसके पश्चात् विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण संग्रहालय का भ्रमण किया। संग्रहालय में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन, महाभारत के प्रसंग, गीता के उपदेश तथा उनसे संबंधित सांस्कृतिक धरोहरों को देखकर छात्र-छात्राएँ भावविभोर हो गए।

## प्राचीन शिव मंदिर में मनाया श्री कृष्ण छठी महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** प्राचीन शिव मंदिर मोहल्ला कानून गोयन में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में छठी महोत्सव मनाया गया जिसमें आयोजन डक्क्टर संदीप वर्मा युपी रत्न पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं यजमान वरिष्ठ समाजसेवी श्री बृज किशोर गुप्ता बिट्टू जिला सहसंयोजक व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा रहे यज्ञ श्री आचार्य दीपक कौशिक जी ने मंत्र उच्चारण द्वारा कराया इस शुभ अवसर पर मंत्र उच्चारण द्वारा यज्ञ कराया गया मंदिर प्रांगण में आए सभी श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना वह माला पहनाकर स्वागत किया गया वह भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे में हजारों की संख्या में माता और बहनों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान श्री कृष्ण भगवान का कीर्तन किया सेवादार हिमांशु एडवोकेट, धर्मेंद्र मित्तल, सोनू मित्तल, अजय धीमान, मोनू वर्मा, मोहित गुप्ता, अंकुर गुप्ता, आर्यन राठी, दीपक राठी, हेमंत ठाकुर, नीरज गुप्ता, राहुल गुप्ता, सुशील मित्तल, मनीष गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी अर्जुन गुप्ता, उमेश पुरी पम्मी, अंशुल गुप्ता, चंद्र भूषण गर्ग, धीरज गर्ग, मनीष गोयल, सुशील वर्मा, विपिन गोयल, मंडल अध्यक्ष अजय पवार, कृष्ण मित्तल, पंडित भानु शर्मा, निर्दोष जैन, आकाश गोयल, गौरव गोयल, पंडित अनुज शर्मा, डाक्टर भोपाल राठी,अंशुल राठी, भाजपा नेता भारत भूषण खुल्लर, धर्मेंद्र



राठी, सुनील कुमार गुर्जर, अमित गर्ग, ,मुकेश गर्ग, विक्रम सिंह राणा, किरण कुमार, सतपाल सिंह. वीरेंद्र सिंह, गगन टाइप, अभी सेवादार, डा विधान, मैनपाल वाल्मीकि, पप्पन कांगड़ा वाल्मीकि, डा जगमोहन आदि उपस्थित रहे।

## अपहरण और लूट में आरोपी का रिमांड लिया

**चरथावल।** पुलिस ने महिला के अपहरण और लूट के मामले में एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी उमर पुत्र अब्दुल्ला निवासी ग्राम हैबतपुर को न्यायालय के आदेश पर रिमांड पर लिया। आरोपी की निशानद. ही पर पुलिस ने एक 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है आपको बता दें कि कुछ दिन पहले ही पुलिस ने आरोपी के मकान पर धारा 82 सीआरपीसी के तहत नोटिस चस्पा किया था, जिसके बाद आरोपी ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया था। आरोपी उमर उर्फ फारुख और उसका साथी तसव्वुर पुत्र सालिम, जो कि उसी गांव के रहने वाले हैं, दीवार फांदकर एक घर में घुस गए। आरोप है कि दोनों ने घर में सो रही 16 वर्षीय किशोरी को तमंचे के बल पर अगवा कर लिया था।फिलहाल पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लेकर हथियार बरामद किया है ।

## कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुधवार को तहसील परिसर स्थित अधिवकता योगेश खारी के चौंबर पर भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 80वीं जयंती कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़े ही श्रद्धाभाव से मनाई।

इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा लड्डू बांटकर जन्मदिन का उत्सव मनाया गया।

कांग्रेस नेता योगेश खारी ने राजीव गांधी को एक दूरदर्शी राजनेता बताते हुए कहा कि उन्होंने युवा भारत की शकित को पहचानकर देश को आधुनिक तकनीक, शिक्षा एवं सूचना क्रांति की दिशा में आगे बढ़ाया। उनका मानना था कि भारत की असली ताकत युवाओं में है, इसी सोच के साथ उन्होंने युवाओं को राजनीति, शिक्षा और तकनीकी विकास में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। खारी ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था लागू कर राजीव गांधी ने लोकतंत्र को गाँव-गाँव तक पहुँचाया और आम लोगों को निर्णय लेने की शकित दी। सूचना प्रौद्योगिकी एवं दूरसंचार क्षेत्र में उनके प्रयासों ने भारत को नई पहचान दिलाई। उनका जीवन सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व केवल सत्ता प्राप्ति नहीं बल्कि जनता की सेवा और देश को प्रगति के मार्ग पर ले जाना है। इस मौके पर मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संकल्प दो. हराया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष योगेश खारी एडवोकेट, ब्लाक अध्यक्ष नवाब सिंह जाटव एडवोकेट, नगर अध्यक्ष जानसठ सैय्यद असगर जैदी, सरदार मंजीत सिंह, सराफत भलवा, सरदार गुरजीत सिंह उर्फ बिट्टू, राजेंद्र सैनी, मोहम्मद मेहराज अली, सैय्यद शहजाद कामिल, नीरज शर्मा, इमरान मुल्ला, प्रीति उपाध्याय, लाल सिंह, नासिर बाबा, सत सिंह, बाबूराम गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## प्रेसवार्ता में गलत कार्यवाही पर भड़के पूर्व प्रमुख विनोद

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के पूर्व प्रमुख और रालोद के कद्दावर नेता विनोद मलिक ने प्रेस वार्ता करते हुए मृतक मोनू खटीक के मामले में साफ शब्दों में पुलिस को चेतावनी देते हुए कहा कि घटना के समय की जो वीडियो वायरल हुई है और उसमें जो दिखाई पड़ रहे हैं पुलिस उन्हें ही जेल भेजे। अन्य लोगों को अगर राजनेताओं के दबाव में परेशान किया गया तो वे जनता को लेकर सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। पूर्व प्रमुख श्री मलिक ने यह बात उस समय कहीं जब उनको पता लगा कि बुढाना पुलिस मोनू खटीक के मामले में सत्ता के दबाव में आकर उन लोगों के घरों में भी तोड़फोड़ कर रही है जो इस केस में दूर दूर तक भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें भी मोनू की मौत का दुख है हम इस घटना की कड़ी निन्दा करते हैं लेकिन इसमें किसी को भी अपनी रंजिश निकालकर किसी बेकसूर का नाम भी नहीं लिखवाना चाहिए। हत्या का झूठा मुकदमा एक परिवार को सारी उम्र के लिए बर्बाद कर देता है। पुलिस



को भी संयम से काम लेकर सिर्फ और सिर्फ उनको ही जेल भेजने का काम करना चाहिए जो वीडियो में साफ दिख रहे हैं। मुझे नहीं लग रहा कि कुछ निष्पक्ष चल रहा है। हमारी भी कुछ जिम्मेदारी बनती है कि हम केस को सही खोलें। उन्होंने पुलिस को तीन दिन का समय देते हुए कहा कि पुलिस सही हत्यारों को ही जेल भेजे। अगर किसी निर्दोष के घर पर किसी भी तरह की दबिश दी तो वे जनता को लेकर सड़कों पर उतरेंगे और फिर जगह नहीं मिलेगी। वार्ता में गांव बिटावदा के पूर्व प्रधान सत्यपाल सहरावत, रालोद नेता सुरेंद्र सहरावत, बुढ़ाना नगर पंचायत के सभासद नियम पंवार, युवा रालोद नेता संयम पंवार, सभासद नितिन शर्मा और दीपक प्रजापति आदि लोग मौजूद थे।

## राज्यमंत्री दिनेश खटीक मोनू के परिजनों से मिले

**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री दिनेश खटीक आज कस्बा बुढ़ाना में मृतक मोनू के परिजनों से मिले और उनको सांत्वना देकर पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उधर पूर्व विधायक उमेश मलिक ने भी मोनू खटीक के परि. जनों से मुलाकात कर उनको न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बुढ़ाना में मोनू खटीक की दुखद मृत्यु पर संवेदना व्यक्त करने आज तीसरे दिन भी पूर्व विधायक उमेश मलिक परिजनों से मिले। इस दौरान राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने भी पीड़ित परिवार से मुलाकात की लेकिन पूर्व विधायक उमेश मलिक लगातार तीसरे दिन भी पीडित परिवार के साथ खड़े दिखाई दिए। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी और परिवार को हर संभव सहायता दी जाएगी। यहां भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री सुधीर खटीक, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसडीएम अपूर्वा यादव, भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तीन दिन पूर्व मोनू नाम के एक युवक की कुछ लोगों को द्वारा चोर बताकर पिटाई कर दी गयी थी।

जिसमें अगले दिन मोनू की उपचार के अभाव में उसके घर पर ही मौत हो गयी थी। इस मामले में पुलिस एक हत्यारे को गोली मारकर पकड़ चुकी है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में दबिशें जारी हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किसान दिवस में डीएम के न पहुंचने पर किसानों ने किया हंगामा

## एडीएम ने सुनी समस्याएं, दिया विभागीय कार्रवाई का आश्वासन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को विकास भवन में आयोजित किसान दिवस में डीएम के न पहुंचने पर किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने किसान दिवस में की जाने वाली शिकायतों का निस्तारण न करने का आरोप लगाया। साथ ही अधिकारियों न पहुंचने पर किसान संगठनों ने किसान दिवस का बहिष्कार कर दिया। किसान दिवस में पहुंचे प्रभारी जिलाधिकारी, एडीएम ने किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान चले गए।

बुधवार को विकास भवन के सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारी सवेरे 11 बजे पहुंचे गए थे।उप कृषि निदेशक प्रमोद कुमार ने पिछली बैठक में प्राप्त समस्याओं के समाधान की जानकारी दी। जिसके बाद भाकियू टिकैत व भाकिय अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने किसान दिवस में डीएम को बुलाने की मांग की तो अधिकारियों ने डीएम के छुटटी पर होने की जानकारी दी, लेकिन किसान संगठनों के नेता भड़क गए और उन्होने कहा कि किसान दिवस अधिकारियों ने मजाक बनाकर रख दिया है। यदि डीएम को बाहर जाना था तो किसान दिवस आगे पीछे किया जा सकता है। उन्होने अन्य अधिकारियों विद्युत विभाग, शुगर मिल अधिकारियों के न पहुंचने पर भी नाराजगी व्यक्त की। कहा कि किसान दिवस में जो किसान दिवस में शिकायते की जाती है उनका कोई निस्तारण नही हो पाता है। किसान आवारा पशु, बिजली, गन्ना भुगतान, टंकी, नलकूप, सड़क आदि की समस्याओं से जूझ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के रास्ते खराब है, लेकिन सिर्फ कागजों में उन समस्या का समाधान दर्शाया जाता है, जबकि धरातल पर कुछ नही है। भाकियू के पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल खाटियान ने ग्रामीण क्षेत्रों में लग रही टंकियों की समस्याओं को उठाया। भाकियू जिलाध्यक्ष सांता प्रधान ने कहा कि जब किसान दिवस में अधिकारी नही है तो किसान दिवस का बहिष्कार किया जाता है। जिसके बाद भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष कालेन्द्र मलिक ने समर्थन किया और किसान दिवस का बहिष्कार कर दिया। जिसके बाद सभी किसान संगठन एक राय होकर किसान दिवस को छोड़कर चले गए।

इस दौरान जिलाधिकारी प्रभारी एडीएम सतएन्द्र सिंह ने किसानों को समझाने का प्रयास किया। बताया कि डीएम अवकाश पर है और उनके पास ही जिलाधिकारी का चार्ज है, लेकिन किसान नही माने और चले गए। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी आरएस कुशवाह, जिला उद्यान अधिकारी सतएंद्र मान, किसान नेता कुलदीप पंवार, मोहित शर्मा, अजीत निर्वाल, प्रेमपाल सिंह, पंकज मलिक कुडाना, हरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराकर बाइक सवार दो दोस्तों की मौत, परिवार में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के ऊन रोड पर बाइक सवार दो युवकों की ट्रैक्टर ट्राली के साथ टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस एवं राहगीरों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। लेकिन चिकित्सक द्वारा घायल दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। दोनों युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार की देर शाम को क्षेत्र के गांव सिंकदरपुर निवासी दीपक पुत्र देवी सिंह व सन्नी पुत्र नरेश बाइक पर सवार होकर झिंझाना जा रहे थे।जब बाइक सवार हंस हेरिटेज फैक्ट्री के पास पहुंचे तो ट्रैक्टर ट्राली से बाइक सवारों की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। लेकिन अस्पताल में चिकित्सक द्वारा दोनों को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया,वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया घटना की सूचना मिली थी दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।वहीं ट्रैक्टर की तलाश की जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



दीपक



सन्नी



### तीन माह पूर्व हुई थी सन्नी की शादी, दो पुत्रियों का पिता था दीपक

झिंझाना। ऊन रोड पर ट्रैक्टर ट्राली से बाइक सवारों की दुर्घटना में हुई दो मौत में सन्नी उम्र 22 वर्ष पुत्र नरेश की तीन माह पूर्व खतौली के रतनपुरी निवासी प्रीति से शादी हुई थी। अभी प्रीति के हाथों की मेहंदी भी नहीं सुखी और पति सन्नी साथ छोड़ गए। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं दूसरे युवक दीपक 25 वर्ष पुत्र देवी सिंह की भी मौत हो गई। दीपक के दो बेटी है जिसमें बड़ी बेटी देविका दो वर्ष व छोटी बेटी अदिति एक वर्ष व पत्नी सुधा को रोता बिलखता छोड़ गए। एक साथ गांव में दो जवान मौत होने से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### हंसता खेलता परिवार बिखलता रह गया

**झिंझाना।** ऊन रोड पर दुर्घटना में हुई दो युवकों दीपक एवं सन्नी की मौत दोनों ही गहरे मित्र थे। दोनों एक साथ मजदूरी करते थे और आज भी दोनों मजदूरी करने के बाद गांव से झिंझाना जा रहे थे।

जहां दुर्घटना में दोनों की मौत हो गई। दीपक चार भाई ओर एक बहन है। जिसमें बड़ा भाई सोनू, सोनिया बहन ,दीपक, सागर, आकाश है। सन्नी तीन भाई हैं जिसमें नितिन, सन्नी, अंकित, बहन ज्योति है।

# जन्मदिन पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का स्मरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व राजीव गांधी के जन्मदिन पर कांग्रसियो द्वारा सद्भावना पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। कांग्रेसियों ने उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलने का संकल्प भी लिया है। बुधवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व राजीव गांधी के जन्मदिन पर कांग्रसियों ने उनको याद किया। शहर के एमएसके रोड स्थित सदभावना पार्क में पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूर्व जिलाध्यक्ष व सहारनपुर कोर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि जब दुनिया अपने तौर-तरीके तेजी से बदल रही थी, उस समय भारत की सत्ता राजीव गांधी ने संभाली थी। सरकार में आते वक्त राजीव गांधी के हृदय में मां को खोने का अपारदुख था, परंतु इसका असर उनकी कार्य-शैली पर तनिक भी नही पडा। इसका जीवंत प्रमाण उनके कार्यकाल की वो उपलब्धियां है जो उनके नेतृत्व में इस देश को हासिल हुई। पंचायती राज में राजीव गांधी ने गांवो को संवैधानिक दर्जा देने का बडा फैंसला किया। नवोदय विद्यालयों की स्थापना की। शिक्षा नीति के तहत हुई 30 जून 1986 को संपन्न यह मिजो समझौता देश की अखंडता और अनेकता में एकता के सिद्धांत का स्वर्णिम अध्याय है। इस अवसर पर बाबूखान, शेखरपाल, ज्योति प्रसाद शर्मा, रविन्द्र आर्य,सोहल धीमान, लोकेश कटारिया, डा। पाल सिंह, जबर सिंह पाल, सुरेंद्र सरोहा, सुरेश पाल सैनी, राम शर्मा, ओमकार प्रधान, सुभाष पांचाल, राजेश कश्यप, साजिद सैफी, सोनु कश्यप, बिन्दर चौधरी मौजूद रहे।



# प्लाट पर निर्माण को लेकर दो पक्षों में झगड़ा, पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र हनुमान रोड़ पर रेडीमेट गारमेंट के व्यापारी व एक अन्य व्यापारी के बीच खरीदे गए प्लाट पर निर्माण कार्य को लेकर झगड़ा हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने झगड़ा कर रहे दोनों लोगों को कडी फटकार लगाते हुए शांत किया। वही पुलिस ने कपडा व्यापारी की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के आर्यपुरी निवासी स्पर्श बंसल पुत्र अतुल कुमार बंसल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पिता अतुल बंसल अपनी प्रोपर्टी हनुमान रोड़ निर्माण कार्य करा रहे है। गत 19 अगस्त को दोपहर 3 बजे मिस्त्री ने कुछ सामान लाने के बुलाया। आरोप है कि जैसे ही अतुल बंसल मौके पर गए तो वहां पर पहले से ही घात लगाए बैठे प्रमोद अग्रवाल, सुबोध अग्रवाल, अजय अग्रवाल पुत्रगण कौशलवीर अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल पुत्र प्रमोद अग्रवाल, वंशज अग्रवाल पुत्र अजय अग्रवाल निवासीगण हनुमान रोड आए जो हाथों में लाठी डण्डे, सरिया, धारदार हथियार व चाकू लेकर लिए हुए थे। आते ही गाली गलोच करते हुए मारपीट शुरू कर दी है। जिसमें आंख के ऊपर व शरीर पर गम्भीर चोटे पहुंचाई। प्रतीक अग्रवाल ने उनके गले से सोने की चौन तोड दी। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पिता को गंभीर चोट होने के कारण सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जान से मारने की धमकी का आरोप

वही दूसरी ओर प्रमोद कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर अतुल बंसल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। प्रमोद कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका अतुल बंसल से एक साझे की दीवार को लेकर विवाद चल रहा है। जिसको कई बार फैसला हो चुका है। आरोप है कि गत दिवस उन्होने दीवार को दोबारा उतारना शुरू कर दिया।

उन्होने नीव की खुदाई की तो बराबर में मौजूद मकान को हानि पहुंची। जिसका विरोध किया गया तो अतुल बंसल ने अपने भाई कपिल बंसल, अमित, कपिल बंसल व विपिन बंसल के साथ परिवार को जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की। जिसकी सूचना डायल-112 पुलिस को दी गई। जिसके बाद उक्त लोग फरार हो गए। धमकी के बाद परिवार में दशहत व्याप्त है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आज समर्पण सेवा ट्रस्ट एवं जगत बंधु सेवा ट्रस्ट शामली द्वारा शामली के ग्राम लांक में एक विशाल 48वें नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन शामली जिले के कस्बा बनत में किया गया। कैम्प में 136 मरीजों की आंखों की जांच महंत इंद्रेश हॉस्पिटल देहरादून के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सकों के द्वारा की गई, जांच के पश्चात सभी मरीजों को संस्था द्वारा नि:शुल्क दवाईयां वितरित की गई। कैम्प में जांच के उपरांत 9 मरीजों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद पाया गया, मोतियाबिंद के सभी मरीजों को बस के माध्यम से देहरादून भेज कर सभी मरीजों का ऑपरेशन नि:शुल्क कराया जाएगा। संस्था के संस्थापक अमन नामदेव के द्वारा बताया गया कि संस्था बढ़ चढ़ कर सामाजिक कार्यों में भाग लेती है। उन्होंने बताया की गांव में अनेकों मरीज ऐसे है, जिनको अच्छे से नहीं दिखाई देता है, परंतु पैसे का अभाव होने के कारण वो अपनी जांच एवं ऑपरेशन करने में सक्षम नहीं है। संस्था अमन नामदेव के द्वारा बताया गया कि जिन बुजुर्गों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन कराए जाएंगे उन सभी मरीजों को सहायक उपकरण जैसे कान की मशीन, छड़ी, कमोड वाली कुर्सी, व्हील चेयर, वाकर, कमर दर्द की बेल्ट, घुटनों की बेल्ट आदि सहायक उपकरण भी एलिमको कानपुर के सहयोग से फी दिए जाएंगे। अमन नामदेव संस्था के जिला अध्यक्ष संदीप उपाध्याय, कोषाध्यक्ष पुनीत कुमार, राहुल बेदी, वासु उपाध्याय, आकाश जैन, रेणु नामदेव, सचिन कुमार, रेखा रानी आदि संस्था के सभी सदस्य एवं सभी समाजसेवा बंधु उपस्थित रहे।



# छात्रा की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालने पर धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** लाइब्रेरी सेंटर की सीढ़िया पर चढ़ते हुए एक छात्रा की कुछ युवकों ने वीडियो बना ली जिसे यूवको ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर वायरल कर दी। परिजनों ने जब वीडियो सोशल मीडिया पर देखी तो परिजनों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ केंद्र पर पहुंच धरना प्रदर्शन किया। केंद्र संचालक द्वारा आगे ऐसी गलती ना होने की आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ। थाना भवन नगर में स्थित एक लाइब्रेरी सेंटर पर जाने वाली छात्रा की वहीं पर पढ़ रहे कुछ युवकों ने उसे समय वीडियो बना ली जब वह लाइब्रेरी की सीढ़िया पर चढ़ रही थी। छात्र की पीछे से वीडियो बनाकर युवकों ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर डाल दी। वीडियो जब छात्रा के परिजनों ने देखी तो गुस्साए परिजनों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला कला मंच संयोजक राहुल शास्त्री के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ बुधवार को थानाभवन में स्थित लाइब्रेरी सेंटर पर पहुंचे तथा लाइब्रेरी संचालक से मामले में शिकायत की परंतु लाइब्रेरी संचालक उस समय कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हुआ तथा उल्टे परिजनों को ही धमकाने लगा। मामले को लेकर संगठन के लोगों ने परिजनों के साथ लाइब्रेरी सेंटर के बाहर बैठ गए तथा धरना प्रारंभ कर दिया। मामला बढ़ता देख लाइब्रेरी संचालक आनंन फानन में मौके पर पहुंचा तथा माफी मांगते हुए मामले को शांत कर दिया। जिस पर धरना कर रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने लाइब्रेरी संचालक से लिखित में आगे ऐसी गलती ना होने की आश्वासन की मांग की। जिस पर लाइब्रेरी संचालक ने लिखित में आश्वासन देते हुए मामले को शांत कर दिया। तब जाकर धरना समाप्त हो सका। धरने के दौरान प्रांत सह सोशल मीडिया संयोजक वैभव अग्रवाल , जिला संयोजक विष्णु शर्मा, जिला कला मंच संयोजक राहुल शास्त्री, लक्की , आर्यन, वंश, अनुज, शिवम् , राज, सक्षम, अनिरुद्ध, विनय, आदित्य , बादल, सचिन , जगत , मोहित ,आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नशामुक्ति के प्रति किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में नशा मुक्ति विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें थाना एएचटी से आई पुलिस टीम नें छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों और उनसे बचने के उपाय बताए। बुधवार को कार्यशाला में थाना एएचटी से प्रभारी सचिन शर्मा, एसआई उपेन्द्र सिंह, रामेश्वर दयाल, कांस्टेबल प्रमोद कुमार, तिलकराज, कविता सिंह, व वन स्टॉप सैंटर प्रभारी गजाला त्यागी, तपस्या यादव ने छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति विषय पर विस्तार से जानकारी दी।

वर्तमान में छात्र-छात्राएं बिना कुछ सोचे समझे इसका शिकार होते जा रहे हैं, यदि वर्तमान पीढ़ी को नशे से नहीं बचाया गया तो भारत का भविष्य अन्धकार में चला जाएगा। नशे में पडे हुए बच्चे को सहानुभूति की आवश्यक्ता होती है उसको दण्ड देकर सुधारा नहीं जा सकता। मौके पर प्रधानाचार्य अनिल शर्मा, अध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग, प्रबन्धक राजीव संगल आदि मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा का हवन यज्ञ के साथ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राम सेवा समिति शामली द्वारा आयोजित मद् भागवत कथा महोत्सव का बुधवार को हवन यज्ञ के साथ समापन हो गया। यज्ञ के बाद महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें शहर तथा आसपास देहात क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ उठाया।

कथा के अंतिम दिन वृंदावन धाम से पधारे आचार्य मृदुलकांत शास्त्री ने श्रद्धालुओं को मद भागवत कथा को अपने जीवन में ग्रहण करने का संदेश दिया। उन्होने कहा कि भगवान सच्चे हृदय से की गई प्रार्थना को अवश्य स्वीकार करते हैं और अपने भक्तों के दु:ख हर लेते हैं। कथा के अंतिम दिन सवेरे हवन यज्ञ हुआ, जो पंडित मधुकृष्ण शास्त्री ने विधि विधान से यज्ञ संपन्न कराया।



यज्ञ के यजमान विपिन कुमार उर्फ मानू व उसकी पत्नी सालिनी मित्तल रहे।

इस दौरान शहर तथा आसपास देहात क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने यज्ञ में आहुति प्रदान कर धर्मलाभ उठाया। तत्पश्चात महाआरती की गई, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं की आपार भीड रही। मौके पर अजय मित्तल, अंजना मित्तल, तरूण बंसल, शिवानी बंसल, अनुज गर्ग, सविता गर्ग, संजय मित्तल, सुमन मित्तल, मनीष मित्तल, रितेश गोयल, नंद किशोर, रामकिशोर, योगेश, सचिन मित्तल, रितेश मित्तल, तनिश मित्तल, संजीव कश्यप, सारा मित्तल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर



**शामली।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र सहारनपुर के अंतर्गत मादक पदार्थों नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा रू नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर चलाया जा रहा है। इसी अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शामली संतोष कुमार सिंह के प्रभावी नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 19.8.2025 की रात्रि में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा एक मादक पदार्थ तस्कर तस्लीम पुत्र शमीम निवासी मोहल्ला शेखा मैदान थाना झिंझाना जनपद शामली को अवैध 202 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्त तस्लीम पुत्र शमीम निवासी मौहल्ला शेखा मैदान थाना झिंझाना जनपद शामली है। **पुलिस की अपील**- शामली पुलिस जनपद के सभी नागरिकों से अपील करती है कि इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर बढ़ते हुए हम सब मिलकर जनपद शामली को नशामुक्त बनाने का संकल्प लें।

### वाहनों की नीलामी 23 को

**शामली।** राहुल कादयान, थानाध्यक्ष थाना-बाबरी, जनपद शामली द्वारा अवगत कराया गया कि थाना हाजा पर दाखिल माल मुकदमाती 32 एवं एम वी एक्ट के 11 वाहनों की नीलामी कराई जानी है जिसके परिपेक्ष में जिलाधिकारी शामली द्वारा टीम गठित की गई है। जिसमें उप. जिला मजिस्ट्रेट सदर व क्षेत्राधिकारी थानाभवन, एआरटीओ शामली, सम्बन्धित अभियोजन अधिकारी को टीम का सदस्य नियुक्त किया गया है। जिसमें उप. जिला मजिस्ट्रेट सदर को टीम का मुख्य सदस्य नियुक्त किया गया है। जिनके द्वारा उपरोक्त वाहनों की नीलामी कराए जाने हेतु 23.8.2025 नियत की गई है।

### वीरनारियों का मेरठ में सेना के द्वारा सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वीरनारी सशक्तिकरण कार्यक्रम मेरठ में Charging Ram Division के द्वारा 20 अगस्त 2025 को आयोजित किया गया । कार्यक्रम में शामली जिले की वीरनारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मती सुमिति पुरी अध्यक्षा परिवार कल्याण संस्था 22 रैपिड ने वीर नारियों से संवाद किया एवं उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कल्याण योजनाओं एवं अन्य विषयों पर जानकारी दी गई। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में बबीता देवी वेदमित्र, पिंकी, गुड्डी, बबीता, सरिया देवी, पिंकी देवी, नीरा, पिंकी, पंकज एवं प्रीति को सम्मानित किया गया।

### स्व: रोजगार के तहत जागरूकता शिविर

**शामली।** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र शामली के तत्वावधान में मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम-स्वरोजगार योजना के अंतर्गत दो दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन गांव जलालपुर में किया गया।

शिविर का शुभारंभ कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभारी अधिकारी डॉ। संदीप चौधरी एवं कृषि वैज्ञानिक कविता भट्ट ने रिबन काटकर किया। डॉ। संदीप चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2025 के तहत ग्रामीण बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। लघु इकाइयों की स्थापना से न केवल युवाओं को आत्मनिर्भरता का मार्ग मिलेगा बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

# जैन मुनि ने किया दो भव सागरों का वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में 108 विव्रत सागर मुनिराज ने 46वें दिन जैन धर्मशाला में प्रवचन करते हुए कहा कि संसार को दो विशाल सागरों में विभाजित किया है। भव सागर और श्रुत सागर। भव सागर का प्रारंभ निगोद पर्याय से होता है, जिसका कोई अंत नहीं दिखता, जबकि श्रुतसागर भी अपनी असीमता के कारण विशाल है।

श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि श्रुतसागर की तुलना सागर से की गई है क्योंकि यह असीम और अज्ञेय है। यह तीनों लोकों, क्षेत्रों, कालों और पांच अस्तिकायों को समाहित करता है। यह लोक से भी विशाल है, क्योंकि इसमें अनंत जीव समाहित हो जाते हैं। इसे शुभ सागर भी कहा जाता है। क्योंकि इसका कोई अंत नहीं है। जैसे सागर का कोई किनारा नहीं होता। केवल ज्ञानी तीर्थंकर भगवान ही समस्त लोक का ज्ञान रखते हैं, लेकिन वे अपने अनंत ज्ञान का पूरा वर्णन सीमित समय में नहीं कर सकते। उनका अधिकांश जीवन राज्यावस्था और तप साधना में व्यतीत होता है, जिससे उपदेश के लिए बहुत कम समय बचता है। तीर्थंकर जितना जानते हैं, उसका बहुत थोड़ा ही कह पाते हैं। शिष्य उससे भी कम ग्रहण कर पाते हैं। यह ज्ञान क्रम से घटता गया। आज जो भी ज्ञान उपलब्ध है, वह उस अंशमात्र से निकला है, और उसे भी पूरी तरह समझना कठिन है। चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन आदेश जैन, पाद प्रक्षालन पाल जैन, अरुण जैन द्वारा, शास्त्र भेंट रेखा जैन, ममलेश जैन द्वारा किया गया।





# अंकित गोयल मंडलाध्यक्ष व आलोक जैन जिलाध्यक्ष मनोनीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**शामली।** लघु उद्योग भारती प्रदेश संगठन द्वारा अंकित गोयल को मंडलाध्यक्ष व आलोक जैन को शामली का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अंकित गोयल ने बताया कि पूरे प्रदेश के संगठन में परिवर्तन किया गया है। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने अनुपम गुप्ता को पश्चिम उत्तर प्रदेश संभाग का महासचिव, अंकित गोयल को सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली तीनों जनपदों का मंडल अध्यक्ष व आलोक जैन को शामली का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अंकित गोयल ने बताया कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन पर भरोसा करके दी है। वह उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में संगठन को और ज्यादा सक्रिय किया जाएगा। सहारनपुर मंडल में भी और ज्यादा नए सदस्य बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस समय भी लघु उद्योग भारती पूरे भारतवर्ष के 570 जनपदों व उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में 65 हजार से भी अधिक सदस्यों के साथ कार्य कर रही है, और संगठन के प्रदेश संयुक्त महामंत्री राकेश गर्ग को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लघु उद्योग निगम का अध्यक्ष बनाया हुआ है। उनकी सलाह के आधार पर ही सरकार द्वारा उद्यमी हित में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। अंकित गोयल व आलोक जैन की नियुक्ति पर उद्यमियों द्वारा स्वागत किया गया।

# घर से बुलाकर बदमाशों ने ग्रामीण को मारी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों ने एक ग्रामीण को गोली मार दी तथा धारदार हथियार से उसके ऊपर हमला किया। गंभीर हालत के चलते घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

गांव झाड़वन के मजरे में अंकित भगत परिवार के साथ रहते है। अंकित गांव की गोगा महाड़ी पर पूजा पाठ करते हैं तथा झाड़ फूंक का काम भी करते हैं। सुबह के समय बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश अंकित के घर आए तथा आवाज दी जिस पर अंकित ने घर के मेन गेट का कुंडा खोल दिया। कुंडा खोलने के साथ बदमाशों ने धारदार हथियार से अंकित पर हमला कर दिया अंकित हमले से बचने के लिए जैसे ही घर की ओर भाग तो पीछे से बदमाश ने आकर अंकित के ऊपर फायर झोंक दिया जो अंकित की पीठ में लगा।

गांव में गोली चलने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए उन्होंने बाइक से बाहर बदमाशों का पीछा भी किया लेकिन वह भाग जाने में सफल रहे। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। घायल अंकित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगोह में भर्ती कराया गया लेकिन गंभीर हालत के चलते हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस क्षेत्र अधिकारी गंगोह शशि प्रकाश तथा फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। इस मामले में अंकित के चाचा की ओर से थाने में तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दे दी गई है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि गांव फेरू माजरा निवासी महिपाल व दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# चेहलुम पर इमाम बारगाह में मजलिस का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** शहीदाने कर्बला के चेहलुम के मौके पर अजादारों ने इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम उनके खानदान और साथियों की शहादत पर सोग मनाया उनकी याद में कस्बे में स्थित इमाम बारगाह में मजलिस का आयोजन किया गया, जिसमें मौलाना रिवायत अली ने कर्बला के दर्दनाक वाकये को बयां किया।

मंगलवार की रात को कस्बे की फूल कॉलोनी में स्थित इमाम बारगाह में शहिदाने कर्बला की याद में मजलिस का आयोजन किया गया जिसमें मौलाना ने कर्बला के शहिदो पर हुए जुल्मो सितम को बयान किया जिसे सुनकर मोमिन अश्कवार (रोना) हो गए। सभी सोगवारों ने रो रो कर मैदान ए कर्बला के शहीदों को खिराजे अकीदत पेश की। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना रिवायत अली ने कहा है कि इमाम हुसैन अलै. ने इस्लाम और इंसानियत को बचाने के लिए अपनी और अपने खानदान की कुर्बानी अल्लाह की बारगाह में पेश की है। कहां कि हजरत इमाम हुसैन अलै.ने हमें इंसानियत का सबक दिया है उन्होंने कहा कि यजीद इब्ने माफिया आतंकवादी था और वह दुनिया के हर नशीले पदार्थ का सेवन करता था साथ ही वह अय्याशी भी करता था वह इंसानियत को खत्म करना चाहता था जुल्म और आतंकवाद से हुकूमत चलाना चाहता था इस लिए उसके खिलाफ इमाम आली मकघम अलै.ने उसके जुल्म और दहशतगर्दी के खिलाफ बगावत की उसी के नतीजे में यजीद मलून ने इमाम हुसैन के कुल 72 लोगों के खिलाफ जिसमें 6 महीने से लेकर 3 साल तक के बच्चे औरतें और 90 साल के बुजुर्ग भी थे के मुकाबले 22 लाख की फौज भेजी थी इमाम हुसैन अलै. उनके बच्चों और साथियों ने 3 घंटे तक यजीदी फौज का मुकाबला किया और शुजात के साथ जंग लड़ी, इमाम हुसैन ने हमेशा के लिए इस्लाम और इंसानियत को जंग लड़कर बच्चा दिया। मजलिस में मुख्य रूप से मुन्ने मियां, नासिर हैदर जैदी, काकू जैदी, बाकर अली, जफर जैदी, सूफी नफीस अहमद, नौशाद अली, तजम्मुल अली, हैदर अली, सुफियान सिद्दीकी, समीर खान, अजीम हुसैन, सुहेल अली, रहमान हुसैन, सैयद रियाज हुसैन, साबिर खान,उमर नियाजी, अदील पीरजादा, हाशिम अली, आरिफ अली, आसिफ अली, यासिर हुसैन, सफदर अली, मोहम्मद अहसान, शुजात अली, दानिश अली, इकबाल अली आदि मौजूद रहे।

# नशीली गोलियों की तस्करी करते धरा वारंटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए एक अन्तर्राज्यीय गौकश वारण्टी को नशीली गोलियों की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 7800 अवैध नशीली गोलियां व 24050 रुपये नकद भी बरामद होना बताया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा नशीली गोलियों की तस्करी करते हुए एक शातिर आरोपी नशा तस्कर, चिन्हित पशु माफिया, हिस्ट्रीशीटर व अन्तर्राज्यीय गौकश वारण्टी रिजवान पुत्र अख्तर निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना को जंगल ग्राम दुमझेडा से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ न्यायालय द्वारा आर्म्स एक्ट व सीएस एक्ट में वारण्ट जारी किए हुए थे। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर

**■ नशीली गोलियों के साथ थाना चिलकाना पुलिस ने बरामद की नकदी**

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व से भी नशा तस्करी, चोरी, गैंगस्टर, गुंडा एक्ट व चोरी करने के सम्बन्ध में 3 दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी, एसआई राज. कुमार सारण, कांस्टेबल अरविंद कुमार व राहुल मोतला शामिल रहे।

वहीं दूसरी ओर पुलिस टीम ने सरकारी काम मे बाधा डालने के मामले के एक अन्य वारण्टी पंकज पुत्र प्रीतम सिंह निवासी ग्राम हारडा खेड़ी थाना चिलकाना को भी गिरफ्तार किया है।

# एसडीएम ने प्रार्थना पत्रों पर की जनसुनवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** शासन के निर्देशों का पालन करते हुए एस डीएम मानवेन्द्र सिंह अपने कार्यालय में बैठकर आने वाले फरियादियों के प्रार्थना पत्रों पर जन सुनवाई करते हुए निस्तारण कराने में लगे हुए है फरियादियों के प्रति उनका व्यवहार भी सेवा भाव की तरह रहता है उनके अच्छे और मधुर व्यवहार के चलते फरियादी भी प्रसन्न रहते है।

आज एस डी एम मानवेन्द्र सिंह सवेरे ही अपने कार्यालय मे बैठकर उनके पास आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते है उनका हमेशा एक ही उद्देश्य रहता है कि उनके पास उम्मीद से आने वाला हर एक व्यक्ति की जो भी समस्या हो उनका समय रहते निस्तारण कराया जाएं जो भी लोगो की समस्याएं हेती है उनके निस्तारण कराने को लेकर अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते है अलग अलग विभागो से संबंधित लगभग 10 शिकायतो में से अधिकतर का निस्तारण कराया गया। इस दौरान, एस डी एम (न्यायिक) अंकुर वर्मा, तहसीलदार विजय कुमार, राजेंद्र पेशकर, मनीष कुमार अरविंद कुमार नाथीराम आदि कर्मचारी मोजूद रहे।

# थानाध्यक्ष के नेतृत्व में वारंटी किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने थानाध्यक्ष सचिन पूनिया के कुशल नेतृत्व में एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस टीम, जिसमें वरिष्ठ उपनिरीक्षक भूपेंद्र कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक अनिल तेवतिया, उपनि. रीक्षक शेषपाल सिंह, हेड कांस्टेबल रोहित राणा और कांस्टेबल अमित कुमार शामिल थे, ने अभियुक्त वासिब, पुत्र शकूर, निवासी कालेवाला, थाना भगवानपुर, हरिद्वार, उत्तराखंड को गिरफ्तार किया। वासिब के खिलाफ वाद संख्या 64/24, मुकदमा संख्या 308/21, धारा 4/25 आयुध अधिनियम के तहत थाना फतेहपुर में वारंट जारी था। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, एक अन्य वारंटी अभियुक्त बारू, पुत्र दिसोन्दी, निवासी ग्राम खेड़ी शिकोहपुर, वाद संख्या 725/25, धारा 3/5ए/8 सीएस एक्ट के मामले में दबिश दी गई। जांच में पता चला कि बारू ने 18 अगस्त 2025 को माननीय न्यायालय में उपस्थित होकर रिकॉल करा लिया था। थाना फतेहपुर पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सख्ती का संदेश गया है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे अपराध नियंत्रण में सहयोग करें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** दिल्ली की मुख्यमंत्री पर हुए हमले की घटना से आक्रोशित वैश्य अग्रवाल सभा के लोगों ने देश के प्रधानमंत्री के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंप कर घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की माँग की है।

बुधवार को वैश्य अग्रवाल सभा के अध्यक्ष ऋषभ सिंघल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल तहसील कार्यालय पहुँचा जहाँ उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमति रेखा गुप्ता पर किये गए हमले के विरोध में देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम डॉ पूर्वा शर्मा को सौंपा जिसमें दिल्ली की मुख्यमंत्री के ऊपर हुए हमले की निंदा की है। कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों पर ऐसी



घटनाएं ना केवल निंदनीय है बल्कि समाज व राष्ट्र के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पर हमला देश के संवैधानिक तंत्र व लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। यह घटना उन शक्तियों की मानसि. कता को उजागर करती हैं जो देश के लोकतंत्र और शान्त को भंग करने का प्रयास कर रही हैं। ज्ञापन में दिल्ली प्रशासन और न्याय पालिका से घटना की निष्पक्ष जांच कर घटना में शामिल दोषियों को अविलंब गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये। इस दौरान मदनलाल गर्ग,नवीन गुप्ता, राजेश गोयल, संदीप मित्तल, धर्मेस गुप्ता, सजंय गुप्ता, शिवम मित्तल, अभिषेक गुप्ता, अंशुल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# मजलिसों में आलम ए दीन का खिताब

**गंगोह।** अरबईन-ए-इमाम हुसैन के मौके पर मजलिसों और मातमी जलूस का सिलसिला अकीदत व गमगीन माहौल में जारी रहा।

लखनौती में हुई छह मजलिसों में विभिन्न आलिम-ए-दीन ने खिताब किया। पहली मजलिस मौलाना हाफिज मोहम्मद रजा रिजवी, दूसरी मौलाना मिर्जा रजा शाह और तीसरी मौलाना रईस अहमद जारची ने पढ़ी।ि मोहम्मद रजा गोपालपुरी ने नौहा-खब्वानी की। चौथी मजलिस मौलाना जफर रिजवी, पाँचवीं मौलाना सज्जाद रब्बानी और छठी मजलिस मौलाना मिर्जा जावेद रजा ने अंजाम दी। 24 सफर की सुबह नमाजे फज्र के बाद जुलूस-ए अमारी निकाला गया,ि जिसमें मिर्जा शुबेब अली, मिर्जा रुशेद अली और अबू समामा ने नौहा-ख्वानी की।

# प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** दौड़ प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले विज. ेताओ को पूर्व प्रधान बिजेंद्र त्यागी टीटू ने नगद राशि व पुरस्कार देकर सम्मानित किया

नानौता क्षेत्र के गांव कचराई में दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रतियोगिता में लगभग 50 युवाओं ने हिस्सा लिया दौड़ 1600 मीटर मौरा पुलिया से गांव कचराई तक लगाई गई। दौड़ प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले देवबंद निवासी निखिल दूसरे स्थान ग्राम गांव कचराई निवासी सोनू व तीसरे स्थान पर गांव चंदपुर निवासी हिमांशु को पूर्व प्रधान बिजेंद्र त्यागी टीटू नगद राशि व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधान बिजेंद्र त्यागी टीटू ने कहा कि दौड़ से स्वास्थ्य बेहतर रहता है और इंसान तंदरुस्त रहता है वहीं दौड़ सहित अन्य क्रीड़ा से जुड़े युवा नशे से दूर होते हैं इस प्रतियोगिता से युवाओं में उत्साह है आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रम बड़े स्तर पर कराए जाएंगे। अवसर पर समिति के सदस्य ग्राम प्रधान राजू फौजी, पूर्व प्रधान चरण सिंह, रामनाथ सिंह, धर्मवीर त्यागी, मामचंद त्यागी, प्रिंस त्यागी, प्रवीण शर्मा, प्रतिक, सहेन्द्र सिंह, सोनू, विकास, रहतू सिंह, पंकज आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।



# पूर्व प्रधानमंत्री ने दिखाई देश को प्रगति की राहः श्वेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी ने कंप्यूटर जैसी आधुनिक तकनीक लाकर देश को प्रगति की राह दिखाई थी।

कॉग्रेस की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका लांबा व उत्तर प्रदेश पश्चिम जोन की प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के निर्देश पर कॉग्रेस की वरिष्ठ नेत्री व पीसीसी सदस्या श्रीमती श्वेता सैनी ने आजमपुर, चर्रोह व रामपुर मनिहारान में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव की 81 वीं जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान श्वेता सैनी ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी नई और आधुनिक सोच के साथ भारत को विकसित बनाने की मार्ग पर अग्रसर थे। उन्होंने देश में कम्प्यूटर लाकर प्रगति के रास्ते खोल दिए थे।राजीव गांधी पूरे देश की उन्नति का सपना देखा करते थे। हर देशवासी खुशहाल हो और भारत वैश्विक शक्ति बने यह सोच थी उनकी।उन्होंने अनेक योजनाएं बनाई जिनका लाभ देश को आज तक मिल रहा है। श्वेता सैनी ने कहा कि राजीव गांधी का देशप्रेम अद्भुत था। जब जब भी देश के लिए प्राण न्योछावर करने वालों का जिक्र किया जाएगा तब तब स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी का नाम बड़े सम्मान से लिया जाएगा।श्वेता सैनी ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी के आदर्शों को अपनाते हुए देश और देशवासियों की सेवा करनी चाहिए।

इस दौरान नारी स्वास्थ्य संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को प्रिदर्शिनी उड़ान (सेनेटरी नेपकिन) भी वितरित की गई। कार्यक्रम में राखी, निशात, पूजा, नेहा, प्रीति, इरम आदि महिलाएं मौजूद रही।



# पहले दिन 134 लोगों का स्वतः कर निर्धारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा आज शहर के तीन स्थानों पर स्वत: कर कर निर्धारण व समाधान शिविर आयोजित किये गए। क्षेत्रीय पार्षदों एवं व्यापारियों के सहयोग से उक्त शिविरो में 134 लोगों द्वारा स्वत: कर निर्धारण प्रपत्र भरकर जमा कराए गए। जिनके आधार पर 41 करदाताओं को साथ के साथ उनके विवरण के आधार पर बिल निर्गत कर दिये गए। तीनों शिविरों में साढेि 23 हजार रुपये टैक्स के रुप में जमा भी किये गए। अनेक करदाता व्यापारियों ने कहा कि उनके भवन का जीआईएस सर्वे ठीक है और वह अपना बिल जमा कराना चाहते हैं।

जीआईएस सर्वे को लेकर लगातार मिल रही आपत्तियों को देखते हुए व्यापारियों एवं पार्षदों से परामर्श के बाद महापौर डॉ. अजय कुमार एवं नगरायुक्त शिपू गिरि ने निर्णय लिया था कि करदाताओं से स्वत: कर निर्धारण प्रपत्र भरवाया जायेगा और निगम द्वारा उसे सही मानते हुए उसके आधार पर बिल भेजे जायेंगे। इनका सत्यापन बाद में कराया जायेगा।

आज शहर के वार्ड 23 व 44 के लिए जुबली पार्क में, वार्ड 40 व 07 के लिए अमृत सिनेमा के निकट तथा वार्ड 58 के लिए जैन इण्टर कॉलेज में शिविर लगाये गए। अमृत सिनेमा के निकट कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी के नेतृत्व में लगाये गए शि. विर में हाउस टैक्स टीम ने 19 करदाताओं ने स्वत: प्रपत्र जमा कराये। पांच लोगों को साथ के साथ उनके विवरण के आधार पर बिल दे दिए गए। क्षेत्रीय पार्षद राजेंद्र कोहली का शिविर में सहयोग रहा। वार्ड 58 के लिए जैन इण्टर कॉलेज मे कर अधीक्षक सुधीर शर्मा के नेतृत्व में शिविर लगाया गया। 18 लोगों ने स्वत: कर निर्धारण प्रपत्र जमा किये। सभी 18 लोगों को साथ के साथ बिल दे दिए गए। शिविर में क्षेत्रीय पार्षद अनुज जैन व व्यापारी नेता रमेश अरोड़ा का सहयोग रहा। शिविर में सात हजार आठ सौ रुपये जमा भी किये गए।

जुबली पार्क शिविर में कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में 97 लोगों से स्वत: कर निर्धारण प्रपत्र भरवाये गए। 18 लोगों को साथ के साथ बिल भी निर्गत किये गए। यहां करदाताओं ने साढेि 15 हजार रुपये ऑन लाईन जमा भी कराए।



# चोरी की वारदात करने वाले तीन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का अलग-अलग अनावरण करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से नकद रुपए और एक इनवर्टर बरामद किया गया।

कोतवाली पुलिस ने कस्बे में हुई चोरी और ग्राम चिम्माबास मे हुई चोरी का सफल अनावरण करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है 9 फरवरी को रोहित कुमार पुत्र सुभाष चंद्र ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी दुकान के गल्ले से नगदी चोरी और इनवर्टर आदि चोरी हो गए पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुकदमा संख्या 345/25 धारा 305 (ए) पंजीकृत किया था इस मुकदमे में धारा 331 (4) को बढ़ाई गई है इस मुकदमे में वंचित आरोपी शातिर नकबजन

**■ बेहट पुलिस ने चोरियों का अनावरण कर नकदी व सामान किया बरामद**

अभियुक्त साकिर उर्फ अंडा पुत्र यासीन कस्बा लावड़ थाना इंचौली जनपद मेरठ दीन मोहम्मद पुत्र हनीफ निवासी मोहम्मदपुर लाहेड्डा थाना रतनपुरी मुजफ्फरनगर हाल पता ढन्दौरा रेलवे फाटक के पास थाना सिविल लाइंस रुड़की उत्तराखंड को बेलका पावर हाउस नहर के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उनके पास से 7500 नकद वह एक इनवर्टर बरामद किया गया। दोनों अभियुक्तों को पुलिस ने सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि अभियुक्त साकिर का अपराधिक अधिकार है इसके विरुद्ध इतिहास विभिन्न स्थानों पर आधार दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं जबकि दीन मोहम्मद का अपराधिक इतिहास भी बहुत खराब है इसके विरुद्ध भी विभिन्न स्थानों में आधा दर्जन मुकदमे दर्ज है उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र भय मुक्त बनाने के लिए प्रयासरत रहूंगा। उधर कोतवाली पुलिस ने दूसरी घटना का भी सफल अनावरण किया इसमें हाजीपुर उर्फ मोहम्मद पुत्र इनायतुल्लाह निवासी ग्राम चिममाबास की तहरीर पर 19 फरवरी को मुकदमा दर्ज किया गया था वादी ने कालिम पुत्र शकील को दीवार फांदकर रुपए चुराने का आरोप लगाया था जिसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव चिममावास के मोड़ से गिरफ्तार किया। जिसके पास से 2200 रुपए बरामद किए गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया।

# पुरस्कार बांटे

**गंगोह।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का समापन पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। सर्वश्रेष्ठ आने वाली प्रथम, द्वितीय व तृतीय झांकियों को पुरस्कृत किया गया।

शोभायात्रा के लिए प्रथम पुरस्कार श्री शिव मंदिर युवा कमेटी चौधरी, सिनेमा को मिला, जबकि श्री शिवदुर्गा कमेटी गणेश चौक तृतीय पुरस्कार भी संयुक्त रुप से गणेश चौक की झांकी पाल कमेटी व श्री विश्वकर्मा सेवा समिति को मिला। श्री शिवदुर्गा बाल कमेटी सराय को विशेष पुरुष्कार प्रदान किया गया। इनके अलावा मंदिरों में जन्माष्टमी पर्व पर लगी झांकियों में श्री शिवदुर्गा कमेटी गणेश चौक प्रथम, द्वितीय पाल कमेटी व तृतीय श्री शिवदुर्गा बाल कमेटी सराय को मिला। इनके अलावा शिव मंदिर युवा कमेटी को विशेष पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण कार्य दीपांशु गोयल, संस्था अध्यक्ष कर्ण व वरुण ने किया।

# भगवान श्रीकृष्ण की निकाली शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** नगर में धूमधाम से श्री कृष्ण भगवान कि शोभायात्रा निक. ाली गई राधा कृष्ण कि झांकियां सजाई गई

नगर के कृष्णलीला चौक से बुधवार को श्री कृष्ण शोभायात्रा शुरू की गई शोभायात्रा में बेंड बाजे व राधा कृष्ण कि झांकियां सजाई गई नगर के पीठ चौक बस स्टैंड गंगोह रोड़ गुरूद्वारा चौक आदि से होकर कृष्णलीला चौक में सम्पन्न होगी। शोभा यात्रा का उद्घाटन भाजपा नेता रोबिन जैन ने फीता काट कर किया। इस मौके पर कृष्ण लीला कमेटी के अध्यक्ष अंकित नामदेव ने कहा कि शोभायात्रा में भगवान राधा-कृष्ण की झांकियां प्रस्तुत कर भगवान कृष्ण की लीला का दृश्य भी मंचन काया गया। इस दौरान मा. विजेंद्र अग्रवाल, रमेश चंद्र(पूर्व चौयरमेन), ताराचंद कश्यप, गणेश शर्मा राममोहन प्रजापति, सौरभ अग्रवाल, दिनेश प्रजापति, दीपक मित्तल, विशाल शर्मा, हैप्पी नारंग, भाजपा युवा नेता अनस माधोपुर, विलाश राणा, आदि मौजूद रहे। पुलिस सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम देखे गये।

# दो पक्ष आपस में भिड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** पटना उर्फ नया बांस गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष आपस मे भिड़ पड़े, जहां एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने से रोकने पर उनके साथ मारपीट करना बताया जा रहा है, वहीं दूसरे पक्ष द्वारा उक्त भूमि को उनके रास्ते की निजी भूमि बताया गया है। पुलिस ने मौके से दो लोंगो को हिरासत में लेकर शांति भंग करने की धारा के तहत चालान किया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को एक पक्ष के लोगों द्वारा थाना पर तहरीर देकर बताया गया है कि उनके गांव निवासी कुछ लोग झगडालू व राजनैतिक किस्म के व्यक्ति है जो कि ग्राम स्थित पथवारे व बिटोडे हेतु आरक्षित खसरा नंबर 86 सरकारी भूमि पर जबरदस्ती कब्जा करने का प्रयास करते रहते हैं। जबकि उक्त सम्बन्ध में इन्ही लोगों के खिलाफ न्यायालय सिविल मे एक वाद भी योजित किया गया है जो कि आज भी विचाराधीन चला आ रहा है।

जबकि उक्त लोग आज भी अपनी सरकशी पर आमादा होकर सरकारी भूमि पर जबरदस्ती अपनी आबादी कायम करना चाह रहे थे जिसके लिए उन्होने मौके पर निर्माण सामग्री भी इकट्ठा कर ली थी। यदि उनके द्वारा इन लोंगो को ऐसा करने से रोका गया तो उक्त लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि रास्ते को लेकर दो पक्षो के बीच कहासुनी होने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी।

मौके से दोनो पक्षो के दो लोगो को हिरासत में लिया गया था जिनका शांति भंग करने को लेकर चालान किया गया है।

# पुरानी पेंशन बहाली को शिक्षकों ने दिया धरना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आज उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर शिक्षकों व शिक्षिकाओं ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया और अपनी मांगों का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा।

बुधवार को शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने 31 सूत्रीय मांगों के समर्थन में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर में धरना दिया। इस दौरान शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली से लेकर समान वेतन और चिकित्सा सुविधा तक कई मुद्दों पर सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने 1 अप्रैल 2025के बाद नियुक्त शिक्षक एवं कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग को सबसे अहम बताया। साथ ही, राजकीय शिक्षकों की तरह माध्यमिक शिक्षकों और कर्मचारियों को भी नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा देने की जरूरत पर जोर दिया। जिला मंत्री डॉ. बृजमोहन द्विवेदी ने वित्तविहीन शिक्षकों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग उठाई। वहीं, जिला अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह पुंडीर ने कहा कि वर्तमान शैक्षिक सत्र के ऑफलाइन स्थानांतरण की सूची तत्काल जारी की जानी चाहिए। पूर्व मंडलीय मंत्री राजेश्वर बंधु ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को आयोग से नियुक्त प्रधानाचार्यों के समान वेतनमान देने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि समान पद पर समान वेतन का सिद्धांत लागू करना शिक्षकों का हक है। धरने में शामिल शिक्षकों ने आरोप लगाया कि उनकी कई मांगें वर्षों से लंबित हैं, लेकिन सरकार व शिक्षा विभाग इन्हें गंभीरता से नहीं ले रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। शिक्षकों ने नारेबा. जी करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन बहाली और समान वेतन जैसे मुद्दों पर सरकार को ठोस कदम उठाना ही होगा, वरना आगामी दिनों में आंदोलन राज्यव्यापी रूप लेगा।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत, परिवार में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर ट्रक और बाइक की आमने–सामने की टक्कर में बाइक सवारी युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ट्रक चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ट्रक चालक की तलाश मे जुटी है। परिजनो के आग्रह पर पुलिस द्वारा शव का पंचनाम भरकर परिवार को सौंप दिया गया है।

जलालाबाद के मौहल्ला कोटला निवासी 21 वर्षीय सनव्वर कुरैशी पुत्र इरफान कुरैशी अपनी बाईक से दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर स्थित पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल भरवाने के बाद वापस घर के लिए लौट रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे हैं ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी



टक्कर लगने के बाद बाइक सवार युवक सनव्वर कुरेशी का सिर सड़क पर जाकर लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर लगने के बाद ट्रक चालक ने ट्रक नहीं रोका और मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने 112 पर काल कर पुलिस को घटना की सूचना दी । मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एम्बुलैंस से युवक को थानाभवन सीएचसी ले गई जहां पर चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया।

युवक की मौत की खबर से परिवार मे कोहराम मचा है। सूचना मिलते ही आनन फानन में परिजन तुरन्त ही थानाभवन चिकित्सालय पहुचे। परिजनो द्वारा पुलिस के समक्ष शव को बिना पोस्टमार्टम घर ले जाने का आग्रह किया जिसके बाद पंचनाम भरकर पुलिस द्वारा शव को परिवर को सौंप दिया , घटना से कस्बे मे गम का माहौल है। हाईवे पर लगे सी सी टी वी की मदद से पुलिस ट्रक चालक की तलाश मे जुटी है।

# मांझें की चपेट में आकर बाइक सवार की गर्दन कटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर पतंग के मांझे की चपेट में आकर बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बाइक सवार व्यक्ति की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बुधवार को कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव गोगवान निवासी संजीव अपनी पत्नी मानसी के साथ बाइक पर सवार होकर बागपत जनपद के गांव माजरा से अपनी पत्नी को लेकर अपने गांव जा रहा था। बाइक सवार दंपति जैसे ही थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचे ता गांव से उड़कर हाईवे पर मांझे सहित आई पतंग की चपेट में आकर घायल हो गए। पतंग के मांझें से बाइक सवार व्यक्ति की गर्दन कट गई। घायल दंपति की चीख–पुकार सुनकर मौके पर दर्जनों राहगीर इकठा हो गए राहगीरों ने जानक. ारी 108 एंबुलेंस व 112 पुलिस को दी। मौके पर 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने पहुंचकर घायल पति–पत्नी का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बाइक सवार व्यक्ति की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। खबर लिखे जाने तक थाने पर तहरीर नहीं दी गई थी।

# सरकारी अस्पताल में उमड़ी सैकड़ों मरीजों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर एवं क्षेत्र में बुखार सहित कई तरह की बीमारियों ने अपने पैर पसार रखे हैं सरकारी अस्पताल में मरीजों की भारी भरकम भीड़ दिखाई दी सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने मरीजों को दवाई वितरित करते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी। मौसम लगातार करवट बदल रहा है कभी धूप तो कभी बरसात रात को ठंड को जाने के कारण कई तरह की बीमारियों ने नगर एवं क्षेत्र में अपने पैर पसार रखे हैं। बुधवार को नगर के सरकारी अस्पताल में कई तरह की बीमारियों के मरीजों की भीड़ दिखाई दी। अस्पताल की ओपीडी पर महिला, पुरुष व बच्चों की लंबी लाइन लग गई। मरीजों में ज्यादातर बुखार, खाज, खुजली, उल्टी दस्त, सहित आदि बीमारियों के मरीज



दिखाई दिए। अस्पताल में भारी भरकम भीड़ उमड़ जाने के कारण डॉक्टरों के हाथ पांव फूल गए, चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें दवाई वितरित की और बरसात के मौसम में कई तरह की सावधानी बरतने की सलाह दी। चिकित्सक प्रभारी वीरेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया की बरसात के मौसम में संचारी रोग बढ़ जाते हैं संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया हुआ है लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है। अस्पताल पर आने वाले मरीजों की जांच कर दवाई वितरित की जा रही है अस्पताल पर दवाइयों का पूर्ण भंडारण उपलब्ध है।

# नितिन प्रजापति का सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** चार माह पूर्व अग्निवीर के रूप में भारतीय सेना में भर्ती हुए नितिन प्रजापति की ]र्दयघात के बाद अचानक हुई मौत हो गई थी। सेना के जवान उसका पार्थिव शरीर लेकर गांव पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। हर कोई नितिन को अंतिम विदाई देकर भावुक हो रहा था। सैन्य सम्मान के साथ नम आंखों से अंतिम संस्कार किया गया है।

बुधवार को जैसे ही सेना के जवान अग्निवीर नितिन प्रजापति का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव ऊंच. ागांव में पहुंचे तो युवाओं में अलग ही जोश देखने को मिला। जहां एक ओर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर थी वहीं दूसरी ओर युवा शक्ति ने बाइक रैली निकालकर हिंदुस्तान जिंदाबाद जैसे नारों से नितिन को अंतिम विदाई दी।



इस तिरंगा रैली में युवा जोश साफ झलक रहा था। बता दें कि क्षेत्र के ऊंचागांव निवासी सतीश प्रजापति का पुत्र नितिन प्रजापतिद्ध20ऋ विगत चार माह से मध्यप्रदेश के जनपद सागर में अग्निवीर सेना की ट्रेनिंग कर रहा था। इसी दौरान गत सोमवार को ट्रेनिंग के दौरान ही नितिन की अचानक तबीयत खराब हो गई। जिस पर उसे उपचार के लिए हास्पिटल में ले जाया गया,जहां चिकित्सकों ने हार्टअटैक आने पर उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार की प्रात: लगभग साढ़े नौ बजे सहारनपुर में स्थित रिमाउंट डिपो ट्रेनिंग स्कूल सहारनपुर से सैनिकों की आठ सदस्य टीम सूब. ेदार विनोद कुमार मौर्य व मध्यप्रदेश के सागर जनपद रेजिमेंट के सूबेदार संजय कुमार सहित तीन सदस्य टीम के नेतृत्व में नितिन के पार्थिव शरीर को लेकर सेना के वाहन गांव में पहुंचे। इस दौरान सेना के जवानों ने मृतक के पिता सतीश प्रजापति को राष्ट्र ध्वज सौंपा । जिसके बाद शव की अंतिम क्रिया के लिए यमुना घाट पर ले जाया गया। जहां सैनिकों ने नितिन के पार्थिव शरीर को सलामी दी। इसके उपरांत मृतक युवक के छोटे भाई शिवम द्वारा मुखाग्नि अर्पित कर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान भाजपा नेता मास्टर पाल चौहान, प्रधान प्रतिनिधि मोनू चौहान,जगरोशन प्रधान, राजेश प्रधान, रवींद्र प्रधान, राजबीर उर्फ राजू प्रधान, अमित उर्फ मीता प्रधान, संजय पंवार आदि मौजूद रहे।

# मजदूरी के रुपये मांगने पर मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी एक युवक ने मोहल्ले के एक व्यक्ति पर मजदूरी के रूपए मांगने पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी अरशद ने बताया की उसने मोहल्ले के एक व्यक्ति के यहां पर मजदूरी का कार्य किया था। पीड़ित के दस हजार रूपए बकाया है लगातार पीड़ित अपने रूपयों की मांग कर रहा है। आरोप है कि विगत मंगलवार की शाम को पीड़ित अपने रूपए लेने के लिए गया था आरोपी रूपए मांगने पर आग बबूला हो गया और उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। शौर शराबा होने आसपास के लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित परिजनों ने घायल को को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल युवक ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## एक नजर

# किशोरी को ले जाने का आरोप, पुलिस से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र की नई बस्ती से एक किशोरी लापता हो गई पीड़ित परिजनों ने मोहल्ले के एक युवक पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी एक महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि पीड़िता किसी कार्य से घर से बाहर गई हुई थी और घर पर उसकी 17 वर्षीय पुत्री अकेली थी। पीड़ित महिला का आरोप है कि उसकी पुत्री को मोहल्ले का एक युवक अपने झांसे में लेकर बहला–फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसकी नाबालिग पुत्री एवं आरोपी युवक का कहीं भी सुराग नहीं लगा। पीड़ित महिला ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए बुधवार को थाने पर पहुंचकर आरोपी युवक के विरुद्ध नमजद तहरीर देकर अपनी पुत्री को पुलिस से बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित महिला को कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए आरोपी युवक एवं किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव को पद से हटाने की मांग

**ऊन।** सहकारी गन्ना विकास समिति में तैनात सचिव को पद से हटाने की मांग करते हुए पूर्व अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को शिकायत की है उन्होंने सचिव पर किसानों के हितों के खिलाफ कार्य करने तथा सचिव की नियुक्ति को फर्जी तरीके से करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

सहकारी गन्ना विकास समिति में अजीत कुमार सिंह सचिव के पद पर अतिरिक्त प्रभार दिया गया है उनकी नियुक्ति सहारनपुर में सचिव के पद पर है समिति के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायत की गई है आरोप है कि सचिव की तैनाती फर्जी तरीके से की गई है तथा सचिव का रवैया किसानों के प्रति गैर जिम्मेदाराना है सचिव के कारण ही चीनी मिल किसानों का भुगतान नहीं कर रहा है तथा किसानों को समय पर खाद व दवाई भी उपलब्ध नहीं हो पा रही है उन्होंने सचिव पद से हटाने तथा जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में सचिव अजीत कुमार सिंह ने बताया कि नियुक्ति के प्रकरण में पूर्व में भी शिकायत की गई थी जो गलत पाई गई किसानों को खाद व दवाई समय पर मिल रही है तथा भुगतान भी गत वर्ष की अपेक्षा अधिक हुआ है सभी आरोप निराधार है।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र दानिश को गलत आचरण के चलते चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य का मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

रईस अहमद पुत्र अहमद हसन
निवासी मोहल्ला लाल मस्जिद
ख्वाज बख्श देवबंद

# सड़कों पर खड़ी प्राइवेट बसें बनी जाम का कारण, अधिकारी मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मुख्यमंत्री के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए अवैध तरीके से डग्गामार बसों का संचालन जारी है। खुलेआम मुख्य मार्ग पर सड़क के बीचों बीच खड़ी करके इन बसों में सवारियां भरी जाती हैं,जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश भर में अवैध बस स्टैंड व डग्गामार वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हुए हैं। साथ ही आदेशों का अनुपालन न करने की स्थिति में संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी हुई है। कस्बे में जाम



की स्थित दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिससे प्रतीत होता है कि यहां मुख्यमंत्री के आदेश भी कोई मायने नहीं रखते। मनमानी पर उतारू बस चालक मुख्य मार्ग के बीचों बीच बसें खड़ी करके सवारियां भरते हैं,जिससे

### मुख्यमंत्री ने अवैध डग्गामार वाहनों के संचालन व अवैध स्टैंड के संचालन को बंद करने के दे रखे हैं निर्देश

मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती है। पैदल गुजरने वाले राहगीरों का निकलना भी दुश्वार हो गया है। बावजूद इसके संबंधित अधिकारी के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। हालांकि पालिका मार्किट पर सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस के जवान मौजूद रहते हैं।लेकिन वो भी इन्हें रोकने टोकने की कोई जुर्रत नहीं करते,जबकि इसी मार्ग से प्रतिदिन प्रशासनिक अधिका. रियों सहित स्थानीय पुलिस अधिक. ारी भी गुजरते हैं,लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता।

### किसके संरक्षण में हो रहा संचालन

अवैध डग्गामार बसों व अन्य वाहनों का संचालन धडल्ले से जारी है। मुख्य मार्ग के बीचों बीच खड़ी करके इन बसों में सवारियां भरी जाती हैं,जो जाम का मुख्य कारण है। इन बसों का संचालन किसके संरक्षण में किया जा रहा है।

सूत्र बताते हैं कि बाकायदा इनका ठेका छोड़ा जाता है और प्रतिदिन प्रतएक बस से पैसा वसूला जाता है। यह सब आखिर किसके इशारे पर चल रहा है।कौन है, जो मुख्यमंत्री के आदेशों के विरुद्ध इस अवैध धंधे को अपने बल पर संचा. लित करा रहा है।

..............................

मार्ग पर बसें खड़ी करके सवारियां भरने का मामला संज्ञान में नहीं है। परिवहन विभाग के अधिका. रियों से वार्ता करके कार्रवाई कराई जाएगी।

–निधि भारद्वाज
एसडीएम कैराना

# पूर्व पालिकाध्यक्ष जियाउद्दीन अंसारी का निधन

## नमाज–ए–असर के बाद गुंबदवाला कब्रिस्तान में नम आंखों के साथ किए गए सुपुर्दे खाक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पूर्व पालिकाध्यक्ष जियाउद्दीन अंसारी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही सामाजिक व राजनितिक क्षेत्रो में शोक की लहर दौड़ गई। देखते ही देखते उनके आवास पर खिराज–ए–अकीदत पेश करने वालो का तांतां लग गया। बाद नमाज–ए–असर उन्हें नम आंखों के साथ सपुर्दे खाक किया गया।

मोहल्ला पठानपुरा निवासी कद्दावर नेता पूर्व पालिकाध्यक्ष जियाउद्दीन अंसारी वर्ष 2002 और वर्ष 2017 में शानदार जीत दर्ज करते हुए देवबंद नगर पालिकाध्यक्ष चुने गए। दोनों बार उन्होंने बसपा के सिंबल पर नगर पालिका का चुनाव लड़ा था। करीब 22 साल तक वह बसपा में विभिन्न पदों पर रहे। पूर्व राज्यमंत्री राजेंद्र राणा से नजदीकी बढ़ने के बाद उन्होंने बसपा को अलविदा कहकर सपा का दामन थाम लिया था और करीब चार सालों तक सपा नेता के रूप में नगर की राजनीति में सरगर्म रहे। पिछले करीब पांच सालों से वह गुर्दे की बीमारी से ग्रस्त थे। पिछले करीब एक साल से वह दहरादून रहकर अपना इलाज करा रहे थे। लेकिन बुधवार की सुबह उनकी तबीयत बिगड़ गई और देहरादून के एक अस्पताल में ही उन्होंने अपने जीवन की आखिरी सांस ली। पूर्व पालिकाध्यक्ष जियाउद्दीन अंसारी के इतिकाल की खबर देहरादून से जैसे ही देवबंद पहुंची तो राजनीतिक क्षेत्रो और नगर में शोक की लहर दौड़ गई। देहरादेन से दोपहर के समय उनके जनाजे को देवबंद लाया गया। उनके घर पर चाहने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। बाद नमाज–ए–असर दारुल उलूम की आहत–ए–मोलसरी में मो. हतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने उनकी नमाज–ए–जनाजा अदा कराने के बाद गुंबदवाला कब्रिस्तान में उन्हें नम आंखों के साथ सुपुर्द–ए–खाक किया गया। नमाज–ए–जनाजा में पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान कुरैशी, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, पूर्व विधायक माविया अली, जामिया तिब्बिया के प्रबंधक डा. अनवर सईद, डॉ. अख्तर सईद, मंगलौरचेयरमैन मोईनुद्दीन, उत्तराखंड के राज्यमंत्री शादाब शम्स, प्रख्यात शायर डा. नवाज देवबंदी, बसपा नेता माजिद अली, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, बसपा जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह, सपा नेता हैदर अली, पूर्व विधायक शशिबाला पुंडीर, उद्यमी अय्यूब बेग, श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा, कांग्रेस नेता राहत



खलील, सेठ कुलदीप कुमार, हिन्दु मुस्लिम एकता समिति के अध्यक्ष सलीम कुरैशी, रिजवान अंसारी, नसीम अंसारी एडी, डा. डीके जैन सपा नगर अध्यक्ष रमजानी कुरैशी, डा. अनीस अंसारी, पेट्रोल पम्प स्वामी हाजी अकील, इंजी. ताहिर हसन गाजी, आरिफ कुरैशी, तोफीक अहमद जग्गी, डा. वाजिद मलिक, जावेद अंसारी आदि लोग शामिल रहे।

# विद्युत विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा चलाया जा रहा अभियान के तहत उन उपभोक्ताओं के घरों पर चेकिंग की जाएगी जिनकी रीडिंग कम आ रही है। निगम द्वारा अभियान शुरू किए जाने से विद्युत चोरी कर रहे उपभोक्ताओं में हडकंप मचा हुआ है।

उपखंड अधिकारी पुलकित टंडन ने बताया कि विद्युत वितरण खंड देवबंद के अधिशासी अभियंता मृत्युंजय शाही के निर्देशन में विद्युत चोरी रोकने के लिए अभियान शुरू किया गया है। नगर में सघन चेकिंग अभियान के दौरान जिन विद्युत उपभोक्ताओं की रीडिंग कम आ रही है उनका डाटा तैयार किया गया है। चैकिंग अभियान के दौरान उपभोक्ताओं में मचा हड़कंप।

# खेल प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।

सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल प्रागण में कक्षा एक से पांच के बच्चों के बीच अंतर सदनीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बालक व बालिका वर्ग में कक्षा 1 से भगत सिंह और लक्ष्मीबाई सदन से जस्सी राठौर और मोहम्मद अफ्फान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि आजाद व भगत सिंह सदन से महक व फैसल द्वितीय और लक्ष्मीबाई व आजाद सदन से नंदनी व रिदान तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा 2 व 3 से सुभाष एवं आजाद सदन की गरिमा व राहिल ने प्रथम स्थान, लक्ष्मी बाई व भगत सिंह सदन से सजल लांबा व रोनित कुमार ने द्वितीय स्थान और आजाद व सुभाष



सदन से निधि एवं वरदान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 4 व कक्षा 5 में आजाद व सुभाष सदन से पूर्वी सैनी व वासु पाल प्रथम, भगत सिंह व आजाद सदन से ट्विंकल पंवार व प्रिंस ने द्वितीय और लक्ष्मी बाई एवं भगत सिंह सदन से आर्या सैनी व वीर तीसरे स्थान पर रहे। स्कूल के संरक्षक हरि सिंह सैनी ने सभी बच्चों के खेल प्रदर्शन की सरहाना की। प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सैनी ने सभी बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करने के उपरांत उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अनिता सैनी, वंदना ध्रुव, सुनीता चौधरी, शिवकुमार सैनी, राजी शर्मा, देवेंद्र कुमार आदि छात्र–छात्राओं सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# महिला पर अकारण हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए सीएम को भेजा पत्र

**देवबन्द।** पूर्व प्रधान एवं नागल ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में कहा हैं कि उनका अपनी रिश्तेदारी में एक लेन–देन को लेकर विवाद चल रहा है। बताया कि उक्त विवाद में परिवार से बाहर की एक महिला अकारण ही हस्तक्षेप कर रही है। जबकि उसका प्रकरण से कुछ भी लेना देना नहीं है। कोतवाली क्षेत्र के गांव चंदेना कोली के पूर्व प्रधान एवं नागल ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा हैं कि उक्त महिला सहारनपुर नगर स्थित एक थाने में पुलिस कर्मियों के लिए भोजन बनाने का कार्य करती है। पुलिस से उक्त जान पहचान के चलते ही वह उक्त प्रभाव का इस्तेमाल कर उसके घर पुलिस भेज रही है। जिससे उसके परिवार का शोषण हो रहा है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने आरोपी महिला और उसके पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसके प्रकरण में 50 हजार रुपये की मांग करने का आरोप लगाया। आरोप लगाया कि उक्त महिला के अकारण हस्तक्षेप के चलते वह हार्ट पेशेंट होने के चलते मानसिक रुप से परेशान है। सीएम को भेजे पत्र में कहा कि यदि महिला और उसके पति के उत्पीड़न के चलते उसकी मौत हो जाती है तो उसकी जिम्मेदार उक्त महिला और उसका पति होगा। पीडित ने उक्त पत्र की प्रतिलिपि मानव अधिकार आयोग, डीजीपी लखनऊ, प्रमुख सचिव एवं सहारनपुर एसएसपी को भी भेज इंसाफ की गुहार लगाई है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई महिलाओं की नसबंदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला नसबंदी शिविर में महिलाओं की नसबंदी हुई। शि. विर में महिलाओं को प्रजनन संबंधी जानकारी देने के साथ ही समय समय पर अपनी जांच कराये जाने का सुझाव दिया।

रेलवे रोड स्थित सरकारी अस्पताल में आयोजित नसबंदी शिविर का उद्घाटन सीएमओ डा. प्रवीण कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि दो बच्चों के अंतराल पर नसबंदी कराई जा सकती है। उन्होंने महिलाओं को नसबंदी के बाद पोषक तत्वों का सेवन करने के लिए प्रेरित किया। चिकित्सा अधीक्षक डा. रियंका चौधरी ने बताया कि नसबंदी कराने के लिए 146 महिलाओं ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 115 महिलाएं ही नसबंदी कराने के लिए अस्पताल पहुंची। उन्होंने बताया कि यह शि. विर पूरे जनपद में अब तक का सर्वाधिक महिला नसबंदी उपलब्धियों वाला शिविर रहा है। बताया कि महिला नसबंदी हेतु प्रत्येक लाभार्थी को दो हजार और प्रत्येक आशा को 300 रुपये की




प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी डा. शिवांका गौड, डा. उर्मिला सिंह, डा. कपिल देव, डा. आशुतोष, पीएस रांघड, मोतीलाल, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# वांछित तीन आरोपियों को न्यायालय के समक्ष किया पेश



**देवबन्द।** वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत चैकिंग के दौरान वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान वारंटी कपूरी गोविंदपुर निवासी कन्हैया पुत्र राजेंद्र व कपूरी गोविंदपुर निवासी राजेंद्र पुत्र सेवाराम व ग्राम भटौल निवासी प्रताप पुत्र कैलाशी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्ष नरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने का काम आगे भी जारी रहेगा।

# रैंकिंग से रोहित-कोहली के नाम गायब

**वनडे बैटर्स रैंकिंग**

## पिछले हफ्ते टॉप-5 में शामिल थे दोनों भारतीय बल्लेबाज, शुभमन गिल टॉप पर कायम



**मुंबई, वार्ता।** एशिया कप के लिए उपकप्तान नियुक्त किए जाने से यह तो तय हो गया है कि इस बल्लेबाज ने ऊंची छलांग लगाई है।

एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा के समय चयनकर्ता प्रमुख अजीत अगरकर से पूछा गया कि क्या शुभमन गिल की सभी प्रारूपों के कप्तान के रूप में ताजपोशी शुरू हो चुकी है, प्रेस कॉन्फ्रेंस में अगरकर के साथ सूर्यकुमार यादव की मौजूदगी में यह सवाल थोड़ा अजीब लग रहा था, लेकिन फिर यही हकीकत लगती है, या यूं कहें कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य। भारतीय क्रिकेट में गिल युग की अच्छी और सही शुरुआत हो गई है, भले ही वह वर्तमान में केवल ट्वेंटी-20 प्रारूप में ही उप-कप्तान हैं। एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा के बाद, चयनकर्ताओं के अध्यक्ष ने इस युवा खिलाड़ी की जमकर सराहना करते हुए कहा कि हमें उनमें नेतृत्व के गुण नजर आते हैं, और इंग्लैंड में उनका प्रदर्शन वैसा ही रहा जैसी हमें उम्मीद थी। उन्होंने हमारी सभी उम्मीदों को पार कर दिया। एक कप्तान के तौर पर जब आप पर इतना दबाव होता है, तब उन्होंने अपने बल्ले से जिस तरह का प्रदर्शन किया, वह एक बेहतरीन संकेत है। गिल ने आखिरी बार एक साल से भी ज्यादा समय पहले (जुलाई 2024 में श्रीलंका में) टी-20 मैच खेला था, और मंगलवार (19 अगस्त) को चयन बैठक से कुछ घंटे पहले तक ऐसा लग रहा था कि वह एशिया कप में नहीं खेलेंगे। फिर भी, वह टीम के उप-कप्तान हैं, सूर्यकुमार के बाद टीम के दूसरे सबसे महत्वपूर्ण सदस्य हैं, और टीम प्रबंधन का हिस्सा हैं जो अहम फैसले लेगा। अब यह तय लग रहा है कि गिल शीर्ष क्रम पर-पहले, दूसरे या तीसरे नंबर पर-बल्लेबाजी करेंगे, जिससे संजू सैमसन (अभिषेक शर्मा के साथ मौजूदा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय सलामी बल्लेबाज) और तिलक वर्मा (तीसरे नंबर पर बल्लेबाज) की जगह खतरे में पड़ जाएगी। अगरकर ने संकेत तो दिए, लेकिन यह पुष्टि नहीं की कि टेस्ट कप्तान, जो आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए ओपनिंग करते हैं, एशिया कप में भी ऐसा ही करेंगे या नहीं। चयन समिति के अध्यक्ष ने कहा कि संजू इसलिए खेल रहे थे क्योंकि शुभमन और यशस्वी उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने आगे कहा कि वह (गिल) पिछली बार टी-20 क्रिकेट खेलते समय उप-कप्तान थे। अब जब वह उपलब्ध हैं, तो बल्लेबाजी क्रम चुनना उनका सिरदर्द है। 15 खिलाड़ियों को चुनना हमारा सिरदर्द है। हमारे पास काफी गहराई है। अगरकर ने आगे स्पष्ट किया कि अभिषेक शर्मा शीर्ष क्रम में अछूते हैं। अभिषेक के प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें बाहर रखना मुश्किल है। आईपीएल में सलामी बल्लेबाज के तौर पर 650 रन बनाने वाले गिल के शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने की पूरी संभावना है। सूर्यकुमार ने बल्लेबाजी क्रम का खुलासा नहीं किया।

# केशव महाराज वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में फिर बने नंबर-1

● **महाराज केर्न्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे मैच में पहली बार पांच विकेट लेने के बाद रैंकिंग में टॉप पर पहुंचे**



**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे केशव महाराज पुरुष एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में एक बार फिर से नंबर एक गें. दबाज बन गए है। महाराज मंगलवार को केर्न्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मैच में पहली बार पांच विकेट लेने के बाद एक बार फिर से शीर्ष रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। बाए हाथ के स्पिन गेंदबाज महाराज ने दो स्थान की छलांग लगाकर श्रीलंकाई स्पिनर महेश दीक्षाना (दूसरे) और भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव (तीसरे) को पछाड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। महाराज ने पहली बार नवंबर 2023 में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के हालिया संस्करण के दौरान भारतीय तेज गेंदबाज़ मोहम्मद सिराज को पछाड़ते हुए नंबर वन एकदिवसीय गेंदबाज रैंकिंग हासिल की थी। तब से वह स्पिनर रैंकिंग में शीर्ष पांच स्थानों में अपनी जगह बनाए हुए है। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में सीरीज के दौरान 10 विकेट लेकर 15 पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर जगह बनाई है, जबकि पाकिस्तान के अबरार अहमद तीन मैचों की सीरीज के दो मेचों में तीन विकेट लेकर 15 पायदान ऊपर चढ़कर 39वें स्थान पर है। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी एडन मारक्रम (चार स्थान ऊपर 21) और टेम्बा बावुमा (पांच स्थान ऊपर 23) दोनों ने ऑस्ट्रेलिया के साथ चल रही श्रृंखला के शुरुआती मैच में अर्द्धशतक लगाने के बाद एकदिवसीय बल्लेबाजों की नवीनतम रैंकिंग में बढ़त हासिल की है।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### जैनिक सिनर ने यूएस ओपन मिश्रित युगल से नाम वापस लिया

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर बीमारी का हवाला देते हुए सिनसिनाटी ओपन के फाइनल मैच से रिटायर होने के बाद यूएस ओपन मिश्रित युगल से अपना नाम वापस ले लिया है। यूएस ओपन 2025 ने मंगलवार को पुष्टि की कि जैनिक सिनर ने कैटरीना सिनियाकोवा के साथ अपने निर्धारित मिश्रित युगल के पहले दौर से नाम वापस ले लिया है। सिनर और सिनियाकोवा की जोड़ी को लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में बेलिंडा बेनसिक व ज्वेरेव की मिश्रित युगल जोड़ी से मुकाबला करना था लेकिन सिनर के इस टूर्नामेंट से हटने के बाद अब उनकी जगह वैकल्पिक टीम में डेनियल कॉलिन्स और क्रिश्चियन हैरिसन को जगह दी गई है।

### टाटा मुंबई मैराथन 2026 के लिए पंजीकरण अब शुरू

**मुंबई, वार्ता।** अपने 20वें संस्करण की ऐतिहासिक सफलता के बाद, एशिया की सबसे प्रतिष्ठित टाटा मुंबई मैराथन, देश को एकजुट करने वाली अजेय 'मुंबई स्पिरिट' का जश्न मनाने के लिए नए जोश के साथ लौट रही है।

प्रवर्तक प्रोकैम इंटरनेशनल ने घोषणा की है कि 21वें संस्करण के लिए पंजीकरण आज, बुधवार, 20 अगस्त 2025 को शुरू हो गए हैं। 389,524 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस, रविवार, 18 जनवरी, 2026 को छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से शुरू होगी। टाटा मुंबई मैराथन सिर्फ एक दौड़ से कहीं ज्यादा, भारत का सबसे बड़ा सहभागी खेल मंच है,जहां हर क्षेत्र के लोग अपनी सीमाओं को पार करने, नई शुरुआत करने और एकजुट होकर दौड़ने के लिए एक साथ आते हैं।

# हीरो एशिया कप के लिए 18 सदस्यीय टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने बुधवार को आगामी हीरो पुरुष एशिया कप के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। यह टूर्नामेंट 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के हाल ही में विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जायेगा। एफआईएच हॉकी विश्वकप बेल्जियम-नीदरलैंड 2026 के लिए क्वालीफायर टूर्नामेंट में भारत को जापान, चीन और कज़ाकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है।

भारत अपने अभियान की शुरुआत 29 अगस्त को चीन के खिलाफ करेगा, उसके बाद 31 अगस्त को जापान और एक सितंबर को कजाकिस्तान से भिड़ेगा। इस टूर्नामेंट के लिए अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भारतीय टीम की कप्तान करेंगे। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी भरोसेमंद कृष्ण बी पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे।

डिफेंस में कप्तान हरमनप्रीत सिंह और अमित रो. हिदास के साथ जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह भी शामिल होंगे, जो रक्षात्मक पंक्ति को मजबूती प्रदान करेंगे। मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह शामिल हैं। आक्रमण की अगुवाई मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह करेंगे, जो विपक्षी डिफेंस को परेशान करने के लिए भरपूर क्षमता प्रदान करेंगे।

# सौरभ-सुरुचि ने मिश्रित टीम में जीता ब्रॉन्ज

**एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप**

● **भारत के सौरभ और सुरुचि की जोड़ी ने चीनी ताइपे की टीम को 17-9 से हरा कर यह उपलब्धि हासिल की**



**श्यामकेंट, वार्ता।** कजाकिस्तान के श्यामकेंट शहर में चल रहे एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत के सौरभ चौधरी और सुरुचि इंदर सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस जोड़ी ने चीनी ताइपे की टीम को 17-9 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले मंगलवार को भारत की स्टार निशानेबाज और दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। क्वालिफिकेशन राउंड में पांचवें स्थान पर रहे सौरभ और सुरुचि ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 578 अंक हासिल किए और पां. चवें स्थान पर रहकर मेडल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। सुरुचि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली सीरीज में परफेक्ट 100 अंक स्कोर किए। हालांकि, दूसरी सीरीज में उनका स्कोर 94 रहा, लेकिन तीसरी सीरीज में उन्होंने 98 अंक बनाकर वापसी की। दूसरी ओर, सौरभ ने तीनों सीरीज में क्रमश: 95, 96 और 95 अंक बनाए। दोनों ने मिलकर क्वालिफिकेशन राउंड में 578 अंकों के साथ आठ टीमों के मेडल राउंड में जगह बनाई। मनु ने सुरुचि सिंह और पलक गुलिया के साथ मिलकर टीम इवेंट में भी भारत को ब्रॉन्ज दिलाया। 17 साल की सुरुचि इस सीजन में शानदार फार्म में हैं।

उन्होंने इस साल चार वर्ल्ड कप मेडल जीते हैं और इस चैंपियनशिप में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया मेडल राउंड में सौरभ और सुरुचि ने चीनी ताइपे की लियू हेंग-यू और सिंएह सियांग-चेन की जोड़ी को 17-9 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत ने एशियाई निशानेबा. जी चैंपियनशिप में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की।

### इंग्लैंड श्रीलंका के साथ सीमित ओवर मुकाबले में भिड़ेगा

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड की पुरुष क्रिकेट टीम 2026 की शुरुआत में टी-20 विश्व कप से पहले सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी।

इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने श्रीलंका के साथ तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों वाले दौरे के कार्यक्रम की घोषणा कर दी हैं। श्रीलंका के दौरे पर इंग्लैंड 22,24 और 27 जनवरी को तीन एकदिवसीय मैच खेलगा। इसके बाद इसके बाद 30 जनवरी, एक फरवरी और तीन फरवरी को टी-20 मैच खेले जाएंगे। मैचों के स्थल अभी तय नहीं हुए हैं। यह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले विश्वकप की तैयारी का हिस्सा होगी।

# एडम जम्पा को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार

● **एडम जम्पा को खिलाड़ियों और सहयोग स्टाफ के लिए आचार संहिता का उल्लंघन करते पाया गया**



**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एडम जम्पा को मंगलवार को केर्न्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई है। जम्पा को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-3 का उल्लंघन करते पाया गया, जो 'अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान सुनाई देने वाली अश्लीलता के प्रयोग' से संबंधित है। इसके अलावा, जम्पा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध था। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पारी के 37वें ओवर में हुई, जब जम्पा ने अपनी गेंद पर मिसफील्ड और ओवरथ्रो के बाद अनुचित भाषा का प्रयोग किया, जिसे स्टंप के माइक्रोफोन पर रिकॉर्ड किया गया और प्रसारित किया गया। जम्पा ने अपराध स्वीकार कर लिया और एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर क्रिस गैफनी और सैम नोगाज्स्की, तीसरे अंपायर रिचर्ड इललगवर्थ और चौथे अंपायर डोनोवन कोच ने आरोप लगाए। स्तर 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार, अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं।

● **खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव**

# शीर्ष राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय एथलीट करेंगे प्रतिस्पर्धा

● **देश के सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय एथलीट डल झील पर आयोजित होने वाले पहले खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव में दांव पर लगे 24 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे**

**श्रीनगर, वार्ता।** देश के सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय एथलीट यहां प्रतिष्ठित डल झील पर आयोजित होने वाले पहले खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव में दांव पर लगे 24 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

तीन दिवसीय इस आयोजन में 400 से अधिक एथलीट नौकायन, कैनोइंग और कयाकिंग जैसे पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव 2025 पहली समेकित ओपन-एज श्रेणी चैंपियनशिप होगी, जिसमें सभी 14 कयाकिंग और कैनोइंग स्पर्धाएँ और 10 नौकायन स्पर्धाएं ओलंपिक स्पर्धाएं होंगी। जल खेलों के रोमांच को और बढ़ाने के लिए, तीन प्रदर्शनी स्पर्धाएं होंगी - वाटर स्कीइंग, शिखर बोट स्प्रिंग और ड्रैगन बोट रेस। केआईडब्ल्यूएसएफ में 36 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हिस्सा लेंगे। इनमें उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा और केरल के एथलीटों पर सबकी निगाहें होंगी। प्रतियोगिता प्रबंधक, पूर्व विश्व कप विजेता कैनोइस्ट और ओलंपिक जज, बिलकिस मीर ने कहा कि चूँकि सर्विसेज इन खेलों में एक टीम के रूप में हिस्सा नहीं लेगी, इसलिए यह देखना अच्छा होगा कि राज्य कैसे प्रतिस्पर्धा करते हैं और कैसा प्रदर्शन करते हैं।

कोर्स को सभी अंतर्राष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है और हम पूरी तरह तैयार हैं। खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल, खेलो इंडिया कैलेंडर में एक नया आयोजन है। 2025 में, दो नए कार्यक्रम जोड़े गए हैं। खेलो इंडिया बीच गेम्स मई में दीव में हुए थे। खेलो भारत नीति के अनुसार, वाटर गेम्स और बीच गेम्स दोनों का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना और पर्यटन को आकर्षित करना है। मध्य प्रदेश की वाटर स्पोर्ट्स एथलीट सुहानी मीना, जो नौकायन में भाग लेंगी, ने कहा कि वह कश्मीर आकर बहुत खुश हैं।

उन्होंने कहा कि यह जल-क्रीड़ा एथलीटों के लिए एक शानदार अवसर है क्योंकि हमें राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में भाग लेने के लिए साल भर में बहुत कम अवसर मिलते हैं। अब खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025 हमें उत्कृष्टता हासिल करने का मौका देगा। कयाकिंग और कैनोइंग के लिए, पिछली राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं नवंबर में टिहरी (उत्तराखंड) में आयोजित की गई थीं, जिन्हें क्वालीफायर के रूप में वर्गीकृत किया गया था। एकल और युगल में शीर्ष 15 और शीर्ष आठ चार खिलाड़ी केआईडब्ल्यूएसएफ में भाग लेंगे। नौकायन में, इस वर्ष मार्च में भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के शीर्ष आठ खिलाड़ी भाग लेंगे।

इसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर का भी तड़का होगा। दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाले सेना के नौकायन खिलाड़ी अर्जुन लाल जाट मुख्य आकर्षणों में से एक होंगे। 28 वर्षीय जाट ने 2020 टोक्यो ओलंपिक में भाग लिया है और हांगझाऊ में 2022 एशियाई खेलों में लाइट-वेट डबल स्कल्स में रजत पदक जीता है। जाट ने कहा कि यह मेरा पहला खेलो इंडिया इवेंट है और मैं पुरुषों की सिंगल स्कल्स स्पर्धा में भाग लूंगा। मुझे उम्मीद है कि इसमें भाग लेने वाली प्रत्येक टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

# चौथा कैप्टेंस कप: अनबू कॉम्बैट क्लब बना चैंपियन

● **भारत के सबसे व्यापक मार्शल आर्ट्स आयोजनों में से एक बन गया है, हर दिन लगभग 7 फाइटर्स खेल रहे**

**कोलकाता, वार्ता।** माइक्स मार्शल आर्ट्स द्वारा राष्ट्रीय कॉम्बैट स्पोर्ट्स फेडरेशन के सहयोग से आयोजित चौथी कैप्टेंस कप मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप कोलकाता में सफलता पूर्वक संपन्न हो गई। यह चार दिवसीय प्रतियोगिता (15 से 18 अगस्त) देशभर से आए फाइटर्स, डोजो और मार्शल आर्ट्स प्रेमियों को एक मंच पर लेकर आई, जिसने मुकाबले के जज्बे और अनुशासन की असली भावना को दर्शाया। चैंपियनशिप में काटा (फॉर्म्स), फुल कॉन्टैक्ट कराटे, किकबॉलक्सग, और ब्राजीलियन जिउ-जित्सु/ग्रैपलिंग जैसी विधाओं को शामिल किया गया, जिससे यह भारत के सबसे व्यापक मार्शल आर्ट्स आयोजनों में से एक बन गया। हर दिन लगभग 60 फाइटर्स ने 80 से अधिक कैटेगरीज में मुकाबला किया। कुल मिलाकर 14 डोजो-केरल, महाराष्ट्र, असम और पश्चिम बंगाल से-इस प्रतियोगिता का हिस्सा बने। महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जो कुल प्रतिभागियों का 39प्रतिशत थी, यह संकेत है कि कॉम्बैट स्पोर्ट्स में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। प्रतियोगिता में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें प्रमुख रहीं ऋषिका बनर्जी, जो वर्तमान में यूथ यूरोपियन ओपन फुल कॉन्टैक्ट कराटे चैंपियन हैं, और स्नेहा सामंता, जो आगामी कराटे वर्ल्ड कप (जापान, नवंबर) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# वापसी के लिए तैयार हैं उमरान मलिक

**उमरान तमिलनाडु में चल रहे बुची बाबू टूर्नामेंट से ऐक्शन में वापसी करने के लिए तैयार है**



**चेन्नई, वार्ता।** चोट और बीमारी के कारण 2024-25 का घरेलू सीजन और आईपीएल 2025 छूटने के बाद तेज गेंदबाज उमरान मलिक, तमिलनाडु में चल रहे बुची बाबू टूर्नामेंट से ऐक्शन में वापसी करने के लिए तैयार हैं। 25 साल के मलिक बुची बाबू टूर्नामेंट के पहले राउंड में नहीं खेल रहे हैं, जो 18 अगस्त को चेन्नई में शुरू हुआ। लेकिन वह दूसरे राउंड में जम्मू कश्मीर की ओर से बड़ौदा के खिलाफ 22 अगस्त से खेलेंगे। मलिक आखिरी बार आईपीएल 2024 में खेलते दिखे थे। हैमस्ट्रिंग और कूल्हे की चोट से उबरने के बाद उन्हें लगता है कि उनका शरीर घरेलू क्रिकेट की कठिनाईयों को झेलने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मुझे अच्छा लग रहा है। मैंने लंबे समय से क्रिकेट नहीं खेला है। मैं सात-आठ महीने चोटिल भी था। वह एक मुश्किल दौर था। लेकिन अब वापसी करके बहुत अच्छा लग रहा है। मैंने हाल ही में कश्मीर में काफी लाल गेंद की क्रिकेट और टी-20 मैच खेले हैं। वह हमारा रजिस्ट्रेशन कैंप था। हम बुची बाबू (टूर्नामेंट) के लिए चेन्नई आए। मैं अभी जितने मैच खेल सकूं, उतना अच्छा है। यह मेरे शरीर के वर्कलोड के लिए अच्छा है। मैं वापसी कर चुका हूं और इस सीजन अच्छा करूंगा। यही मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि निशांत (बोर्डोलोई, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच) मेरी मदद कर रहे थे। तुलसी (राम युवराज, फिजियो ) सर और सुरेश (राठौड़, फिजियो सर और (वीवीएस, लक्ष्मण (सीओई प्रमुख) सर ने मुझे वह सब कुछ दिया, जिसकी जरूरत थी। बीसीसीआई का शुक्रिया। चोट किसी भी स्पोर्ट्समैन की लजदगी का हिस्सा है। यह होना ही है। उस समय मैंने खुद को मजबूत रखा, अपना माइंडसेट सही रखा। अब सब ठीक है। मलिक ने पहली बार 2022 आईपीएल में सबका ध्यान खींचा था, जब उन्होंने 156-9 किमी/घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए 14 मैचों में 22 विकेट लिए। उसी साल उन्हें भारत की सीमित ओवर टीमों में जगह मिली, लेकिन इसके बाद से चोटों ने लगातार उनके करियर को प्रभावित किया है।

# खिलाड़ियों की देखभाल और प्रदर्शन को लेकर हरियाणा स्टीलर्स और फ्रिडो ने की साझेदारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग 2025 में खिलाड़ियों की देखभाल और प्रदर्शन को नये स्तर पर ले जाने के लिए हरियाणा स्टीलर्स और फ्रिडो के बीच साझेदारी हुई है। भारत के अग्रणी डी2सी एर्गोनॉमिक ब्रांड फ्रिडो ने जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स की टीम हरियाणा स्टीलर्स के साथ साझेदारी का ऐलान किया है। अब 29 अगस्त से शुरु हो रही प्रो कबड्डी लीग 2025 में फ्रिडो टीम का आधिकारिक साझेदार होगा। यह साझेदारी केवल स्पॉन्सरशिप नहीं है, बल्कि इसमें फ्रिडो के एडवांस ऑर्थोटिक सॉल्यूशन्स को खिलाड़ियों के प्रदर्शन और वापसी से सीधे जोड़ा गया है। कबड्डी जैसा तेज-तर्रार और हाई-कॉन्टैक्ट खेल हर रेड, टैकल और स्प्रिंट में खिलाड़ियों के घुटनों और जोड़ों पर भारी दबाव डालता है। ऐसे में चोट से बचाव और तेजी से वापसी ही तय करती है कि खिलाड़ी मैदान पर टिके रहेंगे या बाहर बैठेंगे। फ्रिडो के नीकैप सपोर्ट्स, पोस्टचर करेक्टर्स और रिस्ट ब्रेसेज खिलाड़ियों को अतिरिक्त सुरक्षा, स्थिरता और आत्मविश्वास के साथ पूरे सीजन खेलने में मदद करेंगे।



# मोदी के नेतृत्व में हुई देश की साख मजबूत: स्वतंत्र

## जल शक्ति मंत्री ने पूर्व सांसद चौ.नकली सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** यूपी सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भर में देश की साख मजबूत हुई है।आज पूरी दुनिया भारत को सम्मान की नजर से देख रही है।

क्षेत्र के गाँव जन्धेडा समसपुर में आयोजित कार्यक्रम में पहुँचे यूपी सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव व संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी का भव्य स्वागत किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वतंत्र देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत धरती से लेकर आकाश तक अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर रहा है।पूरी दुनिया भारत को सम्मान की नजर से देख रही है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व दुनिया भर में भारत की साख बढ़ी है।उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से देश के प्रत्येक वर्ग के जीवन में खुशहाली आई है।जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने कहा पूर्व सासंद स्वर्गीय नकली सिंह ने सहारनपुर में राजनीति में बदलाव ला दिया था।जिले के कार्यकर्ता उनका अनुसरण करें।




संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि देश विकास के पथ पर आगे कैसे बढ़ता है यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साबित करके दिखा दिया है।तमाम चुनोतियों को उन्होंने हल करके विकास की नई गाथा लिखी है।आज दुश्मनों के हमले का जवाब ईंट के बदले पत्थर की तर्ज पर दिया जाता है।पहलगाम अटैक के बाद भारत का करारा जवाब भारत के दुश्मन सदा याद रखेंगे।उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद नकली सिंह के जीवन से बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

इस दौरान दादरी विधायक तेजपाल सिंह,विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंशी, चौधरी तेजा गुर्जर,भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र सैनी, पूर्व कैराना सांसद प्रदीप चौधरी, नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी, पूर्व सांसद राघवलखन पाल शर्मा, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, चौधरी राजपाल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष माँगेराम चौधरी, मेयर डॉ अजय सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नक्षत्र पँवार आदि ने पूर्व सांसद नकली सिंह द्वारा किए गए कार्यों को विस्तार से बताया। इससे पूर्व जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने पूर्व सांसद नकली सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। पूर्व सांसद के पुत्र अशोक चौधरी व कार्यक्रम आयोजक भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री सन्नी देव चौधरी ने अथितियों को स्मृति चिन्ह व शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया।संचालन पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य मेलाराम पँवार ने किया।

रामपुर मनिहारान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह,कृष्णचंद सैनी, प्रमोद कौशिक, दीपक सैनी आदि मौजूद रहे।

# विधायक आशु मलिक की याचिका पर प्रमुख सचिव व नगर आयुक्त तलब, कार्यों के निर्देश

**नगर निगम में शामिल कालोनियों व 32 गांवों में विकास कार्य न कराये जाने का मामला**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** समा. जवादी पार्टी के देहात विधायक आशु मलिक के बार बार निवेदन के बावजूद भी निगम में शामिल कालोनियों व 32 गांवों में विकास कार्य न कराने पर प्रदेश के प्रमुख सचिव व नगर आयुक्त उत्तर प्रदेश विधानसभा याचिका समिति के समक्ष पेश हुए। सभापति ने गहरी नाराजगी जताते हुए विधायक आशु मलिक द्वारा बताये गये कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिये।

नगर निगम गठन के बाद नगर पालिका क्षेत्र के अलावा आसपास की कालोनियों व 32 गांवों को निगम में शामिल किया गया था। देहात विधानसभा चुनाव जीतने के बाद से ही विधायक आशु मलिक ने इन कालोनियों व 32 गांवों में विकास कराने के लिए विधानसभा से लेकर हर स्तर पर प्रयास किया। नगर आयुक्त को विधायक द्वारा पत्र लिखकर वास्तुस्थिति से अवगत कराया गया। बावजूद इसके यहां पर कोई काम नही हआ। वर्ष 2022 में विधायक आशु मलिक ने इन क्षेत्रों में विकास के लिए याचिका समिति की बैठक में याचिका दी थी, लेकिन इसके बावजूद भी स्थिति में कोई सुधार नही हुआ जिसकी शिकायत विधायक आशु मलिक द्वारा याचिका समिति के सभापति को की गयी थी। इस बार सभापति द्वारा प्रदेश के प्रमुख सचिव व नगर निगम सहारनपुर के नगर आयुक्त को तलब होने के निर्देश दिये थे। दोनो अधिकारियों के तलब होने के बाद सभापति ने उनके क्रियान्वयन पर गहरी नाराजगी जताई और उनसे अब तक विधायक आशु मलिक द्वारा दी गयी याचिका पर कोई काम न करने का कारण पूछा। जिसका वह कोई जवाब नही दे सके।

सभापति ने दोनो अफसरों को नगर निगम में शामिल कालोनियों व 32 गांवों में विधायक आशु मलिक द्वारा दी गयी याचिकाओं के अनुरूप विकास कार्य कराने के सख्त निर्देश दिये।

# पाइप लाइन डालने से टूटी सड़कें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** पिछले एक साल से नगर मे जल निगम द्वारा पाइपलाइन डाली जा रही है। जिससे नगर की आधे से अधिक सड़कें टूटी पड़ी हैं।

लोगों ने बताया कि पहले ही टूटी सड़कों पर चलना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा था अब बारिश के मौसम तो जगह जगह जलभराव और कीचड़ के बीच से निकलना और भी दुश्वार हो गया है। लोगों ने जल निगम से इसकी कई बार शिकायत भी की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब नगर की सर्वदलीय संघर्ष समिति ने इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाने का निर्णय लिया है। समिति का एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जल निगम से संबंधित एचएमएस कंपनी अधिकारी अनिल कुमार से मुलाकात कर नगर की इस बड़ी समस्या से अवगत कराते हुए इसके समाधान की मांग की है।

# आयोग सदस्य ने सुनीं समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** स्थानीय खंड विकास कार्यालय सभागार में प्रदेश के अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य महिपाल सिंह वाल्मीकि ने जन समस्याएं सुनकर अधिकारियों को शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिए।




बुधवार को आयोग के सदस्य खंड विकास कार्यालय सभागार पहुंचे। वहां उपस्थित अनुसूचित जाति के सफाई कर्मचारियों ,ग्राम प्रधानों,समूह से जुडी महिलाओं से उनकी समस्याओ के बारे मे जानकारी ली और अधिकारियों को उनका निस्तारण करने को कहा।

इस दौरान उन्होने प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति ,जनजाति समुदाय के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया और जागरूक करते हुए कहा कि इन योजनाओ का वे लाभ उठाये। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिलना चाहिए। इस दौरान नायब तहसीलदार मोनिका चौहान, खंड विकास अधिकारीअसलम परवेज, खंड शिक्षा अधिकारी विजेंद्र बालियान, एडीओ पंचायत प्रवीण शर्मा, बीएमओ नाजिया, सचिव नैन सिंह सैनी, सहित ग्राम प्रधान बिरमपाल सिंह, बाबूराम, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मॉब लीचिंग करने वालों को मिले फांसी :हाजी फजलुर्रहमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व सांसद व समा. जवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी फजलुर्रहमान ने उत्तराखंड राज्य के श्रीनगर में मॉब लिंचिंग का शिकार हुए छुटमलपुर नगर निवासी ट्रक ड्राइवर रिजवान अहमद के घर पहुंचकर उनसे मुलाकात की।

पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने पीड़ित से घटना की जानकारी ली और मौके पर ही गढ़वाल रेंज के आई.जी. राजीव स्वरूप से पीड़ित को न्याय दिलाने व दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई तथा एफ.आई.आर. में धाराएँ बढ़ाने के संबंध में फोन पर वार्ता की। पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं की रोकथाम बहुत जरूरी है। आए दिन धर्म के नाम पर मॉब लिंचिंग की घटनाएं अत्यंत चिंता का विषय है। सरकार को चाहिए कि वह धर्म के नाम पर मॉब लिंचिंग करने वालों के फाँसी की सजा का प्रावधान करने हेतु सखघ्त कघनून बनाये। पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान में कहा की पिछले कुछ वर्षो से मॉब लिंचिंग की ऐसी घटनाएं सामने आई हैं जिसमें पीड़ित की धार्मिक पहचान ही इसका कारण रहा है।



उत्तराखंड राज्य में कानून व्यवस्था किसके इशारे पर चल रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पलायन व पिटाई के नाम पर लोगों को भय और हिंसा के माहौल में जीने नहीं दिया जा रहा है, जो लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ है। पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने मांग की कि इस घटना की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। साथ ही प्रभावित व्यक्ति को सुरक्षा और मुआवजा मिले।

इस दौरान बेहट नगर पंचायत चेयरमैन अब्दुल रहमान शालू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राव बाबर एडवोकेट, कघरी आबिद, हाजी नवाब अंसारी, अथहर अली, नसीम गौड़, जहांगीर अंसारी, फिरोज खघन, अरशद कघुरैशी, मौलाना सरवर, डॉक्टर मुस्तकघीम मलिक, रहमान गाड़ा बीडीसी, सलमान अंसारी, शाकिर अंसारी, सरफराज, अलीम, सैयद हस्सान पीआरओ व मीडिया प्रभारी पूर्व सांसद आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# नाले में गिरी कार, सवार बचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** भारी बरसात के बाद नाली नदियां भी उफान पर हैं ऐसे में कई बार जान जोखिम में पड़ जाती है ऐसा ही मामला सरसावा में देखने को मिला जब सड़क पार कर रही है गाड़ी नाले में गिर गई जिसमें सवार चार लोगों ने बामुश्किल अपनी जान बचाई।

बुधवार दोपहर सरसावा हाईवे कट के समीप सिरोही पैलेस के बराबर से कल्याणपुर की ओर जाने वाली सड़क पर कार नाले में बही कार सवारों ने किसी तरह शीशे खोल कार की छत पर बैठ गए। आसपास इकट्ठा हुए लोगों ने थाना सरसावा पुलिस को मामले की सूचना दी। आनन फानन में थाना अध्यक्ष विनोद कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस ने लोगो की मदद से चारों युवकों को बाहर निकलवाए गए। गोताखोरों की टीम ने घंटों की कड़ी मशकत के बाद कार को ट्रैक्टर रस्से द्वारा बाहर निकाला एसडीएम नकुड सुरेंद्र कुमार ,मौके पर पहुंचे कार सवार पूर्व कैराना सांसद प्रदीप चौधरी के नजदीकी बताए जा रहे प्रदीप चौधरी भी पहुंचे मौके पर।

# मैराथन दौड़ में पिंकी, हरीश व निशा रहे अव्वल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के निर्देशों के अनुपालन में आज रेड रिबन यूथ फेस्ट के युवा उत्सव के अन्तर्गत रेड रन मैराथन दौड़ प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया गया जिसमें युवा पुरुष, महिला एवं ट्रान्सजेंडर तीनों ग्रुप की अलग-अलग मेराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें पिंकी, हरीश व निशा अव्वल रही।

गांधी पार्क स्थित डा. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में रेड रिबन यूथ फेस्ट के युवा उत्सव के अन्तर्गत रेड रन मैराथन प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया गया जिसमें युवा पुरुष, महिला एवं ट्रान्सजेंडर तीनों ग्रुप की अलग-अलग मेराथन दौड़ हुई। सभी वर्गो की मैराथन दौड़ को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा़ प्रवीण कुमार, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी राहुल चोपड़ा और जिला क्षय रोग अधिकारी डा़ सर्वेश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया जिसमें महिला वर्ग में पिंकी को प्रथम स्थान, मीनू सैनी को द्वितीय स्थान एवं राशि को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार पुरूष वर्ग में हरीश को प्रथम, निखिल को द्वितीय एवं एलन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ और ट्रांनजेंडर (टीजी) वर्ग में नौशाद (निशा) को प्रथम, विकास को द्वितीय एवं इम्तियाज (चाहत) को तृतीय स्थान हासिल हुआ। सभी विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र भेंट प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान विजेताओं को जिला एड्स नियंत्रण सोसाइटी की और से प्रमाण पत्र वितरित किये गये एवं सभी युवाओं को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा एड्स से बचाव की जानकारी दी गयी। संचालन स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक एम. पी. सिंह चावला ने किया। इस मौके स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यक्रम में विशेष सहयोग देने के लिये स्टेडियम के निर्णायक एथलेटिक्स प्रशिक्षक लाल धर्मेंद्र प्रताप, पोपीन कुमार, अंकित गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के पीपीएम को-आर्डिनेटर परवेन्द्र यादव, दिशा के सीपीएम अमित एवं संदीप तथा जन चेतना की पूजा एवं टीआई के सुधांशु स्टेडियम की खुशी कुमारी, ममता आदि का विशेष योगदान रहा।



# डीआईजी से मिला खटीक समाज

**सहारनपुर।** भारतीय खटीक महासभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीआईजी से मिलकर बुढाना में हुई मोनू खटीक की हत्या पर गहरा रोष प्रकट करते हुए कहा की पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है पुलिस साज करके अपराधियों को बचाना चाहती है जिससे खटीक समाज में भारी रोष है।

संगठन के पूर्व अध्यक्ष राकेश जौहरी खटीक ने बताया कि मोनू अपनी बहन से मिलने जा रहा था कि रास्ते में कर्बला मोहल्ले में मुस्लिम समाज के लोगों ने उसे रंजिश के तहत साजिश करके पीट-पीट कर मार दिया नामजद हत्यारों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है मुख्य आरोपी इसरार को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद भी थाने से ही छोड़ दिया जिससे पता चलता है की पुलिस अपराधियों से साठ गांठ कर चुकी है हत्यारे अपराधी किस्म के गिरोहबद्ध लोग हैं मुख्य अपराधी इसरार पर पहले भी कई मुकदमे हत्या के प्रयास हथियारों की सप्लाई और भूमि कब्जे के लग चुके हैं ऐसे में इन लोगों का खुला घूमने समाज के लिए बहुत हानिकारक है। भारतीय खटीक महासभा मांग करती है कि तुरंत सभी हत्यारों एवं साजिश कर्ताओं को अविलम्ब गिरफ्तार किया जाए एवं पीड़ित के परिवार को मुआवजे की प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराई जाये न्याय न मिलने पर खटीक समाज आंदोलन करने को मजबूर होगा।

प्रतिनिधि मंडल में संगठन के संस्थापक राजेश जौहरी, महामंत्री डॉ पवन सवाई, प्रदेश अध्यक्ष नाथीराम पठडिया, महामंत्री आकाश पँवार, कार्यकारी अध्यक्ष विजेंद्र जौहरी,भाजपा नेता जसबीर पार्षद सुभाष चंद, संदीप तोमर, प्रवीण मोघा, नरेश धारिया, सुरेश रोड, साहिल खटीक, प्रदीप तोमर, प्रभात खटीक, संजय कुमार श्याम चौहान, नाथीराम जौहरी गिनू शामिल रहे।

# धूमधाम से निकाली 26 छड़ियों की शोभायात्रा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहर में मंगलवार की रात 26 छडियों की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी।

सभी छडिया भूतेश्वर मंदिर पर एकत्रित हुई। जहां से शोभायात्रा के रूप में अग्रवाल धर्मशाला पहुंची जहां आचार्य पंडित प्रगीत कौशिक व गुग्गा म्हाडी सभा के चौ. अनिल प्रताप सैनी ने दीप प्रज्जवलित किया। इसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा छडियों का पूजन कर जाहरवीर गोगा महाराज का आशीर्वाद लिया गया। कोषाध्यक्ष विकास सैनी महामंत्री विनय सिंघल जंग बहादुर राकेश राजेंद्र ओम प्रकाश विकास उपाध्याय 26 छडियो के सभी भक्त शामिल रहे।

बाद में गुग्गा म्हाडी सुधार सभा के पदाधिकारी चौ. अनिल प्रताप सैनी के नेतृत्व में नगर आयुक्त से मिले और ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि म्हाडी स्थल मानकमऊ में जो सरोवर बनाया गया है उसका पानी निकाला जाये। जब तक वहां समुचित व्यवस्था न हो जाये। क्योंकि इस सरोवर में डूबने से एक बच्चे की मौत हो चुकी है और भविष्य में ऐसा न हो इसलिए सभा की मांग को अमली जामा पहनाया जाये।

उन्होने सरोवर की दीवारे और ऊंची कराकर तारबाड कराये जाने की मांग की ताकि कोई असामाजिक तत्व वहां न घुस सके।

# जगह-जगह कूड़े व गंदगी के ढेर

**गंगोह।** मोहल्ला गुलाम ओलिया में एक सप्ताह से सफाई कर्मी के न आने से जगह जगह कूडें व गन्दगी के ढेर लग गये है।

इसके अलावा लोगों की जिंदगी जलभराव के बीच कट रही है। एक अर्से से जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण गंदा पानी रास्ते में जमा रहता है। बारिश वाले दिन तो दो से तीन फुट पानी सड़क पर भर जाता है, और घरों व दुकानों में घुस जाता है। जलभराव से निकलना तक दुश्वार हो जाता है। सफाई व जलभराव की समस्या को लेकर मोहल्लेवासी नगरपालिका के चक्कर काट काट कर थक चुके है। मगर कोई समाधान होता नही दिख रहा है। सभासद भूरा मंसूरी, फैसल सभासद, समीर कुरैशी, अकरम मलिक, सरवर, इकराम कि गंदगी के ढेरो की सफाई व जल निकासी न होने से नागरिक बीमारियों की चपेट में आ सकते है।

# जल शक्ति मंत्री ने किया निरीक्षण भवन का लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/सरसावा।** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह द्वारा पिलखनी निरीक्षण भवन का लोकार्पण किया गया। इस दौरान उन्होंने पिलखनी निरीक्षण भवन का निरीक्षण किया तथा सम्बंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने निरीक्षण भवन के परिसर में रूद्राक्ष का पौधा भी रोपित किया। पिलखनी निरीक्षण भवन के साथ-साथ सिंचाई की 4 नग परियोजना जिनकी स्वीकृत लागत 1609.22 लाख रूपये का लोकार्पण किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से 14 नग ग्रामों की 4743 हेक्टेयर भूमि एवं 25,600 आबादी लाभान्वित हुई तथा 02 नग सिंचाई परियोजना स्वीकृत लागत रूपए 21.04 लाख का शिलान्यास किया गया। इसके साथ-साथ जनपद की 7 नग बाढ परियोजनाऐं जिनकी स्वीकृत लागत रूपए 2698.44 लाख का लोकार्पण किया गया। बाढ़ परियोजनाओं के पूर्ण होने से 33 नग ग्रामों की 727 हेक्टेयर भूमि एवं 61,800 आबादी लाभान्वित हुई। इसके पश्चात मंत्री द्वारा सिंचाई विभाग के अधिकारियों को वर्तमान में चल रहे बाढ़काल के दौरान बाढ़ स्थलों की बाढ़ सुरक्षार्थ निगरानी हेतु निर्देश दिये गये। लोकार्पण के समय राज्य मंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास जसवंत सिह सैनी, विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी, विधायक नगर राजीव गुम्बर, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, डीएम मनीष बंसल, एसएसपी आशीष तिवारी उपस्थित रहे।



# 3 साल गुजरने के बाद भी पानी टंकी का निर्माण कार्य नहीं हुआ पूरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेडा अफगान।** ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को स्वच्छ जल मिले इसके लिये केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकियों का निर्माण किया जा रहा है लेकिन जनपद में कई ऐसी जगह भी हैं जहाँ पर दो-तीन साल पहले टंकियों के निर्माण का कार्य शुरू तो हुआ लेकिन आज तक भी पूर्ण नहीं हुआ और लोग आज भी स्वच्छ जल की आस में बैठे हुए हैं।

नकुड ब्लॉक के गांव दौलतपुर उर्फ चापरचिडी में भी 10 अक्टूबर 2022 में जल जीवन मिशन के तहत टंकी का निर्माण शुरू हुआ था लेकिन लगभग 3 साल गुजरने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। गांव की जनसंख्या लगभग 2500 के करीब है और यहां पर लगभग 1300 के करीब मतदाता हैं। ग्राम प्रधान प्रेमचंद सैनी के प्रस्ताव पर ग्राम समाज की जमीन में लगभग 3 साल पहले कार्य शुरू हुआ था। लगभग 4 करोड़ की लागत का यह प्रोजेक्ट था। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग 3 साल का समय पूरा होने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। गांव में टंकी की पाइपलाइन भी बिछ चुकी है और टंकी का सबमर्सिबल बोरिंग भी हो चुका है लेकिन निर्माण कार्य ठप्प पड़ा है। ठेकेदार और मजदूर भी जा चुके हैं।




ग्रामीणों का कहना है कि स्वच्छ जल का उनका सपना अभी भी पूरा नहीं हो पा रहा है।

गांव का पानी दूषित हो चुका है और स्वच्छ जल के लिए लगभग 300 फुट बोरिंग करना पड़ता है जिसका खर्चा लगभग 40 से 45 हजार रुपये आता है जिसे गरीब आदमी वहन नहीं कर सकता। मजबूरी में गांव वालों को दूषित जल ही पीना पड़ रहा है।

## दूषित जल से कैंसर की चपेट में लोग: प्रेमचंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेडा अफगान।** ग्राम प्रधान प्रेमचंद सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में लगभग आधा दर्जन लोग कैंसर से पीड़ित है जिसकी मुख्य वजह दूषित जल है।

उन्होंने बताया कि 2 साल में यह निर्माण कार्य पूरा होना था लेकिन एनकेजी प्राइमस जेवी कंपनी और विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से यह कार्य अधर में लटका हुआ है। ग्राम प्रधान ने बताया कि टंकी निर्माण के लिए वह लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन सकारात्मक परिणाम नहीं निकल रहे हैं।

## क्या कहते हैं जिम्मेदार अधिकारी

**खेडा अफगान।** जल निगम के एई अनुज चौधरी से जब हमने टंकी निर्माण के अधर में लटकने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया गांव दौलतपुर उर्फ चापरचिडी में बनने वाली इस टंकी के निर्माण कार्य का समय सरकार ने बढ़ा दिया है। 2025 तक इस टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

# बिजेन्द्र के निधन पर व्यक्त की शोक संवेदना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर प्रभारी भाजपा, पूर्व प्रधान मंजू शर्मा एडवोकेट के पति शिक्षक नेता बिजेन्द्र शर्मा के निधन पर शोकाकुल परिवार को जिला प्रभारी देवेंद्र कुमार शर्मा ने शोक सात्वना दी।

इस दौरान उन्होंने बिजेंद्र कुमार शर्मा के निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि पार्टी के प्रति उनकी श्रद्धा थी. संगठन में उनका चिंतन हमेशा से ही समर्पित भाव का रहा. वे हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगे ऐसे जुझारू और हितचिंतक शिक्षक नेता इतिहास में अपना नाम दर्ज करवाकर हमेशा के लिए अमर हो जाते हैं भगवान उनकी आत्मा को शान्ति दें मैं उन्हें अपनी श्रद्धांजलि निवेदित करता हू उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है।

इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष यशवंत राणा, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चेतन सैनी, मंडल अध्यक्ष अमित सेन, वरिष्ठ पत्रकार अरविंद शाडिल्य, प्रमोद शर्मा, आकाश पंडित, आशीष शर्मा, अक्षय शर्मा, गौरव शर्मा, प्रदीप चौधरी, दिनेश शर्मा, संदीप रोहिल्ला, मांगे राम शर्मा, डॉ अशोक कुमार, तेजपाल सेन, सागर सैनी, आदि मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 21 अगस्त 2025

## निशाने पर पीएम-सीएम

केंद्र सरकार ने बुधवार को संसद में एक बिल पेश किया है, जिसमें गिरफ्तारी या 30 दिन हिरासत पर पीएम-सीएम का पद समाप्त हो जाएगा। यह 5 साल से अधिक सजा वाले अपराध में लागू होगा। सरकार ने इस बिल को जेपीसी को भेज दिया है, वहीं विपक्ष ने विरोध किया है। जैसे ही गृहमंत्री अमित शाह ने इस बिल को पेश किया, तो विपक्षी सदस्यों ने वेल में आकर हंगामा शुरू कर दिया।

विपक्ष का तर्क है कि इस बिल के बहाने मोदी सरकार देश की न्याय व्यवस्था को कमजोर करना चाह रही है, जिसे वे नहीं होने देंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में इससे संबंधित तीन बिल पेश किए। तीनों विधेयकों के खिलाफ लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने तीनों बिलों को वापस लेने की मांग की। ये तीनों बिल अलग-अलग इसलिए लाए गए हैं, क्योंकि केंद्र सरकार, राज्य सरकार और केंद्र शासित राज्यों के लीडर्स के लिए अलग-अलग प्रावधान हैं। विपक्ष ने इस बिल को महा-आपातकाल से भी बढ़कर बताया और कहा कि यह भारत के लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए समाप्त करने वाला कदम है। यह कठोर कदम भारत में लोकतंत्र और संघवाद के लिए मृत्यु-घंटी है। आखिर इस बिल में ऐसा क्या है, जिसका विपक्ष विरोध कर रहा है।

केंद्र शासित प्रदेश सरकार विधेयक 2025 के अनुसार केंद्र शासित प्रदेश सरकार अधिनियम, 1963 के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए सीएम या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे मामलों में केंद्र शासित प्रदेश सरकार अधिनियम, 1963 की धारा 45 में संशोधन करने की जरूरत है। वहीं संविधान विधेयक, 2025 के उद्देश्यों के अनुसार, संविधान के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए ऐसे मामलों में संविधान के अनुच्छेद 75, 164 और 239एए में संशोधन की जरूरत है। इसके साथ ही जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक, 2025 के उद्देश्यों के अनुसार, जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए ऐसे मामलों में सीएम या मंत्री को हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करने हेतु जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 में संशोधन की जरूरत है। विपक्ष का कहना है कि ऐसे बिलों की आड़ में सरकार संविधान बदलना चाहती है, जिसे किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा।

### पुलिस स्टेट बन जाएगा देश



संविधान संशोधन विधेयक संविधान में निहित शक्ति-विभाजन के सिद्धांत का उल्लंघन है और जनता के जरियें चुनी हुई सरकारों के अधिकार को कमजोर करता है, इससे कार्यकारी एजेंसियों को खुली छूट मिल जाएगी कि वे मामूली आरोपों और शक के आधार पर ही जज और जल्लाद दोनों बन जाएं, यह सरकार किसी भी कीमत पर देश को पुलिस स्टेट में बदलने पर तुली हुई है, यह कदम चुनी हुई सरकारों पर सीधा हमला है और लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने वाला है, अगर इन विधेयकों को लागू किया गया, तो यह भारत के लोकतंत्रपर डेथ नेल (अंतिम वॉर) साबित होगा।

**-असदुद्दीन ओवैसी**
**सांसद, एआईएमआईएम**

# जननायक राहुल गांधी का एक दांव और एनडीए की धड़कनें तेज



**तसलीम कुरैशी**



देश की सियासत बहुत तेजी से करवटें बदल रही है साथ ही जननायक की भूमिका में आए कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की स्वीकार्यता देश में बहुत तेजगति से बढ़ती जा रही है। नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी की सियासी गुगली में मोदी की भाजपा सहित एनडीए भी फंसता दिखाई दे रहा है। उपराष्ट्रपति के चुनाव का मुकाबला रोचक हो गया है, क्योंकि यह मुकाबला दक्षिण के दो नेताओं के बीच होने की संभावना बढ़ गई है। उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर राजनीति में बड़ा धमाका हो चुका है।

एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को हराने के लिए नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी ने मोदी स्टाइल में ही मास्टर स्ट्रोक चल दिया है उसका सियासी तोड़ मुश्किल नजर आ रहा है एनडीए खेमे में काफी बेचैनी महसूस की जा रही है। जननायक जब यह कहते हैं कि भाजपा ने बिहार में चुनी हुई सरकार चोरी की। 20 सालों से युवाओं का भविष्य चोरी किया। अब यहां के गरीबों से उनका वोट चोरी कर रहे हैं। बिहार के लोग ये चोरी रोकेंगे, 2 दशक का हिसाब भी लेंगे और वोट से जवाब भी देंगे तो जनता एक सुर में आवाज मिलाती नजर आती है। नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी मोदी सरकार को शुरू से ही घेरने का काम कर रहे हैं। वोट चोरी को लेकर वह एक बड़े आंदोलन को देश में खड़ा करने की ओर बढ़ रहे हैं।

इसकी शुरुआत वह बिहार से कर चुके हैं और उन्हें वहां अच्छे पैमाने पर समर्थन मिल रहा है। इस आंदोलन को जनता के मिल रहे सहयोग की बिहार की सड़कें गवाही दे रही है कि राहुल गांधी अब सिर्फ राहुल गांधी नहीं रहे अब वह जननायक बन गए हैं और यह बात नरेन्द्र मोदी सहित आरएसएस को परेशान कर रही है। राहुल गांधी को लेकर देशभर में प्रोपेगैंडा किया गया था कि शहजादे है पप्पू है पता नहीं क्या-क्या संघियों ने प्रचारित किया था, लेकिन हकीकत उसके उलट थी और है वह बहुत ही सिद्धांतवादी इंसान हैं इंसान मतलब इंसान।

इंसान के रूप में हैवान नहीं जैसा कि आज लोग हैं इंसान नहीं हैवानियत रूप धारण किए हुए हैं जबकि राहुल गांधी सभ्यताओं से भरपूर हैं जिसको देख मन सुखी हो उठता है। उनके द्वारा किए जा रहे आंदोलन में आ रही अपार भीड़ इसका प्रमाण है कि राहुल गांधी अब सिर्फ राहुल गांधी नहीं रह गए हैं वह जननायक बन गए हैं। बच्चे हों बड़े बुजुर्ग हों या जवान महिला हों या पुरुष सब एक झलक पाने को आतुर रहते हैं यही नहीं उनके द्वारा वोट चोरी को लेकर जो बातें की गई हैं या की जा रही हैं उसे वह सही मान रहे हैं और उसका समर्थन कर रहे हैं जो नरेन्द्र मोदी के लिए खतरे की घंटी है जिसको नरेन्द्र मोदी सहित पुरा संघ परिवार समझ चुका है कि अब सत्ता की उलटी गिनती शुरू हो गई है। अब सबसे ज्यादा मुश्किल में पहले चंद्रबाबू नायडू हैं जो एनडीए का हिस्सा होकर भी अपने ही आंध्र प्रदेश से उतरे विपक्षी उम्मीदवार को कैसे नकारें?

दूसरा नाम उसी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी हैं जो कि राजनीति में अपने अस्तित्व को बचाने की जुगत में हैं लेकिन वोट देने में फंसा दुविधा जाल और तीसरे तेलंगाना राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) हैं जो कि तेलंगाना की सियासत के बेताज बादशाह कहे जाते थे या है, अब खुद को किस ओर जाएं की दुविधा में पाते हैं। विपक्ष ने चतुराई दिखाते हुए बी. सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है, जिनका ताल्लुक आंध्र प्रदेश से यानी दक्षिण से ही है। यानी उपराष्ट्रपति के चुनावी खेल में दक्षिण का मुकाबला दक्षिण से ही होगा सियासत भी कितनी अजीबोगरीब होती है कभी कैसे तो कभी कैसे रंग बदल लेती है, जिससे एनडीए के सहयोगियों को सबसे ज्यादा असहज होना पड़ेगा। यहां एक सवाल सबसे बड़ा यह भी है जबसे नरेन्द्र मोदी ने तीसरा कार्यकाल शुरू किया था तबसे ही मुंह बाएं खड़ा है जब 2024 के चुनावी परिणाम घोषित हो गए और यह तय हो गया था कि भाजपा की ही सरकार बनेगी, तो भाजपा ने पार्टी की संसदीय दल की बैठक क्यों नहीं बुलाई थी।

क्या नरेन्द्र मोदी को इस बात खतरा था कि कहीं आरएसएस खेला ना कर दे क्यों एनडीए के संसदीय नेताओं की बैठक में ही नरेन्द्र मोदी ने अपने नाम पर मुहर लगवाई थी क्या नरेन्द्र मोदी और आरएसएस के बीच चल रही रस्साकशी वजह तो नहीं थी। अगर थी तो क्या अब वह सियासी चिंगारी भड़केगी या वैसे ही फुसफुसा कर ही रह जाएगी जैसे 2024 में रह गई थी क्योंकि उपराष्ट्रपति पद के एनडीए प्रत्याशी संघ की पृष्ठभूमि से ही आते है। यह दांव सिर्फ उपराष्ट्रपति चुनाव का नहीं है, बल्कि एनडीए की एकजुटता की असली परीक्षा है। हो सकता है कि एनडीए की पहली बड़ी दरार इसी चुनाव में खुलकर सामने आ जाए अगर यह आशंका सही साबित हुई तो नरेन्द्र मोदी सरकार के सामने भी संकट खड़ा दिखाई देगा और इस संकट से निपटना मुश्किल हो सकता है, तो सवाल यह है कि क्या चंद्रबाबू नायडू, जगन मोहन रेड्डी और तेलंगाना के केसीआर पार्टी लाइन पर चलेंगे या फिर अपने ही राज्य की जमीन से उठे उम्मीदवार के खिलाफ जाकर अपनी राजनीति की सियासी कब्र खोदेंगे और अगर ऐसा हुआ, तो क्या एनडीए की मजबूती सिर्फ नाम की रह जाएगी?

> क्या नरेन्द्र मोदी को इस बात खतरा था कि कहीं आरएसएस खेला ना कर दे क्यों एनडीए के संसदीय नेताओं की बैठक में ही नरेन्द्र मोदी ने अपने नाम पर मुहर लगवाई थी क्या नरेन्द्र मोदी और आरएसएस के बीच चल रही रस्साकशी वजह तो नहीं थी। अगर थी तो क्या अब वह सियासी चिंगारी भड़केगी या वैसे ही फुसफुसा कर ही रह जाएगी जैसे 2024 में रह गई थी क्योंकि उपराष्ट्रपति पद के एनडीए प्रत्याशी संघ की पृष्ठभूमि से ही आते है। यह दांव सिर्फ उपराष्ट्रपति चुनाव का नहीं है, बल्कि एनडीए की एकजुटता की असली परीक्षा है। हो सकता है कि एनडीए की पहली बड़ी दरार इसी चुनाव में खुलकर सामने आ जाए अगर यह आशंका सही साबित हुई तो नरेन्द्र मोदी सरकार के सामने भी संकट खड़ा दिखाई देगा और इस संकट से निपटना मुश्किल हो सकता है, तो सवाल यह है कि क्या चंद्रबाबू नायडू, जगन मोहन रेड्डी और तेलंगाना के केसीआर पार्टी लाइन पर चलेंगे या फिर अपने ही राज्य की जमीन से उठे उम्मीदवार के खिलाफ जाकर अपनी राजनीति की सियासी कब्र खोदेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मलेरिया रोकथाम के दो नए प्रयास

**वैज्ञानिक उक्त तकनीकों को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन सतर्क भी हैं। यह सफल रहे तो भी इनका उपयोग मच्छरदानी, दवाइयों और कीटनाशकों जैसी अन्य रोकथाम विधियों के साथ मिलाकर ही करना होगा और कुछ सवाल अभी अनुत्तरित हैं। जैसे, क्या मच्छर या मलेरिया परजीवी इस तरह की सुरक्षा के प्रतिरोधी हो जाएंगे? ऐसे मच्छर प्रकृति में छोड़े गए, तो पर्यावरण व पारिस्थितिकी पर दीर्घकालिक असर क्या होंगे? अनचाहे परिणामों से बचाव कैसे किया जाएगा?**

मलेरिया रोकथाम के दो नए उपाय सामने आए हैं। एक उपाय में इंसानी खून को मच्छरों के लिए जहरीला बनाने का प्रयास किया गया है ताकि काटते ही मच्छर मर जाएं। दूसरे उपाय में कोशिश यह है कि मच्छरों को मलेरिया परजीवी के लिए अनुपयुक्त बना दिया जाए।

पहले उपाय में आइवरमेक्टिन नामक एक दवा का उपयोग शामिल है। यह दवा न केवल कृमियों को मारती है बल्कि जूं जैसे कीटों का भी खात्मा करती है। इसके अलावा जब कोई व्यक्ति इसे गोली के रूप में लेता है, तो उसका खून पीने वाले कीट भी मर जाते हैं। विचार यह आया कि यदि मच्छर ऐसे व्यक्ति को काटें जिसने हाल ही में आइवरमेक्टिन ली हो, तो क्या वे भी मर जाएंगे? और अगर एक साथ पूरा समुदाय यह दवा ले ले, तो क्या मच्छरों की संख्या घट सकती है?

प्रयोगशाला परीक्षण के नतीजे काफी उत्साहजनक रहे। एक दिन पहले आइवरमेक्टिन लेने वाले लोगों के खून पर पले 73 प्रतिशत मच्छर दो दिन में मर गए, जबकि नियंत्रण समूह में केवल 31 प्रतिशत। लेकिन असली चुनौती वास्तविक दुनिया में इसके असर को साबित करना था। अक्टूबर 2023 में दक्षिण केन्या के क्वाले काउंटी में एक बड़ा परीक्षण बरसात के मौसम की शुरुआत में हुआ, जब मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ती है। अध्ययन में 84 बस्तियों को शामिल किया गया था। आधी बस्तियों के लोगों को तीन महीने तक, हर महीने आइवरमेक्टिन दी गई और बाकी आधों को परजीवी नाशी दवा अल्बेंडेजोल दी गई, जो मच्छरों पर कोई असर नहीं करती। अगले छह महीनों में आइवरमेक्टिनसमूह में बच्चों में मलेरिया के नए मामलों में 26 प्रतिशत की कमी आई। हालांकि कई वैज्ञानिक इस नतीजे से सहमत नहीं है। एक तो, 26 प्रतिशत की कमी व्यापक इस्तेमाल के लिए पर्याप्त नहीं है। दूसरा, यह दवा गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को नहीं दी जा सकती।

इसके अलावा बुर्किना फासो के दो परीक्षणों और गिनी-बिसाऊ (2024) के एक परीक्षण में कोई खास फायदा नहीं दिखा था। हालांकि, केन्या परीक्षण थोड़ा अलग था - दवा बरसात की शुरुआत में ही दे दी गई थी, जब मच्छर तेजी से बढ़ते हैं, और कई बार दी गई। एक अतिरिक्त फायदा यह हुआ कि खुजली और जुओं का भी सफाया हो गया। फिर भी इसकी कई चुनौतियां हैं। गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए यह दवा सुरक्षित नहीं है। हर खुराक के बाद दवा खून में कुछ ही दिनों तक प्रभावी रहती है। लंबे समय तक असर करने वाले संस्करणों पर फिलहाल शोध चल रहा है। मलेरिया के मामलों में महज 26 प्रतिशत कमी लागत और मेहनत के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO का नियम है कि जब तक कम से कम दो बड़े और उच्च-गुणवत्ता वाले परीक्षणों में मजबूत सुरक्षा न दिखे, किसी तरीके को बड़े पैमाने पर अपनाने की सिफारिश नहीं की जा सकती। शोधकर्ता भी उपरोक्त शंकाओं को दूर करने की दिशा में और शोध कार्य करने की योजना बना रहे हैं।

दूसरा तरीका मच्छरों को ही मलेरिया के खिलाफ हथियार बनाने का है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक नए अध्ययन में मच्छरों के जीन में बदलाव करके उन्हें मलेरिया परजीवी प्लाज्मोडियम का वाहक बनने से रो. कने का प्रयास किया गया है। आगे, जीन ड्राइव नामक तकनीक से इस गुण को तेजी से मच्छरों की आबादी में फैलाया जा सकता है। आम तौर पर मच्छर अपने जीन का आधा हिस्सा ही अगली पीढ़ी को देते हैं। लेकिन जीन ड्राइव एक खास आनुवंशिक तकनीक है, जो इस नियम को बदल देती है।

यह चुने हुए जीन को लगभग सभी संतानों में पहुंचाती है, जिससे वह तेजी से पूरी आबादी में फैल जाता है। यह तरीका कारगर तो है, लेकिन विवादास्पद भी है, क्योंकि इससे किसी प्रजाति में स्थाई और बड़े पैमाने पर बदलाव हो सकते हैं, जिनके पर्यावरण पर अनजाने असर पड़ सकते हैं। इसलिए नए शोध में वैज्ञानिकों ने कृत्रिम जीन बनाने की बजाय, मच्छरों में पहले से प्राकृतिक रूप से मौजूद एक उत्परिवर्तन का सहारा लिया। इस उत्परिवर्तन के चलते कुछ एनॉफिलीज गैंबिया मच्छरों में एक प्रोटीन का थोड़ा बदला हुआ रूप पाया जाता है। यह बदला हुआ प्रोटीन मलेरिया परजीवी को मच्छर के शरीर में अपना जीवन-चक्र पूरा करने में मुश्किल पैदा करता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# वोट चोरी का मुद्दा: तू इधर-उधर की बात न कर...



**निर्मल रानी**



भारत में इन दिनों वोट चोरी का मुद्दा आम लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में होने वाले चुनावों की हालांकि पूरे विश्व में सराहना की जाती है परन्तु यह भी सही है कि इन चुनावों की पारदर्शिता को लेकर भी दशकों से सवाल उठते रहे हैं। आज यदि ईवीएम से होने वाली कथित धांधली पर सवाल उठाया जाता है तो बैलेट पेपर और मत पेटी के दौर में बूथ कैप्चरिंग व वोट गिनती में धांधली के आरोप भी लगते रहे हैं परन्तु पिछले दिनों इस सम्बन्ध में उठा विवाद कुछ ज्यादा ही तूल पकड़ गया है।

इस विवाद में एक तरफ भारतीय जनता पार्टी व चुनाव आयोग है तो दूसरी तरफ कांग्रेस के नेतृत्व में इण्डिया गठबंधन के सभी दल। यह विवाद दरअसल 2024 के लोकसभा चुनाव व कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद उस समय शुरू हुआ, जब कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने चुनाव आयोग पर मतदाता सूची में गड़बड़ियों और वोटर फ्रॉड के गंभीर आरोप लगाए।

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित अनेक विपक्षी नेताओं ने दावा किया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी कर चुनावों में बेईमानी की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा और बिहार जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और डुप्लिकेट वोटर की प्रविष्टियां बनाई गई हैं। कि कई जगह तो मतदाताओं के नाम सूची से भी हटा दिए गए हैं।

इस संबंध में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग द्वारा ही उपलब्ध कराए गए वोटर लिस्ट के विशाल भंडार के शोध के आधार पर ही विशेष रूप से कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण दिया। उन्होंने अपनी पड़ताल में पाया कि अकेले महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में ही डुप्लिकेट प्रविष्टियों और फर्जी पतों के द्वारा 1,00,250 वोट चुराए गए। विपक्ष के मुताबिक इस तरह की गड़बड़ियों के कारण ही कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को 2024 के चुनाव में पराजय हुई। विशेष रूप से उन सीटों पर जहां हार का अंतर 50,000 वोटों से कम था। राहुल गांधी ने तो यहां तक दावा किया कि इसी वोटर फ्रॉड की वजह से ही कांग्रेस को लगभग 70 लोकसभा सीटों का नुकसान हुआ। इसी बीच बिहार में निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनावों से पूर्व चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण Special Intensive Revision - SIR का काम शुरू कर दिया। इस प्रक्रिया में बिहार की मतदाता सूची से लगभग 65 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए, जिसे विपक्ष ने वोट चोरी का हिस्सा बताया। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए चुनाव आयोग को इन हटाए गए नामों का विवरण और कारण सार्वजनिक करने का निर्देश दिया।

उसके बाद ही चुनाव आयोग ने इन्हें सार्वजनिक किया। एक तरफ तो विपक्ष अर्थात इण्डिया गठबंधन, इस पूरे प्रकरण को लेकर चुनाव आयोग की बीजेपी के साथ मिलीभगत का आरोप लगा रहा है जबकि बीजेपी व चुनाव आयोग इसे विपक्ष की बौखलाहट और अनर्गल आरोप करार दे रहे हैं। पहले भी चुनाव आयोग विपक्ष के इस तरह के आरोपों को बार-बार खारिज करता रहा है, परन्तु कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक ने इस मुद्दे को जनता तक ले जाने के लिए वोट चोरी से आजादी अभियान शुरू किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गत 17 अगस्त, 2025 को चुनावी राज्य बिहार के सासाराम से अपनी 16 दिवसीय मतदाता अधिकार यात्रा शुरू की।

1,300 किलोमीटर की यह यात्रा 1 सितंबर को पटना में एक विशाल रैली के साथ समाप्त होगी, जिसमें विभिन्न भारतीय राजनैतिक दलों के नेता शामिल होंगे। दूसरी तरफ ठीक उसी दिन व उसी समय यानी 17 अगस्त 2025 को ही चुनाव आयोग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कहा कि मतदाता सूची की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत है। आयोग ने यह भी कहा कि राजनीतिक दलों को मतदाता सूची की जांच के लिए समय दिया जाता है, लेकिन विपक्ष ने समय पर आपत्तियां दर्ज नहीं कीं। आयोग ने राहुल गांधी से उनके आरोपों के समर्थन में शपथ पत्र मांगते हुए कहा कि यदि उन्होंने एक सप्ताह में अपनी आपत्तियों से सम्बंधित हलफनामा नहीं दिया तो उन्हें देश से मुआफी मांगनी पड़ेगी। अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में सी सी टी वी फुटेज को लेकर भी चुनाव आयोग ने कई ऐसी बातें कीं जिसे पक्षपातपूर्ण व अतार्किक माना जा रहा है। बहरहाल, विपक्ष व चुनाव आयोग के बीच भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार इस कद्र तल्खी पैदा हुई है। चुनाव आयोग की मनमानी को बेनकाब करने के लिए कांग्रेस ने http://votechori.in के नाम से एक वेब पोर्टल लॉन्च किया है, जहां लोग वोट चोरी के विरुद्ध अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं और डिजिटल मतदाता सूची की मांग का समर्थन कर सकते हैं।

साथ ही कांग्रेस ने टोल फ्री नंबर 9650003420 भी मिस्ड कॉल के लिए जारी किया है। इस पर जनता उन्हें अपना समर्थन व वोट सम्बन्धी अपनी शिकायत दे सकती है। विपक्ष ने इस मुहिम को वोट चोरी से आजादी अभियान का नाम दिया है। इसमें कोई शक नहीं कि अब वोट चोरी के मुद्दे ने देश की राजनीति में उबाल पैदा कर दिया है। पूरा देश इसे एक गंभीर और संवेदनशील मुद्दे के रूप में देख रहा है, क्योंकि चुनाव आयोग व भाजपा की जुगलबंदी ने भारत जैसे विशाल लोकतंत्र की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़ा कर दिया है। विपक्ष तो सीधे तौर पर इसे लो. कतंत्र पर हमला बता रहा है। देश के मतदाता इस समय चुनाव आयोग के पक्षपातपूर्ण रवैये से परेशान होकर यही कहते दिखाई दे रहे हैं कि तू इधर उधर की बात न कर। ये बता कि काफिला क्यों लुटा? मुझे रहजनों से गरज नहीं। तेरी रहबरी का सवाल है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन, फ्रांस यूक्रेन में सैनिक तैनात नहीं करेंगे

**मास्को।** ब्रिटेन और फ्रांस यूक्रेन में अपने हजारों सैनिक तैनात करने का कोई इरादा नहीं है लेकिन तथाकथित 'इच्छुक गठबंधन' यूक्रेन की सुरक्षा की गारंटी के लिए वैकल्पिक तरीकों पर विचार कर रहा है। द टाइम्स अखबार की जारी रिपोर्ट में यह खबर दी गई। जिसके अनुसार 'इच्छुक गठबंधन' यूक्रेन को हवाई और समुद्री हमलों से बचाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। साथ ही वह यूक्रेनी सशस्त्र बलों को फिर से मजबूत करने में मदद के लिए जमीनीस्तर पर सैन्य प्रशिक्षकों को तैनात कर रहा है।

### कराची में बारिश का कहर, 11 लोगों की मौत, 10 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में बारिश जनित हादसों में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि भारी बारिश के कारण कई इलाके झीलों में तब्दील हो गए और अनेक उड़ानें बाधित हुईं तथा बिजली गुल हो गई।बारिश के पानी में डूबने और करंट लगने से भी लोगों की मौत हुई है। राहत एंव बचाव विभाग के अनुसार, दक्षिणी सिंध प्रांत की राजधानी कराची में मंगलवार सुबह से हो रही भारी बारिश के बाद बिजली का करंट लगने, डूबने और दीवार गिरने की घटनाओं में कई लोगों की मौत हो गई।

### नाइजीरिया में मस्जिद पर हमले में तेरह लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तरी राज्य कात्सिना में नमाज के दौरान एक मस्जिद पर बंदूकधारियों के एक समूह द्वारा किए गए हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी है। कात्सिना के आंतरिक सुरक्षा और गृह मामलों के आयुक्त नासिर मुआजू ने स्थानीय मीडिया को बताया कि बंदूकधारियों ने मालुमफशी में मुस्लिम बहुल उन्गुवान मंतौ समुदाय पर हमला किया और सुबह की नमाज के दौरान मस्जिद में नमाजियों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि हमलावरों के 'प्रतिशोध अभियान' पर होने का संदेह है।

### अफगानिस्तान में बस-ट्रक हादसे में 79 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के पश्चिमी प्रांत हेरात में मंगलवार रात हुए सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 79 हो गई है। गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मृतकों में 19 बच्चे भी शामिल हैं। दुर्घटना उस वक्त हुई जब ईरान से हेरात लौट रही बस एक मोटर साईकिल से टकराने के बाद वहां अन्य मिनी ट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद बस में आग लग गई और यात्रियों को बाहर निकलने का मौका भी नहीं मिल सका। यह दुर्घटना इतनी भयानक थी कि आग में जले शवों की पहचान भी मुश्किल हो गई है।



नई दिल्ली। संसद में कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी, LOP राज्यसभा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व इंडिया गठबंधन के नेताओं के द्वारा उप-राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी का अभिनंदन किया गया।

# सुदर्शन रेड्डी लड़ेंगे दमदार चुनावः राहुल गांधी

## उपराष्ट्रपति चुनाव में कांग्रेस ने कसी कमर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन ने पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है। विपक्ष का दावा है कि यह चुनाव सिर्फ एक पद के लिए नहीं, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए है।

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को रेड्डी के समर्थन में एकजुट होकर यह संदेश दिया कि विपक्ष अब संविधान विरोधी ताकतों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने वालों और उस पर हमला करने वालों के बीच की लड़ाई है।

उन्होंने बताया कि रेड्डी ने तेलंगाना में जाति जनगणना पर काम किया और सामाजिक न्याय की दिशा में ठोस दृष्टिकोण तैयार किया। राहुल ने एक दिलचस्प किस्सा साझा करते हुए कहा कि जब उन्होंने रेड्डी से बातचीत की, तो उनकी जेब में संविधान की प्रति थी। रेड्डी ने उन्हें बताया कि वे पिछले 52 वर्षों से संविधान अपने साथ रखते हैं क्योंकि किसी भी कानूनी बहस का अंतिम उत्तर संविधान ही होता है। राहुल ने कहा कि यही प्रतिबद्धता आज देश को चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बीते 11 वर्षों में सत्तारूढ़ भाजपा ने अपनी संसदीय बहुमत का बार-बार दुरुपयोग किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो जैसी स्वायत्त एजेंसियों को विपक्षी नेताओं के खिलाफ इस्तेमाल किया है। खड़गे ने कहा कि अब नए विधेयक भी विपक्षी सरकारों को कमजोर करने और उन्हें अस्थिर करने के औजार बना दिए गए हैं। उनके अनुसार, संसद में लगातार विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है और गंभीर जनहित के मुद्दों पर बहस तक नहीं होने दी जा रही। खड़गे ने जोर देकर कहा कि ऐसे समय में बी. सुदर्शन रेड्डी की उम्मीदवारी विपक्ष की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रेड्डी का जीवन और काम संविधान की आत्मा को दर्शाता है न्याय, करुणा और हर नागरिक को सशक्त बनाने की भावना। विपक्ष का मानना है कि रेड्डी उपराष्ट्रपति पद पर बैठकर न केवल लोकतंत्र की रक्षा करेंगे बल्कि देश को न्याय और एकता की नई दिशा देंगे।

- लोक सभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने समर्थन में एकजुट होकर संदेश दिया
- यह चुनाव संविधान को बचाने वालों और उस पर हमला करने वालों के बीच की लड़ाई है
- राहुल गांधी ने कहाः जब उन्होंने रेड्डी से बातचीत की, तो उनकी जेब में संविधान की प्रति थी



## चीनी विदेश मंत्री वांग ई पाकिस्तान के बजाए अफगानिस्तान पहुंचे

**नई दिल्ली।** चीन के विदेश मंत्री वांग ई अपनी प्रस्तावित पाकिस्तान यात्रा के कार्यक्रम में बदलाव करते हुए अफगानिस्तान पहुंच गए हैं। वह काबुल में छठी चीन-अफगानिस्तान-पाकिस्तान त्रिपक्षीय विदेश मंत्रियों की वार्ता में भाग लेने वहां गए हैं। इस वार्ता में तीनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और क्षेत्रीय सहयोग सहित कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। वांग ई की बीते तीन सालों में यह पहली अफगानिस्तान यात्रा है। पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार इस बैठक में भाग लेने के लिए काबुल पहुंच चुके हैं। अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय ने काबुल में त्रिपक्षीय वार्ता के लिए वांग ई और डार के आगमन की घोषणा करते हुए कहा कि इस बैठक में तीनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और क्षेत्रीय सहयोग सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा होगी।

# भारत पर प्रतिबंध का मकसद रूस पर दबाव

## अमेरिका ने कहाः प्रतिबंध से यूक्रेन जंग रोकने में मदद मिलेगी, भारत पर अब तक 50% टैरिफ लगाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लीविट ने इसकी जानकारी दी। इससे पहले तक ट्रम्प प्रशासन रूस से तेल लेने पर भारत के खिलाफ की गई आर्थिक कार्रवाई को पैनल्टी या टैरिफ बताता रहा है। ट्रम्प ने भारत पर अब तक कुल 50 टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

इसमें 25 प्रतिशत रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ और रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत पैनल्टी है। रेसीप्रोकल टैरिफ 7 अगस्त से लागू हो गया है, जबकि पेनल्टी 27 अगस्त से लागू होगी। लीविट के मुताबिक इसका मकसद रूस पर सेकेंडरी प्रेशर डालना है, ताकि वह युद्ध खत्म करने पर मजबूर हो। लीविट ने दावा किया कि आपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक संघर्ष को रोकने में ट्रम्प ने अहम भूमिका निभाई थी। प्रेस सेक्रेटरी के मुताबिक ट्रम्प ने व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल कर इस संघर्ष को खत्म कराया। लीविट ने कहा कि ट्रम्प ने अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच पीस डील कराई। साथ ही रवांडा और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ कान्गो के बीच संघर्ष खत्म करने में मदद की। व्हाइट हाउस के मुताबिक, फिलहाल ट्रम्प का सबसे ज्यादा ध्यान रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास जंग को खत्म कराने पर है। ट्रम्प पहले भी कई बार भारत-पाक संघर्ष को खत्म कराने का श्रेय खुद को दे चुके हैं। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की थी। ट्रम्प ने इस बातचीत को सफल बताया। वहीं जेलेंस्की ने कहा कि यह अब तक की उनकी सबसे अच्छी बातचीत रही। हालांकि इस दौरान रूस-यूक्रेन के बीच सीजफायर पर सहमति नहीं बनी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल इतनी जल्दी सीजफायर संभव नहीं है। दूसरी ओर अमेरिका ने 6000 से ज्यादा इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के वीजा रद्द कर दिए हैं। जांच में पाया गया कि इनमें से कुछ ने कानून तोड़ा, कुछ वीजा एक्सपायर होने के बाद भी रुके हुए थे, जबकि कुछ गंभीर अपराधों में शामिल थे। अमेरिका में रद्द किए गए 6000 वीजा में से लगभग दो-तिहाई यानी करीब 4000 वीजा धारक अपराधों में शामिल थे। इनमें मारपीट, चोरी और नशे में गाड़ी चलाना शामिल है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि कुछ मामले आतंकवाद से भी जुड़े थे। 2023-24 में अमेरिकी कालेजों में 11 लाख से ज्यादा विदेशी छात्र पढ़ रहे थे। सरकार को चिंता है कि कुछ लोग एजुकेशन वीजा का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। इस वजह से वीजा नियमों की जांच को और सख्त किया जा रहा है। अमेरिका ने 200 से 300 स्टूडेंट वीजा आतंकवाद से जुड़े मामलों की वजह से रद्द किए हैं। इन वीजा को इमिग्रेशन और नेशनैलिटी एक्ट की उस धारा के तहत रद्द किया गया, जो आतंकवाद और सुरक्षा से जुड़ी है। इन मामलों की डिटेल जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। अधिकारियों का कहना है कि इन घटनाओं में न सिर्फ अमेरिकी कानूनों का उल्लंघन किया गया, बल्कि कालेज कैंपस और आम लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा किया गया। अमेरिकी सरकार इंटरनेशनल छात्रों को वीजा देने की प्रोसेस को लगातार सख्त करती जा रही है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कुछ दिन पहले ही 2 सितम्बर से वीजा की ड्राप बाक्स सुविधा यानी इंटरव्यू वेवर प्रोग्राम (आईडब्ल्यूपी) को बंद करने की घोषणा की है।

### यूएस ने 6000 स्टूडेंट वीजा रद्द किए स्टूडेंट में से 4000 अपराध और आतंकवाद में शामिल बताए गए

### हमारे कच्चे तेल का कोई विकल्प नहीं, अमेरिकी दबाव गलतः रूस



**मास्को/ नई दिल्ली।** रशियन आयल खरीदने के चलते भारत पर बनाए जा रहे अमेरिकी दबाव को रूस ने गलत बताया है। सीनियर रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने कहा: भारत इस बात को समझता है कि तेल आपूर्ति को बदलने का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि रूसी तेल भारत के लिए बहुत फायदेमंद है। भारत के लिए रूसी कच्चे तेल पर डिस्काउंट लगभग 5 प्रतिशत है। रोमन बाबुश्किन ने कहा-भारत के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण स्थिति है, लेकिन हमें भारत के साथ अपने संबंधों पर विश्वास है। हमें विश्वास है कि बाहरी दबाव के बावजूद भारत-रूस ऊर्जा सहयोग जारी रहेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक रूस के दूतावास ने ये भी कहा कि ष्अगर भारतीय सामान अमेरिकी बाजार में नहीं जा सकते, तो वे रूस की तरफ जा सकते हैं। दरअसल, अमेरिका ने भारत पर रूसी तेल खरीदने के चलते 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इससे अमेरिका में भारत के सामान महंगे हो जाएंगे।

# फलस्तीन को मान्यता देने पर ऑस्ट्रेलिया-इजरायल में तनाव

## ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने खारिज किए नेतन्याहू के आरोप

**मेलबर्न।** फलस्तीन को मान्यता देने के बाद आस्ट्रेलिया और इजरायल के बीच तनाव बढ़ गया है। इजरायल लगातार आस्ट्रेलिया के इस कदम का विरोध कर रहा है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज पर आरोप लगाया कि वे एक कमजोर राजनेता हैं।

उन्होंने इजरायल को धोखा दिया है। अल्बनीज ने नेतन्याहू के आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने नेतन्याहू को जवाब दिया कि मैं अन्य देशों के नेताओं के साथ सम्मान से पेश आता हूं। मैं उनके साथ कूटनीतिक तरीके से बातचीत करता हूं। आस्ट्रेलिया के पीएम अल्बनीज ने 11 अगस्त को एलान किया था कि आस्ट्रेलिया भी फलस्तीन को मान्यता देगा।

इसके बाद इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि इतिहास अल्बानीज को उनके व्यक्तित्व के लिए याद रखेगा। एक कमजोर राजनेता जिसने इजरायल को धोखा दिया और आस्ट्रेलिया के यहूदियों को त्याग दिया। इसके जवाब में आस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज ने कहा कि मैं इन बातों को व्यक्तिगत रूप से नहीं लेता। वैश्विक चिंता बढ़ती जा रही है क्योंकि लोग हिंसा के चक्र का अंत देखना चाहते हैं। इसे हम बहुत लंबे समय से देखते आ रहे हैं। आस्ट्रेलियाई भी यही देखना चाहते हैं। आस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने आस्ट्रेलिया आ रहे नेतन्याहू के गठबंधन के सदस्य दक्षिणपंथी इजरायली सांसद सिमचा रोथमैन का वीजा रद्द कर दिया। बर्क ने नेतन्याहू पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ वैसा हमला करने का आरोप लगाया, जैसा उन्होंने फलस्तीनी राज्य को मान्यता देने के मुद्दे पर ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, आयरलैंड, नार्वे और स्पेन के खिलाफ किया था। बर्क ने इस बात से इंकार किया कि अल्बनीज कमजोर हैं।

### मैं अन्य देशों के नेताओं के साथ सम्मान से पेश आता हूंः ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज

# व्हाइट हाउस ने टिकॉट अकाउंट शुरू किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 'व्हाइट हाउस' ने आधिकारिक तौर पर अपना टिकटॉक अकाउंट लॉन्च किया। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा इस सोशल मीडिया ऐप को लगभग सितम्बर तक नए मालिक की तलाश करने या फिर देश में प्रतिबंध का सामना करने की समय सीमा संबंधी धमकी के बीच हुआ है।

इस अकाउंट पर मंगलवार दोपहर को पहला वीडियो पोस्ट किया गया। यह 27 सेकंड की एक क्लिप है जिसमें ट्रम्प को अपने समर्थकों के साथ बातचीत करते हुए दिखाया गया है। इसमें 2016 के रिपब्लिकन नेशनल सम्मेलन में उनके स्वीकृति भाषण का 'ऑडियो' भी है। इस वीडियो के कुछ ही घंटों बाद अकाउंट के 57,000 से जयादा 'फॉलोअर्स' हो गए जबकि पिछले साल अपने राष्ट्रपति चुनाव अभियान के लिए ट्रम्प द्वारा इस्तेमाल किए गए टिकटॉक अकाउंट पर 1.5 करोड़ से जयादा फॉलोअर्स हैं।

- ट्रम्प द्वारा इस्तेमाल किए गए टिकटॉक अकाउंट पर 1.5 करोड़ से जयादा फॉलोअर्स

### स्लोवेनिया ने गाजा में सहायता की पहली खेप भेजी

**लजुब्लजाना।** स्लोवेनिया ने जॉर्डन के रास्ते गाजा के लिए मानवीय सहायता की पहली खेप पहुंची है। स्लोवेनिया के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्रालय के भंडार से खाद्य सामग्री और कंबल सहित यह सहायता एक स्पार्टन सैन्य मालवाहक विमान द्वारा पहुंचाई गई है। दो और उड़ानें निर्धारित हैं और सभी आपूर्ति अगस्त के अंत तक पूरी होने की उम्मीद है। मंत्रालय के अनुसार, यह खेप जॉर्डन में अम्मान के पास एक सैन्य हवाई अड्डे पर प्राप्त हुई। रक्षा मंत्री बोरुत साजोविक ने इस अभियान के बारे में बताया कि गाजा में नागरिक लगभग दो वर्षों से संघर्ष झेल रहे हैं।

# ट्रम्प ने वेनेजुएला के पास तीन वॉरशिप भेजे

## ड्रग्स माफिया से निपटना मकसद, वेनेजुएला ने 45 लाख लड़ाके तैनात किए, कहाः अमेरिका पागल हुआ

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने वेनेजुएला के पास तीन वॉरशिप तैनात भेजे है। वॉरशिप अगले कुछ घंटों में वेनेजुएला के तट के पास पहुंच जाएंगे। ट्रम्प प्रशासन ने सोमवार को कहा था कि ये तैनाती ड्रग कार्टेल्स (ड्रग्स की तस्करी करने वाले ग्रुप्स) और इससे जुड़ी हिंसा को रोकने के लिए किया जा रहा है। ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि वेनेजुएला की सरकार ड्रग तस्करी को बढ़ावा दे रही है।

वहीं, वेनेजुएला ने अमेरिका के इन आरोपों को खारिज किया है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने वॉरशिप तैनाती के खिलाफ 45 लाख सैनिकों को तैनात करने का ऐलान किया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, यूएसएस ग्रेवली, यूएसएस जेसन डनहम और यूएसएस सैम्पसन नाम के तीन एजिस गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रायर वॉरशिप जल्द ही वेनेजुएला के तट पर पहुंचेंगे। तीनों वॉरशिप हवा, समुद्र, और पनडुब्बी हमलों से रक्षा करने में माहिर है। इनके साथ 4,000 सैनिक, पी-8ए पोसाइडन विमान, और एक हमलावर पनडुब्बी भी शामिल है। यह अगले कुछ महीनों तक इस इलाके में ड्रग तस्करी के खिलाफ अभियान में शामिल रहेंगे। वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवान गिल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अमेरिका का वेनेजुएला पर ड्रग तस्करी का आरोप उसकी विश्वसनीयता की कमी को दिखाता है। गिल बोले, श्हम शांति और संप्रभुता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका की हर धमकी यह साबित करती है कि वह एक स्वतंत्र देश को झुका नहीं सकता। ट्रम्प प्रशासन मादुरो को दुनिया के सबसे बड़े ड्रग तस्करों में से एक मानता है। अमेरिका ने 8 अगस्त को मादुरो की गिरफ्तारी के लिए इनाम की राशि को दोगुना करके 435 करोड़ रुपये कर दिया। इससे पहले मादुरो पर 217 करोड़ रुपये का इनाम था।



- ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि वेनेजुएला की सरकार ड्रग तस्करी को बढ़ावा दे रही है

# इजरायल ने गाजा पर कब्जे को प्लानिंग को दी मंजूरी

## करीब 60 हजार रिजर्व फोर्स को सरकार ने डयूटी पर बुलाया, कुल 1.30 लाख सैनिक तैनात करेगा

**तेल अवीव।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गाजा सिटी पर कब्जा करने की योजना को मंजूरी दी है। इसके लिए उन्होंने करीब 60 हजार एक्स्ट्रा सैनिकों (रिजर्व फोर्स) को डयूटी पर बुलाने का आदेश दिया है।

इजरायल के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। इजरायल ने गाजा सिटी पर कब्जे के लिए 1.30 लाख सैनिकों को मोर्चे पर तैनात करने का फैसला किया है। सैनिकों को डयूटी जाइन करने से कम से कम 2 हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा। पहली खेप में 2 सितम्बर को करीब 40-50 हजार सैनिक बुलाए जाएंगे। दूसरी खेप नवम्बर-दिसम्बर में और तीसरी फरवरी-मार्च 2026 में बुलाई जाएगी। यह फैसला रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने सेना प्रमुख और सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक के बाद लिया। गाजा सिटी पर कब्जे के अभियान को गिदोन'स चेरीअट्स-बी नाम दिया गया है। इस दौरान पहले से डयूटी कर रहे हजारों रिजर्व सैनिकों की सेवा 30-40 दिन और बढ़ा दी जाएगी। इस कार्रवाई में 5 आर्मी डिवीजन शामिल रहेंगी। इसमें 12 ब्रिगेड-लेवल टीमें होंगी, जिनमें पैदल सेना, टैंक, तोपखाना, इंजीनियरिंग और सपोर्ट यूनिट शामिल होंगी। इसके अलावा गाजा डिवीजन की नार्थ और साउथ ब्रिगेड भी हिस्सा लेंगी। इजरायल यह कदम हमास पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया गया है, क्योंकि गाजा में लगभग दो साल से चल रहे युद्ध को रोकने के लिए एक नई शांति योजना पर काम हो रहा है। इस नई योजना में 60 दिन तक युद्ध रोकने, बंधकों को चरणबद्ध तरीके से छोड़ने, कुछ फलस्तीनी कैदियों को रिहा करने और गाजा में खाने-पीने की चीजें पहुंचाने पर बात हो रही है। कतर ने कहा कि यह योजना पहले की एक योजना जैसी है, जिसे इजरायल ने मंजूर किया था। मिस्र ने कहा कि अब इजरायल को फैसला करना है। इजरायली सेना ने बताया है कि गाजा सिटी पर कब्जे की तैयारी शुरू हो चुकी है। अभी गाजा सिटी के बाहरी इलाकों में आपरेशन चल रहा है। जैतून इलाके में नहल और 7वीं आर्मर्ड ब्रिगेड आपरेशन चला रही है। वहीं एक दूसरे इलाके, जबालिया में गिवाती ब्रिगेड कफ आपरेशन को अंजाम दे रही है। यह अभियान कई स्टेप में चलेगा।



- सैनिकों को डयूटी जाइन करने से कम से कम दो हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा

# नेतन्याहू ने मैक्रों पर यहूदी-विरोधी भावना भड़काने का लगाया आरोप

**तेल अवीव।** इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पर यहूदी-विरोधी भावना भड़काने का आरोप लगाया है। पॉलिटिको ने एक पत्र का हवाला देते हुए बताया कि इजराइल ने फलस्तीन राज्य को मान्यता देने की पेरिस की पहल के बाद यह आरोप लगाया है।

मंगलवार को पॉलिटिको में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू ने मैक्रों को लिखे पत्र में कहा कि फलस्तीन के लिए आपका आह्वान इस यहूदी-विरोधी आग में घी डालने जैसा है-यह कूटनीति नहीं, बल्कि तुष्टिकरण है। यह हमास के आतंक को बढ़ावा देता है, बंधकों को रिहा करने से हमास के इनकार को और मज़बूत बनाता है, फ्रांसिसी यहूदियों को धमकाने वालों को बढ़ावा देता है और यहूदी-घृणा को बढ़ावा देता है, जो अब आपके यहां भी दिखने लगी है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि एलिसी पैलेस (फ्रांस के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) ने नेतन्याहू को जवाब दिया कि फ्रांस 'यहूदी धर्म के अपने देशवासियों की रक्षा करता है और हमेशा करता रहेगा' और इज़राइली प्रधानमंत्री से 'भ्रम और छल-कपट की नहीं, बल्कि गंभीरता और ज़िम्मेदारी की माँग करता है।' मैक्रों के कार्यालय ने कथित तौर पर कहा कि नेतन्याहू के आरोप गलत, घृणित हैं और इनका जवाब दिया जाएगा।

